RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 12 अंक 153
नई दिल्ली, बुधवार, 10 अप्रैल, 2024
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com





असम में बहुविवाह, बाल विवाह चुनावी मुद्दे नहीं : हिमंत
राष्ट्रीय-10


# एमवीए ने किया सीटों का बंटवारा

**● शिवसेना (यूबीटी) 21, कांग्रेस 17, एनसीपी (एसपी) 10 सीट पर लड़ेगी चुनाव**

**पायनियर समाचार सेवा।** मुंबई

**अतिरंजित** दावों, आक्रामक रुख, उतार-चढ़ाव और समझौतों से जुड़ी कई हफ्तों की बातचीत के बाद, विपक्षी महा विकास अघाड़ी (एमवीए) ने मंगलवार को अपने तीन घटकों - शिवसेना (यूबीटी), कांग्रेस और एनसीपी (शरद पवार) के साथ राज्य की सभी 48 लोकसभा सीटों के बंटवारे पर हुए समझौते पर अंतिम मुहर लगा दी। सीट-बंटवारा समझौते के तहत राज्य में शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) 21, कांग्रेस 17 और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) 10 सीट पर चुनाव लड़ेंगी। कांग्रेस ने विवादास्पद सांगली और भिवंडी सीट पर अपना दावा छोड़ दिया और वहां से अब क्रमशः शिवसेना (यूबीटी) और एनसीपी (एसपी) चुनाव लड़ेंगी।

एनसीपी (एसपी) प्रमुख शरद पवार ने कहा कि सहयोगी दलों के बीच किसी भी सीट को लेकर कोई मतभेद नहीं है और राज्य की 48 संसदीय सीट का आवंटन सर्वसम्मति से किया गया। शिवसेना (यूबीटी) के प्रमुख उद्धव ठाकरे ने कहा कि गठबंधन का लक्ष्य भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को हराना है और कांग्रेस की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष नाना पटोले ने कहा कि पार्टी ने इस उद्देश्य को हासिल करने के लिए उदारता का परिचय देने का फैसला किया है। पवार, ठाकरे और पटोले ने कई सप्ताह की बातचीत के बाद यहां एक संवाददाता सम्मेलन में राज्य की 48 संसदीय सीट के लिए चुनावी समझौते की घोषणा की।



मुंबई में प्रेस कांफ्रेस में शिवसेना (यूबीटी) के प्रमुख उद्धव ठाकरे, एनसीपी (एसपी) के शरद पवार और कांग्रेस नेता नाना पटोले।

पायनियर लोक सभा 2024 रिपोर्ट

दक्षिण मुंबई स्थित शिवसेना (यूबीटी) कार्यालय शिवालय में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए पार्टी प्रमुख और राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री ठाकरे ने कहा कि सीट-बंटवारे को लेकर समझौता हो गया है। उन्होंने कहा कि गठबंधन में जीतना महत्वपूर्ण है और भाजपा को हराना लक्ष्य है। जब उनसे शिवसेना (यूबीटी) द्वारा कांग्रेस को सांगली सीट देने से इनकार किए जाने के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा, बड़ा लक्ष्य भाजपा के खिलाफ जीतना है, तो ऐसे में हमें कुछ मतभेदों को दरकिनार करना होगा। ठाकरे ने कहा कि यह अजीब संयोग रहा कि सूर्य ग्रहण, अमावस्या और भाजपा की रैली एक ही दिन (सोमवार को) हुई।

उन्होंने कहा, वसूली करने वालों की पार्टी के किसी नेता का हमें नकली कहना उचित नहीं है। ठाकरे ने दावा किया कि भाजपा जबरन वसूली करने वालों की पार्टी है और चुनावी बॉण्ड घोटाला सामने आने के बाद यह साफ हो गया है। पटोले ने कहा कि उनकी पार्टी ने मोदी और भाजपा को हराने के अंतिम लक्ष्य को हासिल करने के लिए उदारता का परिचय देने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता भाजपा के खिलाफ लड़ेंगे और सांगली एवं भिवंडी में एमवीए उम्मीदवारों की जीत सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा, हमारे कार्यकर्ता कभी नहीं भूलेंगे कि भाजपा ने हमारे नेताओं सोनिया गांधी और राहुल गांधी के साथ कैसा दुर्व्यवहार किया। पटोले ने कहा कि ठाकरे और शरद पवार के दलों पर बागियों ने कब्जा कर लिया है। उन्होंने कहा, दोनों दलों के मूल नेता हमारे साथ हैं और मोदी उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली पार्टी को नकली शिवसेना कहते हैं। शरद पवार ने कहा कि सहयोगी दलों के बीच किसी भी सीट को लेकर कोई मतभेद नहीं है। उन्होंने कहा, तीनों दलों ने सीट बंटवारे के समझौते को सर्वसम्मति से अंतिम रूप दे दिया है। उन्होंने कहा, हर कोई अधिकतम सीट पर चुनाव लड़ना चाहता है। महत्वाकांक्षा रखना कोई अपराध नहीं है, लेकिन जब हम अपने बड़े लक्ष्य को देखते हैं, जिसके लिए हम लड़ रहे हैं, तो मतभेद अपने आप दरकिनार हो जाते हैं। ठाकरे ने कहा कि उन्होंने उन सभी 21 सीट के लिए उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है, जिन पर उनकी पार्टी को चुनाव लड़ना है और कांग्रेस एवं राकांपा (एसपी) एक या दो दिन में ऐसा कर देंगी। उन्होंने कहा, लोगों ने भाजपा को हराने का मन बना लिया है। पटोले ने कहा कि भाजपा कांग्रेस के सामाजिक न्याय घोषणापत्र को विभाजन समर्थक मुस्लिम लीग से जोड़ती है, जिससे पता चलता है कि सत्तारूढ़ दल कितना नीचे गिर सकता है। ठाकरे ने कांग्रेस के घोषणापत्र की सराहना की और कहा कि जब केंद्र में इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव ( शेष पेज 9 )

# तमिलनाडु में जोर पकड़ रही बंटवारे की मांग

**कुमार चेल्लप्पन।** चेन्नई




**तमिलनाडु** को तीन भागों में बांटने की मांग ने धीमी ही सही मगर पूरे राज्य में जोर पकड़ लिया है। यद्यपि प्रमुख राजनीतिक दल के नेता इस संबंध में खुलकर सामने नहीं आ रहे हैं, वहीं बुद्धिजीवियों, व्यापार और उद्योग निकायों के प्रतिनिधियों और किसानों ने दक्षिण और दक्षिण पश्चिम तमिलनाडु की जरूरतों के प्रति द्रमुक और अन्नाद्रमुक की लगातार अनदेखी पर अपनी पीड़ा व्यक्त की है। वन्नियार समुदाय के संगठन पट्टाली मक्कल काची के संस्थापक एस रामदास पहले से ही तमिलनाडु को उत्तरी और दक्षिणी राज्यों में विभाजित करने की मांग कर रहे हैं। डीआर रामदास कहते हैं कि प्रशासनिक सुविधा के लिए छोटे राज्य होना हमेशा बेहतर होता है। अतीत की घटनाओं ने साबित कर दिया है कि बड़े राज्यों को छोटे राज्यों में विभाजित करने से आर्थिक और सामाजिक विकास में तेजी आती है। तमिलनाडु के उत्तरी जिलों में बड़ी संख्या में वन्नियार आबादी है। उन्हें उम्मीद है कि वे उनकी इकाई के लिए वोट करेंगे ताकि वह अपने बेटे अंबुमणि को मुख्यमंत्री के रूप में नियुक्त कर सकें।

तमिलनाडु का क्षेत्रफल 50,216 वर्ग मील है और जनसंख्या 7.2 करोड़ (2011 की जनगणना के अनुसार) है। अराजनीतिक संगठन हिंदू पीपुल्स फ्रंट के संस्थापक अर्जुन संपत के अनुसार, राज्य में 38 जिले हैं और क्षेत्रों का विकास जनसंख्या या क्षेत्रों के अनुरूप नहीं है। अर्जुन संपत ने कहा, सात जिलों वाला दक्षिण पश्चिम तमिलनाडु उद्योगों और खेती के माध्यम से राज्य के राजस्व में 50 प्रतिशत से अधिक का योगदान देता है। लेकिन कोंगुनाडु के नाम से मशहूर इस क्षेत्र में नाम के लायक कोई विकास नहीं हुआ है। अर्जुन संपत के अनुसार, छह दशक से अधिक समय पहले अविनाशी-अथिकादावु पेयजल आपूर्ति-सह-सिंचाई योजना सात जिलों के क्षेत्र के प्रति चेतना की उदासीनता का सबसे अच्छा प्रमाण है। परियोजना अभी तक अमल में नहीं लाई गई है। जिसके कारण आज भी वहां के निवासी और किसान पीने के पानी और सिंचाई के पानी के लिए संघर्ष कर रहे हैं। संपत ने कहा, डीएमके को दुख है कि गौंडर समुदाय के गढ़ कोंगुनाडु में उसकी कोई बड़ी उपस्थिति नहीं है।

कोंगुनाडु के उद्योगपति और सांस्कृतिक कार्यकर्ता अर्जुन संपत और जयकुमार पायनियर को बताया कि अब समय आ गया है कि कोंगुनाडु को चेन्नई के शासकों की बेड़ियों से मुक्त कराया जाए। जयकुमार ने कहा, हमारी अपनी संस्कृति और विरासत है और हमें द्रविड़ राजनीतिक दलों की दया पर निर्भर रहने की ज़रूरत नहीं है। सभी प्रमुख उद्योग और उद्योगपति कोंगुनाडु बेल्ट से हैं और केंद्र को कोयंबटूर को राजधानी बनाकर एक अलग राज्य बनाने के उपाय शुरू करने चाहिए। द्रविड़ इस क्षेत्र को उसके सभी अधिकारों से वंचित करके उसका गला घोंट रहे हैं।

नवोदय विद्यालय के पूर्व प्रिंसिपल, शिक्षाविद् डॉ. वाईआर जॉनसन का रुख भी उतना ही दिलचस्प है, जिनपर डीएमके द्वारा तमिलनाडु में प्रतिबंधित कर दिया गया है। डॉ. जॉनसन, जो राज्य में नवोदय विद्यालय शुरू करने के राज्य प्रशासन के विरोध के खिलाफ लड़ाई लड़ रहे हैं। ( शेष पेज 9 )

## द्वितीय ब्रह्मचारिणी



**दधाना करपद्माभ्यामक्षमालाकमण्डलू।**
**देवी प्रसीदतु मयि ब्रह्मचारिण्यनुत्तमा॥**

**मां दुर्गा की** नवशक्ति का दूसरा स्वरूप ब्रह्मचारिणी का है। यहां ब्रह्म का अर्थ तपस्या से है। मां दुर्गा का यह स्वरूप भक्तों और सिद्धों को अनंत फल देने वाला है। इनकी उपासना से तप, त्याग, वैराग्य, सदाचार और संयम की वृद्धि होती है। ब्रह्मचारिणी का अर्थ तप की चारिणी यानी तप का आचरण करने वाली। देवी का यह रूप पूर्ण ज्योतिर्मय और अत्यंत भव्य है। इस देवी के दाएं हाथ में जप की माला है और बाएं हाथ में यह कमण्डल धारण किए हैं।

# राजीव चंद्रशेखर के हलफनामे का होगा सत्यापन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**कांग्रेस की** एक शिकायत पर कार्रवाई करते हुए, चुनाव आयोग ने मंगलवार को केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) से तिरुवनंतपुरम के भाजपा उम्मीदवार केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर के हलफनामे को सत्यापित करने के लिए कहा, जिसमें उन्होंने 2021-2022 के लिए अपनी कर योग्य आय के रूप में 680 रुपये घोषित किए थे। चंद्रशेखर केरल के तिरुवनंतपुरम में संयुक्त राष्ट्र के पूर्व राजनयिक और मौजूदा लोकसभा सांसद शशि थरूर के खिलाफ मैदान में हैं। चुनाव आयोग ने अभिनेता से नेता बनी और भाजपा



सांसद हेमा मालिनी के खिलाफ कथित अशोभनीय टिप्पणी के लिए कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला को कारण बताओ नोटिस भी जारी किया।

सीबीडीटी को चुनाव आयोग का निर्देश तब आया जब कांग्रेस - जो दक्षिणी राज्य में विपक्षी यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट का नेतृत्व करती है - ने एक शिकायत दर्ज की थी जिसमें दावा किया गया था कि केंद्रीय मंत्री ने संपत्ति और आय धाराओं के बारे में गलत जानकारी दी है। केरल के सत्तारूढ़ वाम लोकतांत्रिक मोर्चा - जिसका नेतृत्व मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन की भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) ने भी किया, ने भी शिकायत दर्ज कराई।

सूत्रों के मुताबिक, आयोग ने सीबीडीटी से अपने हलफनामे में चंद्रशेखर द्वारा की गई घोषणाओं को सत्यापित करने के लिए कहा है। नियमों के अनुसार, उम्मीदवारों को अपनी कर योग्य आय, चल और अचल संपत्ति और देनदारियों का विवरण जमा करना आवश्यक है। उन्हें अपने जीवनसाथी के समान वित्तीय विवरण भी साझा करना आवश्यक है।कानून कहता है कि नामांकन पत्र या हलफनामे में जानकारी छुपाने वाले उम्मीदवारों को - लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 का उल्लंघन - छह महीने की जेल की सजा और/या जुर्माना या दोनों का सामना करना पड़ सकता है। थरूर ने 55 करोड़ रुपये की संपत्ति घोषित की है। चंद्रशेखर के चुनावी हलफनामे पर विवाद तब बढ़ गया जब वित्त वर्ष 2021/22 के लिए उनकी आय सिर्फ 680 रुपये दिखाई गई। हालांकि, वित्त वर्ष 2020 और वित्त ( शेष पेज 9 )

# केजरीवाल को झटका



**पीटीआई।** नई दिल्ली

**दिल्ली उच्च** न्यायालय ने मंगलवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को बड़ा झटका देते हुए उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में अपनी गिरफ्तारी को चुनौती दी थी। केजरीवाल को संबंधित मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 21 मार्च को गिरफ्तार किया था। वहीं आम आदमी पार्टी ने कहा है कि वह आदेश के खिलाफ शीर्ष अदालत का रुख करेगी। अदालत ने कहा कि गिरफ्तारी को लेकर कानूनी प्रावधानों का कोई उल्लंघन नहीं हुआ और केजरीवाल के ईडी रिमांड को भी अवैध नहीं ठहराया जा सकता। केजरीवाल वर्तमान में न्यायिक हिरासत में हैं। उन्होंने अपनी गिरफ्तारी के अलावा मामले में अपने ईडी रिमांड को भी चुनौती दी थी।

न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा ने फैसला सुनाते हुए कहा कि ईडी के पास 'पर्याप्त सामग्री' थी जिसके कारण केजरीवाल की गिरफ्तारी हुई और अधीनस्थ अदालत ने एक उचित आदेश के जरिए उन्हें एजेंसी की हिरासत में भेज दिया। उन्होंने कहा, अदालत का मानना है कि अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी कानूनी प्रावधानों का उल्लंघन नहीं है। रिमांड को अवैध नहीं ठहराया जा सकता। न्यायमूर्ति शर्मा ने 25 मिनट तक फैसला पढ़ा और अपने फैसले के कुछ हिस्सों को हिंदी में भी समझाया।

अदालत ने स्पष्ट किया कि वह केजरीवाल की जमानत याचिका पर नहीं, बल्कि कुछ आधारों पर गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली उनकी रिट याचिका पर विचार कर रही है। इसने कहा कि कानून सभी पर समान रूप से लागू होता है और अदालतों का सरोकार संवैधानिक नैतिकता से, न कि राजनीतिक नैतिकता से। स्पष्टतः यह टिप्पणी केजरीवाल और उनकी आम आदमी पार्टी (आप) के इस दावे को लेकर थी कि दिल्ली के मुख्यमंत्री को उनकी पार्टी के लोकसभा चुनाव अभियान को खतरे में डालने के लिए गिरफ्तार किया गया है। न्यायमूर्ति शर्मा ने ( शेष पेज 9 )

# मुख्य चुनाव आयुक्त को जेड श्रेणी की सुरक्षा



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**केंद्र सरकार** ने मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार पर संभावित खतरों के मद्देनजर उन्हें सशस्त्र कमांडो की जेड श्रेणी की वीआईपी सुरक्षा प्रदान की है। सूत्रों के अनुसार केंद्रीय गृह मंत्रालय ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल को इस कार्य के लिए करीब 40-45 कर्मियों/जवानों की एक टुकड़ी उपलब्ध कराने का जिम्मा सौंपा है। सूत्रों ने कहा कि केंद्रीय खुफिया एजेंसियों द्वारा तैयार की गई खतरे की आशंका संबंधी रिपोर्ट में मुख्य चुनाव आयुक्त कुमार के लिए कड़ी सुरक्षा की सिफारिश की गई है। यह कदम सात चरणों में होने जा रहे आम चुनाव की तैयारियों के बीच उठाया गया है। आम चुनाव 19 अप्रैल से शुरू होगा। फिलहाल मुख्य चुनाव आयुक्त और दो चुनाव आयुक्तों की सुरक्षा दिल्ली पुलिस के सशस्त्र कर्मियों की छोटी टीम करती है। यह मुख्य चुनाव आयुक्त को केंद्रीय सुरक्षा कवर प्रदान करने की दुर्लभतम घटनाओं में एक है। पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त दिवंगत टी एन शेषन को एक समय केंद्रीय सुरक्षा कवर दिया गया था। मुख्य चुनाव आयुक्त को जेड श्रेणी की सुरक्षा देश के किसी भी हिस्से में उनकी आवाजाही, मध्य दिल्ली में स्थित निर्वाचन सदन में उनके कार्यालय तथा उनके निवास पर उनकी पक्की सुरक्षा सुनिश्चित करेगी। वीआईपी सुरक्षा की श्रेणियों की शुरुआत सबसे बड़ी श्रेणी जेड प्लस सुरक्षा के साथ होती हैं और फिर इसके बाद जेड, वाई प्लस, वाई और एक्स श्रेणियां आती हैं। निर्वाचन आयोग के एक प्रवक्ता ने कहा, इस मुद्दे पर टिप्पणी करने के लिए उनके पास कुछ नहीं है। कुमार 1984 बैच के सेवानिवृत आईएएस अधिकारी हैं। उन्होंने 15 मई, 2022 को 25 वें मुख्य चुनाव आयुक्त का पदभार संभाला था। उन्हें एक सितंबर, 2020 को निर्वाचन आयोग में चुनाव आयुक्त नियुक्त किया गया था।

## सेंसेक्स ने पहली बार पार किया 75,000 अंक का स्तर

**मुंबई।** शेयर बाजार में रिकॉर्ड तेजी पर मंगलवार को विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स 59 अंक के नुकसान में रहा। हालांकि, शुरुआती कारोबार के दौरान बीएसई सेंसेक्स एक समय पहली बार 75,000 अंक के स्तर को पार कर गया था। वहीं निफ्टी ने भी अपना नया सर्वकालिक उच्चस्तर छुआ था। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 58.80 अंक यानी 0.08 प्रतिशत की गिरावट के साथ 74,683.70 अंक पर बंद हुआ। एक समय यह 381.78 अंक चढ़कर रिकॉर्ड 75,124.28 अंक पर पहुंच गया था।

# अमेरिका में भारतीय छात्र का मिला शव

**पीटीआई।** न्यूयॉर्क

**पिछले** महीने से लापता 25 वर्षीय एक भारतीय छात्र अमेरिकी शहर क्लीवलैंड में मृत पाया गया। यह घटना इस देश में भारतीय मूल के छात्रों की मौत की हाल में हुई कई घटनाओं के बीच सामने आई है। यह किसी भारतीय छात्र की मौत का एक सप्ताह के भीतर सामने आया दूसरा मामला है। हैदराबाद के नाचाराम का रहने वाला मोहम्मद अब्दुल अरफात पिछले साल मई में क्लीवलैंड यूनिवर्सिटी से आईटी (सूचना प्रौद्योगिकी) में स्नातकोतर की पढ़ाई करने अमेरिका आया था।



न्यूयॉर्क स्थित भारत के महावाणिज्य दूतावास ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, यह जानकर दुख हुआ कि मोहम्मद अब्दुल अरफात, जिसके लिए खोज अभियान जारी था, उसका ओहायो के क्लीवलैंड में शव मिला। वाणिज्य दूतावास ने अरफात के परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि वह छात्र की मौत की गहन जांच सुनिश्चित करने के लिए स्थानीय एजेंसियों के संपर्क में है। वाणिज्य दूतावास ने कहा, हम उसका शव भारत ले जाने के लिए शोक संतप्त परिवार को हर संभव सहायता मुहैया करा रहे हैं।

वाणिज्य दूतावास ने पिछले महीने कहा था कि वह भारतीय छात्र का पता लगाने के लिए स्थानीय कानून प्रवर्तन अधिकारियों के साथ मिलकर काम कर रहा है। अरफात के पिता मोहम्मद सलीम ने कहा था कि अरफात ने उनसे आखिरी बार सात मार्च को बात की थी और तब से वह अपने परिवार के संपर्क में नहीं हैं। उन्होंने बताया था कि उसका मोबाइल फोन भी बंद है। अमेरिका में अरफात के कमरे में उसके साथ रहने वाले व्यक्ति ने उसके पिता को सूचित किया था कि उसने क्लीवलैंड पुलिस में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई है लेकिन 19 मार्च को अरफात के परिवार को एक अज्ञात व्यक्ति का फोन आया, जिसने दावा किया कि अरफात का कथित तौर पर मादक पदार्थ बेचने वाले एक गिरोह ने अपहरण कर लिया गया है और उसने उसे छोड़ने के लिए।,200 अमेरिकी डॉलर की मांग की थी। उसके पिता ने कहा कि फोन करने ( शेष पेज 9 )

# देश की शक्ति पीठों में होगा शक्ति संगीत और नृत्य महोत्सव

**अर्चना ज्योति।** नई दिल्ली

**नवरात्र के** आगमन के साथ पूरा देश भक्ति में डूब जाता है, जो देश में सद्भाव का संचार करता है। इसी क्रम में संगीत नाटक अकादमी, कला प्रवाह शृंखला के तहत, मंदिर परंपराओं को देश में पुनर्जीवित करने के लिए पवित्र नवरात्र के दौरान 'शक्ति संगीत और नृत्य का एक उत्सव' नाम से आयोजन कर रही है। यह आयोजन नवरात्र के पहले दिन यानि मंगलवार से शुरू हुआ। नवरात्र में नौ देवियां शक्ति की प्रतीक हैं। इसलिए अकादमी 9 से 17 अप्रैल 2024 तक देश के विभिन्न हिस्सों के सात अलग-अलग शक्तिपीठों में मंदिर परंपराओं का उत्सव मनाने के लिए शक्ति शीर्षक से संगीत और नृत्य महोत्सव का आयोजन करेगी।

केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय के अंतर्गत संगीत नाटक अकादमी एक स्वायत्त निकाय है। यह संगीत, नृत्य, नाटक, लोक और आदिवासी कला रूपों और देश के अन्य संबद्ध कला रूपों के रूप में व्यक्त देश के प्रदर्शन कला रूपों के संरक्षण, अनुसंधान, प्रचार और कायाकल्प की दिशा में काम कर रहा है। अधिकारी ने कहा कि महोत्सव में पारंपरिक संगीत और नृत्य प्रदर्शन, भक्ति गीत, सांस्कृतिक कार्यक्रम, व्याख्यान और प्रदर्शनियों



सहित विविध प्रकार की गतिविधियां शामिल हैं। विभिन्न क्षेत्रों के कलाकार त्योहार और मंदिर परंपराओं से जुड़ी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को प्रस्तुत करते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। शक्ति उत्सव का उद्घाटन मंगलवार को गुवाहाटी के कामाख्या मंदिर से होकर, महाराष्ट्र के कोल्हापुर के महालक्ष्मी मंदिर, हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा स्थित ज्वाला मंदिर, त्रिपुरा के उदायपुर स्थित त्रिपुर सुंदरी मंदिर बनासकांठा, गुजरात के अंबाजी मंदिर, देवघर, झारखंड के जय दुर्गा शक्तिपीठ में जारी रहेगा। इस उत्सव का समापन उज्जैन, मध्य प्रदेश के शक्तिपीठ मां हरसिद्धि मंदिर में 17 अप्रैल, 2024 को होगा। संगीत नाटक अकादमी के एक अधिकारी ने बताया कि नवरात्रि का प्रत्येक दिन एक अलग शक्तिपीठ, देश के विभिन्न हिस्सों में स्थित देवी दुर्गा से जुड़े महत्वपूर्ण मंदिरों को समर्पित है।

राष्ट्रीय राजधानी के मयूर विहार फेज-2 स्थित नीलम माता मंदिर के पुजारी आचार्य पंडित राहुल तिवारी ने कहा, नवरात्रि अत्यधिक आध्यात्मिक और सांस्कृतिक महत्व रखती है, जो बुराई पर अच्छाई की जीत और दिव्य स्त्री ऊर्जा की शक्ति का प्रतीक है। ऐसे त्योहारों का आयोजन नौ देवियों के सम्मान और मंदिर परंपराओं की समृद्ध विरासत को ( शेष पेज 9 )

# फैसले से सहमत नहीं, सुप्रीम कोर्ट में देंगे चुनौती : सौरभ

## बोले, संजय सिंह के मामले में भी हाई कोर्ट से राहत नहीं मिली थी, मगर उन्हीं दलीलों पर उच्चतम न्यायालय ने माना था

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



प्रेस वार्ता में स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज।

उच्च न्यायालय से कोई राहत पाने में असफल होने के बाद आम आदमी पार्टी ने मंगलवार को कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल प्रवर्तन निदेशालय द्वारा उनकी गिरफ्तारी के खिलाफ उच्चतम न्यायालय का रुख करेंगे। आप ने साथ ही दावा किया, तथाकथित आबकारी नीति घोटाला केजरीवाल और उनकी पार्टी को खत्म करने के लिए सबसे बड़ी राजनीतिक साजिश है। ईडी ने कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन के मामले में केजरीवाल को गिरफ्तार किया है।

उच्च न्यायालय का फैसला आने के कुछ देर बाद ही सौरभ भारद्वाज ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उन्हें उम्मीद है कि उच्चतम न्यायालय मामले में अरविंद केजरीवाल को वैसी ही राहत देगा जैसी उसने पार्टी के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह को जमानत देकर दी थी। हम उच्च न्यायालय का संस्था के तौर पर आदर करते हैं लेकिन सम्मान के साथ कहना चाहते हैं कि हम उसके आदेश से सहमत नहीं हैं और उसके खिलाफ उच्चतम न्यायालय का रुख करेंगे। उन्होंने आरोप लगाया, तथाकथित आबकारी नीति घोटाला पार्टी और केजरीवाल को खत्म करने की देश की सबसे बड़ी राजनीतिक साजिश है।

उन्होंने दावा किया कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) तथाकथित आबकारी नीति मामले में अवैध धन का एक रुपया भी बरामद करने में विफल रहे हैं। भारद्वाज ने कहा, पूरा मामला धनशोधन से जुड़ा नहीं है, बल्कि यह देश की सबसे बड़ी राजनीतिक साजिश है। यह अरविंद केजरीवाल एवं दिल्ली और पंजाब में आप सरकार को कुचलने और खत्म करने की साजिश है। आप नेता जैसमीन शाह ने भी संवाददाताओं को संबोधित किया।

उन्होंने कहा, दो साल से जांच चल रही है लेकिन एक रुपया भी बरामद नहीं हुआ। लेकिन क्या होता है। आप एक साजिश के तहत एक राष्ट्रीय पार्टी के शीर्ष नेताओं को गिरफ्तार कर जेल में डाल देते हैं। उच्च न्यायालय ने केजरीवाल की वह याचिका खारिज कर दी जिसमें उन्होंने 21 मार्च को ईडी द्वारा की गई गिरफ्तारी को चुनौती दी थी। न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा ने फैसला सुनाते हुए कहा, अदालत का मानना है कि अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी कानूनी प्रावधानों का उल्लंघन नहीं है। रिमांड को अवैध नहीं ठहराया जा सकता।

केजरीवाल ने गिरफ्तारी के साथ-साथ मामले में उन्हें ईडी की हिरासत में भेजने को भी चुनौती दी थी। वह इस समय न्यायिक हिरासत में हैं। यह मामला 2021-22 के लिए दिल्ली सरकार की आबकारी नीति तैयार करने और क्रियान्वित करने में कथित भ्रष्टाचार तथा धनशोधन से संबंधित है। संबंधित नीति को बाद में रद्द कर दिया गया था। धन शोधन रोधी एजेंसी की दंडात्मक कार्रवाई से सुरक्षा देने से उच्च न्यायालय के इनकार के कुछ ही घंटे बाद ईडी ने केजरीवाल को 21 मार्च को गिरफ्तार कर लिया था। ईडी की हिरासत की अवधि समाप्त होने पर निचली अदालत में पेश किए जाने के बाद उन्हें एक अप्रैल को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था और वह इस समय तिहाड़ जेल में हैं।

### सीएम नैतिक पराजय स्वीकार कर इस्तीफा दें : सचदेवा



**नई दिल्ली।** भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा है की मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की प्रवर्तन निदेशालय द्वारा गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका को खारिज करते हुआ उच्च न्यायालय ने जो आदेश दिया है वह मुख्यमंत्री के लिए झटका है। उच्च न्यायालय ने मुख्यमंत्री को एक अभियुक्त के रूप में मानते हुऐ अधिकारों की आपेक्षा करने की निंदा की है। अदालत ने उन्हें स्पष्ट रूप से कहा है कि एक मुख्यमंत्री होने के नाते किसी विशेष व्यवहार की आशा न करें। सचदेवा ने कहा कि अब यह बहुत स्पष्ट है कि ईडी की केजरीवाल की गिरफ्तारी का आदेश वैध है और तथ्यों पर आधारित है। वीरेंद्र सचदेवा में कहा कि दिल्ली वाले शर्मिंदगी महसूस कर हैं कि उनके मुख्यमंत्री न केवल एक शराब के घोटाले के आरोपी हैं। केजरीवाल आज उन माताओं और बहनों की बददुओं के नतीजे का सामना कर रहे हैं, जिनके परिजनों को भाईयों को अरविंद केजरीवाल ने शराब की ओर धकेला। अब समय आ गया है कि केजरीवाल नैतिक पराजय को स्वीकार करें और मुख्यमंत्री के पद से इस्तीफा दें।

# आप का जेल का जवाब वोट से अभियान शुरू

## कार्यकर्ता घर-घर पहुंचा रहे केजरीवाल का संदेश



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी ने मंगलवार को पूर्वी दिल्ली लोकसभा से जेल का जवाब वोट से अभियान शुरू किया। आप के दिल्ली प्रदेश संयोजक एवं कैबिनेट मंत्री गोपाल राय ने शहादरा के विश्वास नगर से इसकी शुरूआत की।

इस दौरान उन्होंने घर-घर जाकर बताया कि भाजपा ने कैसे साजिश के तहत मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जेल भेज दिया है, ताकि वह चुनाव प्रचार नहीं कर सकें। राय ने दावा किया कि दिल्ली वाले केजरीवाल को जेल भेजने से दुखी है। जनता ने संकल्प लिया हैं कि केजरीवाल को जेल भेजने का जवाब वोट से देंगे। गोपाल राय ने कहा कि चुने हुए मुख्यमंत्री को मोदी सरकार ने तानाशाही रवैया अपनाते हुए गिरफ्तार कर जेल में बंद कर दिया। मुख्यमंत्री चुनाव प्रचार नहीं कर सकते है इसलिए केजरीवाल की तरफ से संदेश लेकर मंगलवार से आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता घर-घर जा रहे हैं। हर कार्यकर्ता लोगों को संदेश दे रहा है कि जबसे दिल्ली के लोगों ने अपनी वोट की ताकत से अरविंद केजरीवाल को मुख्यमंत्री बनाया है, तब से उन्होंने दिल्ली के लोगों को 24 घंटे मुफ्त बिजली, पानी दिया। स्कूल और अस्पतालों को बेहतर किया। महिलाओं के लिए बसों में मुफ्त यात्रा की व्यवस्था की। बुजुर्गों के लिए तीर्थयात्रा की व्यवस्था की। इस बार के बजट में महिलाओं को हर महीने एक हजार रुपये देने की व्यवस्था की। इसलिए उनके गैरकानूनी गिरफ्तारी के विरोध में इस अभियान की शुरूआत हुई है।

# आबकारी नीति बड़ी राजनीतिक साजिश : संजय

## बोले, जब पूरा सच सामने आएगा तो केजरीवाल को मिलेगा न्याय

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़/नई दिल्ली



आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने मंगलवार को भाजपा और केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए दावा किया कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ धनशोधन का मामला सबसे बड़ी साजिश है। संजय सिंह का यह बयान उच्च न्यायालय द्वारा अरविंद केजरीवाल की याचिका को खारिज किए जाने के बाद आया। केजरीवाल ने उच्च न्यायालय में दायर याचिका में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा धन शोधन मामले में अपनी गिरफ्तारी को चुनौती देते हुए कहा कि किसी कानूनी प्रावधान का उल्लंघन नहीं हुआ है। धन शोधन का यह मामला कथित आबकारी घोटाले पर आधारित है।

संजय सिंह मीडिया से बातचीत में कहा कि आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक को इस मामले में उच्चतम न्यायालय से राहत मिल जाएगी। आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पंजाब के आप विधायकों और मुख्यमंत्री भगवंत मान के साथ बैठक के बाद संजय सिंह आरोप लगाया, वह व ह रहा हूं कि यह पूरा मामला आजादी के बाद देश की राजनीति में सबसे बड़ी राजनीतिक साजिश है। उन्होंने कहा कि इस पूरे मामले को गहरी साजिश के तहत गढ़ा गया है।

सिंह ने दावा किया, इसके पीछे की मंशा किसी घोटाले की जांच करना नहीं है बल्कि दिल्ली की आप सरकार को अपदस्थ करना है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह आप की 10 वर्षों में राष्ट्रीय पार्टी बनने की उपलब्धि को खत्म करने का एक प्रयास है। उन्होंने केजरीवाल के मामले का जिक्र करते हुए आरोप लगाया कि फर्जी गवाह बनाए गए हैं और निराधार आरोप लगाए जा रहे हैं। सिंह ने कहा, हमें पूरा भरोसा है कि जल्द ही केजरीवाल को उच्चतम न्यायालय से न्याय मिलेगा।

### अदालत ने अमानतुल्ला को जारी किया समन

**नई दिल्ली।** अदालत ने मंगलवार को प्रवर्तन निदेशालय द्वारा दायर एक आवेदन पर आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्ला खान को 20 अप्रैल को उसके सामने पेश होने का निर्देश दिया। एजेंसी ने आवेदन में दावा किया कि दिल्ली वक्फ बोर्ड द्वारा अवैध भर्ती से संबंधित धन शोधन मामले में खान कथित रूप से एजेंसी के समन को नजरअंदाज कर रहे हैं।

अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट दिव्या मल्होत्रा ने ईडी की शिकायत पर संज्ञान लिया और कहा कि ईडी की याचिका के मद्देनजर खान को तलब करने के लिए पर्याप्त आधार है। एजेंसी ने आरोप लगाया कि खान अग्रिम जमानत याचिका दायर करके और जांच में शामिल नहीं होकर मामले में एक गवाह से एक आरोपी की भूमिका में आ गए हैं। विशेष लोक अभियोजक ने आवेदन में यह भी कहा कि एजेंसी खान के खिलाफ जांच समाप्त नहीं कर सकी।

# अंग्रेजों ने भारतीय शिक्षा को बर्बाद किया : गोविन्द देव

## स्वामी रामदेव ने कहा, ऋषि और वेद परंपरा हैं हमारी विरासत

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/हरिद्वार


छत्रपति शिवाजी महाराज कथा के शुभारंभ के अवसर पर स्वामी रामदेव, आचार्य बालकृष्ण व स्वामी गोविंद।

चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर और स्वामी रामदेव के 30वें संन्यास दिवस पर हिन्दवी स्वराज के प्रणेता छत्रपति शिवाजी महाराज की यशोगाथा छत्रपति शिवाजी महाराज कथा का शुभारम्भ मंगलवार को हरिद्वार स्थित पतंजलि योगपीठ में हुआ। कथा वाचक गोविन्ददेव गिरि महाराज ने कहा कि अंग्रेजों ने अपनी शिक्षा नीति थोपकर भारत की शिक्षा को बर्बाद कर दिया।

स्वामी रामदेव और आचार्य बालकृष्ण के आग्रह पर स्वामी गोविंद देव ने कथा प्रारंभ किया। स्वामी गोविन्द देव गिरि ने कहा कि शिवाजी महाराज का राज्याभिषेक किसी राजा का राज्याभिषेक नहीं बल्कि भारतीय इतिहास का सर्वोत्तम स्वर्ण क्षण था। भारतीय इतिहास का दूसरा स्वर्ण क्षण 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का क्षण था। उन्होंने कहा कि आयु के 15वें वर्ष में छत्रपति शिवाजी ने हिन्दू साम्राज्य की स्थापना हेतु प्रतिज्ञा ली।

स्वामी रामदेव ने कहा, सनातन हिन्दू धर्म के दो पक्ष हैं- एक भारत की सनातन ज्ञान परम्परा, ऋषि परम्परा, वेद परम्परा जो हमारी सांस्कृतिक विरासत है और दूसरा हमारे भारत के पूर्वजों का पराक्रम, शौर्य व वीरता। उन्होंने कहा कि छत्रपति महाराज ने 350 वर्ष पूर्व माँ भवानी की उपासना करके जहाँ अपने सनातन के वैभव को अक्षुण्ण रखा, वहीं राष्ट्रधर्म की आराधना करके हिन्दु साम्राज्य की प्रतिष्ठा की। इस अवसर पर पतंजलि योगपीठ से सम्बद्ध समस्त इकाइयों के इकाई प्रमुख, अधिकारीगण, विभागाध्यक्ष, पतंजलि विश्वविद्यालय, आचार्यकुलम, पतंजलि आयुर्वेद महाविद्यालय, पतंजलि गुरुकुलम्, पतंजलि रिसर्च फाउण्डेशन, पतंजलि कन्या गुरुकुलम्, वैदिक गुरुकुलम् इत्यादि सभी शिक्षण संस्थान के शिक्षकगण, विद्यार्थीगण, पतंजलि संन्यासाश्रम के समस्त संन्यासी व साध्वी, पतंजलि योगपीठ फेस-1 व फेस-2 के थैरेपिस्ट, चिकित्सक सभी कर्मयोगी आदि उपस्थित रहे।

# शराब मामले में सीबीआई ने कविता से तिहाड़ में पूछताछ की

## बीआरएस नेता न्यायिक हिरासत दो हफ्ते के लिए बढ़ाई गई

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



सीबीआई ने बीआरएस नेता के. कविता से दिल्ली की आबकारी नीति से जुड़े कथित भ्रष्टाचार के मामले में तिहाड़ जेल में पूछताछ की जहां वह प्रवर्तन निदेशालय द्वारा गिरफ्तारी के बाद से बंद हैं। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। वहीं दिल्ली की एक अदालत ने आबकारी नीति से संबंधित धनशोधन मामले में कविता की न्यायिक हिरासत मंगलवार को दो हफ्ते के लिए बढ़ा दी।

विशेष अदालत ने एजेंसी को सह-आरोपी बुची बाबू के फोन से बरामद व्हाट्सएप चैट और एक भूमि सौदे से संबंधित दस्तावेजों पर पूछताछ करने की अनुमति दी थी, जिसके बाद आम आदमी पार्टी को शराब लॉबी के पक्ष में आबकारी नीति में बदलाव के लिए कथित तौर पर 100 करोड़ रुपए का भुगतान किया गया था। सूत्रों ने बताया कि एजेंसी के अधिकारी शनिवार को तिहाड़ जेल गए थे जहां उनसे मामले के इन पहलुओं पर पूछताछ की गई। तिहाड़ जेल में उनसे पूछताछ के लिए अदालत की अनुमति अनिवार्य थी क्योंकि वह न्यायिक हिरासत में हैं।

ईडी एवं सीबीआई मामलों से संबंधित विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने कविता की हिरासत 23 अप्रैल तक के लिए बढ़ा दी। उन्हें पिछली न्यायिक हिरासत की अवधि पूरी होने पर अदालत में पेश किया गया था।

# आप नेता भाजपा में शामिल



**नई दिल्ली।** भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा की उपस्थिति में आम आदमी पार्टी के उत्तम नगर, पश्चिम दिल्ली के बड़े नेता एवं सामाजिक कार्यकर्ता सचिन गंभीर मंगलवार को भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश भाजपा के मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर और पूर्व महापौर आरती मेहरा ने सचिन को पटका पहनाकर कर भाजपा में सम्मलित किया। इस मौके पर वीरेन्द्र सचदेवा ने सभी का भाजपा में स्वागत करते हुए कहा कि जिस प्रकार से आम आदमी पार्टी बार बार अपने मुखिया अरविंद केजरीवाल के भ्रष्टाचार को छुपाने की कोशिश कर रही हैं, वह और अधिक जगजाहिर हो रहा है।

# सरकारी स्कूलों की व्यवस्था चरमराई : अरूण सिंह

## बोले, उच्च न्यायालय की टिप्पणी ने शिक्षा मॉडल की पोल खोली

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

उच्च न्यायालय के दिल्ली के सरकारी स्कूलों की खराब स्थिति पर तल्ख टिप्पणी के बाद भाजपा आम आदमी पार्टी पर हमलावर हो गई है।

भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री अरूण सिंह, प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा एवं पूर्व अध्यक्ष व सांसद मनोज तिवारी ने कहा है सरकारी स्कूल व्यवस्था पूरी तरह चर्ममरा चुकी है, स्कूल भ्रष्टाचार के केन्द्र बन गये हैं और समाज का आर्थिक रूप से कमजोर पक्ष जिनके बच्चे इन स्कूलों में बड़ी संख्य में पढ़ते हैं वह शिक्षा की बुनियादी सुविधाएं भी नहीं मिलने से परेशान हैं। अरूण सिंह ने कहा है कि सरकार भ्रष्टाचार में डूबी है। दिल्ली वाले 25 मई को केजरीवाल सरकार को वोट की ऐसी चोट देगी कि आम आदमी पार्टी दिल्ली की राजनीति से साफ हो जायेगी। वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है कि भाजपा लगातार कहती रही है आम आदमी पार्टी सरकार के शिक्षा को लेकर दावे पूरी तरह तथ्यविहिन हैं और कल उच्च न्यायालय में हुई सुनवाई के बाद भाजपा के आरोप सही साबित हो रहे हैं। उच्च न्यायालय की सुनवाई एवं न्यायाधीशों की टिपण्णी ने केजरीवाल सरकार के शिक्षा मॉडल की पोल खोल दी है। न्यायालय की टिपण्णी अनुसार केजरीवाल सरकार केवल उच्च कोटि की शिक्षा व्यवस्था पर दावों में मस्त रहती है जबकि जमीनी हकीकत बिल्कुल भिन्न है ने भाजपा के आरोपों को सही साबित किया है। केजरीवाल सरकार के दावों के ठीक विपरीत टीन टप्पर में स्कूल चल रहे हैं, उनमें टूटे डेस्क लगे हैं और किताब, कापी, वर्दी का समय पर ना बटना शर्मनाक है। मनोज तिवारी ने कहा है कि उत्तर पूर्वी दिल्ली संसदीय क्षेत्र ने वर्ष 2020 में अरविंद केजरीवाल को 7 विधायक दिये फिर भी उत्तर पूर्व दिल्ली में शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाएं बदहाल हैं।

### जेएनयू मुख्य द्वार पर प्रदर्शन से लोगों को असुविधा : कुलपति

**नई दिल्ली।** जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) की कुलपति शांतिश्री धूलिपुड़ी पंडित ने यौन उत्पीड़न की शिकायत पर विश्वविद्यालय प्रशासन की कथित निष्क्रियता के खिलाफ परिसर के मुख्यद्वार पर अनिश्चितकालीन प्रदर्शन कर रहे छात्रों से मंगलवार को मुलाकात की। उन्होंने प्रदर्शनकारियों से कहा कि वे अपना प्रदर्शन दूसरी जगह स्थानांतरित करें क्योंकि इससे लोगों को असुविधा हो रही है।

जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय की एक छात्रा ने आरोप लगाया है कि 31 मार्च की रात परिसर में दो पूर्व छात्रों समेत चार लोगों ने उसका यौन उत्पीड़न किया।

# संक्षिप्त समाचार

### कमल रानी टंडन स्टेडियम का लोकार्पण



**नई दिल्ली।** हिंदू नववर्ष विक्रम संवत 2081 के शुभ अवसर पर मंगलवार को मोहन गार्डन स्थित शिक्षण संस्थान कमल मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल के सभागार में छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रांतों की संस्कृति की छटा बिखेरी। रामराज्य में अयोध्या के उत्सव का दृश्य, पंजाब के लोक नृत्य भांगड़ा और गिद्दा, असम का बिहू नृत्य तथा महाराष्ट्र का महिषासुर मर्दन नृत्य की अनुपम प्रस्तुति से सभागार झूम उठा। दिल्ली प्रदेश मंदिर प्रकोष्ठ के संयोजक व मुख्य अतिथि करनैल सिंह ने कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले छात्रों की सराहना की। वहीं नवनिर्मित स्टेडियम के लिए मैनेजमेंट की भावना को नमन किया। इसके साथ ही करनैल सिंह ने कहा कि कमल रानी टंडन स्टेडियम नाम रखकर डॉ. वेद टंडन ने अपनी मां के शिक्षा में दिए चार दशक मेहनत को हमेशा के लिए जीवंत कर दिया है। उन्होंने बेटा होने का फर्ज बखूबी निभाया है। इस मौके पर पूर्व शिक्षा निदेशक भूपेंद्र सिंह और शैलेन्द्र सारस्वत, कमल, वंदना मौजूद थी

### निगम आयुष विभाग ने मनाया विश्व होमियोपैथिक दिवस

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम में मंगलवार को विश्व होमियोपैथिक दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयुष विभाग के निदेशक, डॉ मुजेयन्ना खातून ने बताया कि जर्मन फिजिशियन स्कॉलर सैमुअल हैनीमैन को होम्योपैथी का संस्थापक माना जाता है और उन्हीं के जन्मदिवस के मौके पर ये दिवस बनाया जाता है। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि द्वारा सैमुअल हेनीमैन की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किये और दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस मौके पर सैमुअल हेनीमैन के जीवन और उनके शोध पर एक प्रेजेंटेशन भी दिखाई गई। इस मौके पर नेशनल कमीशन होम्योपैथी के अध्यक्ष, डॉ अनिल खुराना मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित थे। उनके अलावा निदेशक आयुष, डॉ मुजेयन्ना खातून, अतिरिक्त निदेशक, डॉ सुजाता, सीएमओ, एनएफएस डॉ मंजीत कौर, अतिरिक्त निदेशक (आयुर्वेद) डॉ ललित तथा ओआईपीएस, आयुर्वेद डॉ सत्या डोनेला सहित आयुष विभाग के वरिष्ठ डॉक्टर और अधिकारी मौजूद थे।

### कुलदीप नारायण को प्रबंध निदेशक का अतिरिक्त प्रभार



**नई दिल्ली।** कुलदीप नारयाण को एनसीआरटीसी के प्रबंध निदेशक का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। कुलदीप नारायण केंद्रीय आवासन और शहरी मामलों के मंत्रालय (एमओएचयूए) में संयुक्त सचिव हैं। नारायण दिसंबर 2022 से सरकारी नामित निदेशक के रूप में एनसीआरटीसी से जुड़े हैं। नारायण बिहार कैडर के 2005 बैच के आईएएस अधिकारी हैं और उनके पास आईआईटी कानपुर से मैकेनिकल इंजीनियरिंग की डिग्री है। आवासन और शहरी मामलों के मंत्रालय में, वह इसके प्रमुख कार्यक्रम, सभी के लिए आवास/प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) देख रहे हैं। वह राष्ट्रीय आवास बैंक (एनएचबी) और आवास एवं शहरी विकास निगम (हुडको) में नामांकित आधिकारिक निदेशक के रूप में भी कार्यरत हैं। इससे पहले, वह बिहार में गोपालगंज, छपरा, मुंगेर और मधुबनी जिलों के जिला मजिस्ट्रेट के रूप में कार्य कर चुके हैं।

# 'सरकार बनने के बाद करेंगे प्रदूषण का समाधान'

## कांग्रेस का न्याय पत्र करोड़ों लोगों की आशाओं, अपेक्षाओं, दुख, तकलीफों के समाधान का प्रतिबिंब है : हारुन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

पूर्व मंत्री हारुन यूसूफ ने कहा कि लोकसभा चुनावों के लिए कांग्रेस घोषणा पत्र न्याय पत्र देश की आवाज है। यह उन करोड़ों लोगों की आशाओं, अपेक्षाओं, आकांक्षाओं, तकलीफों और दर्द का समाधान है।

पिछले 10 वर्षों से भाजपा की केन्द्र सरकार की उपेक्षा व अनदेखी झेल रहे करोड़ो देशवासी की परेशानियों का हल कांग्रेस केन्द्र की सत्ता में आने के तुरंत बाद निकाला जाएगा। उन्होंने कहा कि केंद्र में सरकार बनने के बाद कांग्रेस वायु और जल प्रदूषण की समास्या का निवारण करेगी। हारुन यूसूफ मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि राहुल ने भारत जोड़ों न्याय यात्रा के दौरान लोगों की परेशानियों का हल निकालने के लिए देश को 5 न्याय जैसे युवा न्याय, नारी न्याय, श्रमिक न्याय, किसान न्याय और हिस्सेदारी न्याय के अंतर्गत 25 गारंटियां देने भरोसा दिया है। युवा न्याय के तहत 30 लाख खाली पड़े सरकारी पदों को सबसे पहले भरेंगे क्योंकि बेरोजगारी पिछले 45 वर्षों में अपने चरम पर है जिसके कारण प्रति घंटा 2 युवा अपनी जान गंवा रहे हैं। पेपर लीक के लिए कठोर कानून बनाकर देश के युवाओं का भविष्य सुरक्षित बनाया जाएगा। युसूफ ने कहा कि घोषणा पत्र में संवैधानिक न्याय, आर्थिक न्याय, रक्षा न्याय सहित अगले 10 वर्षों में भारत की जीडीपी को दुगना करने का लक्ष्य रखा गया है । घोषणा पत्र में भ्रष्टाचार मुक्त और पारदर्शी प्रशासन देने के लिए वादा किया है कि पिछले 10 वर्ष में हुए भ्रष्टाचार के मामलों की जांच कराऐंगे और सार्वभौमिक स्वास्थ्य देखभाल के लिए 25 लाख रुपये तक कैशलेस बीमा का राजस्थान मॉडल को पूरे देश में लागू होने से भ्रष्टाचारियों पर बिना भेद भाव के कार्यवाही होने से जनता में विश्वास बहाली होगी। यूसूफ ने दावा किया कि केन्द्र में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद पर्यावरण और जलवायु प्रदूषण के मुद्दों के समाधान प्रमुखता से लेगी क्योंकि वायु प्रदूषण और जल प्रदूषण सार्वजनिक स्वास्थ्य पर भारी असर डाल रहे हैं।

# महाराजा अग्रसेन कॉलेज में 'होम एंड बियांड' में पूर्वोत्तर सांस्कृतिक विविधता का जश्न



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली विश्वविद्यालय के महाराजा अग्रसेन कॉलेज में मंगलवार को पूर्वोत्तर सोसाइटी ने 'होम एंड बियांड' के रूप में क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक विविधता का जश्न मनाते हुए वार्षिक उत्सव मनाया।

इस कार्यक्रम में प्रो. के. रत्नबली (शैक्षणिक मामलों के अध्यक्ष दिल्ली विश्वविद्यालय) मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने विविधता की सुंदरता बढ़ाने, राष्ट्र के विकास और एकता के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा, भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए विविध समुदायों की सामूहिक शक्ति का सदुपयोग करने के साथ एकजुट होकर आगे बढ़ना चाहिए। कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर संजीव कुमार तिवारी ने राष्ट्र के विकास में पूर्वोत्तर क्षेत्र के महत्व पर जोर दिया। साथ ही समावेशिता और एकता को बढ़ावा देने के लिए प्रोफेसर रत्नबली को समर्थन देने के लिए आभार व्यक्त किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों और संवादात्मक सत्रों की एक श्रृंखला के माध्यम से पूर्वोत्तर क्षेत्र की विविध विरासत, परंपराओं और प्रतिभाओं को प्रदर्शित किया। उपस्थित लोगों को संगीत, नृत्य, कला और पाककला का प्रदर्शन किया। विश्वविद्यालय के 60 से अधिक छात्रों की सहभागिता से पूर्वोत्तर राज्यों की संस्कृति की आकर्षक झलक देखने को मिली। महाराजा अग्रसेन कॉलेज की पूर्वोत्तर सोसाइटी ने विविध पृष्ठभूमि के छात्रों के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान, समझ और सद्भाव को बढ़ावा देने के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की, और अग्रिम पीढ़ी के लिए एक नया उदाहरण स्थापित किया।

# शतायु उम्र 101 साल के हीरा लाल, फूला देवी व चंद्रकला ने युवाओं से किया मतदान का आह्वान

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

**वोट के रूप में देश के हर नागरिक को मिली है अदृश्य ताकत**

**देश के विकास पथ में मतदाता का होता है महत्वपूर्ण योगदान**

**जिला** में 100 साल पार के बुजुर्गों ने युवाओं से आह्वान किया है कि वे मजबूत लोकतंत्र के लिए लोकसभा चुनाव 2024 में बढ़-चढक़र मतदान करें। आने वाली 25 मई को जिला में देश की सरकार चुनने के लिए मतदान होगा। नए वोटर्स को मतदान की महत्ता बताने के लिए विभिन्न सामाजिक संस्थाओं, जिला के प्रबुद्धजनों सहित 100 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके नागरिकों के माध्यम से वोट बनवाने व मतदान जरूर करें। बता दें कि जिला की चारों विधानसभा में 100 वर्ष से अधिक आयु के नौ मतदाता है। लोकतंत्र के इस महापर्व में कोई भी पात्र व्यक्ति मतदान से अछूता न रहे, इसके लिए जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी निशांत कुमार यादव के मार्गदर्शन में विभिन्न प्रकार की जागरुकता गतिविधियां की जा रही हैं। पटौदी विधानसभा में कासन निवासी 102 वर्षीय नंबरदार हीरा लाल ने युवाशक्ति से आह्वान किया है कि आगामी 25 मई को अपने मतदान का उपयोग अवश्य करें। स्वतंत्र भारत में वर्ष 1952 में हुए पहले आम चुनाव में मतदान करने वाले हीरा लाल बताते हैं कि गुलामी के लंबे दौर के बाद जब देशवासियों को वोट डालने अधिकार मिला उस अनुभव को किन्हीं शब्दों में बयां नही किया जा सकता। वोट के रूप में देश के हर नागरिक को अपना मत रखने के लिए एक अदृश्य शक्ति मिली थी। हीरा लाल के 77 वर्षीय पुत्र बताते हैं कि उनके पिता देश मे हुए पहले चुनाव से लेकर संयुक्त पंजाब व हरियाणा व वर्ष 1966 में हरियाणा बनने से लेकर अब तक 25 से अधिक बार मतदान कर चुके हैं।


101 साल के हीरा लाल


101 साल की चंद्रकला

इसी प्रकार पटौदी विधानसभा बलेवा गांव निवासी 101 वर्षीय फूला देवी ने बताया कि देश की आजादी के बाद भले ही महिलाओं को अपने विभिन्न हकों के लिए संघर्ष करना पड़ा हो। वोट ही एक मात्र माध्यम था, जिसको लेकर वे स्वतंत्र थी। उन्होंने कहा कि देश के विकास पथ में मतदाता का भी महत्वपूर्ण किरदार होता है। ऐसे में उन्हें संतुष्टि है कि आजादी के बाद देश के स्वर्णिम काल मे एक मतदाता के रूप में उनका भी महत्वपूर्ण योगदान रहा है। फूला देवी ने जिला के सभी मतदाताओं से 25 मई को अपने मत का प्रयोग करने व किसी लालच या नशा आदि के प्रभाव में ना आने का आह्वान किया है।

गुरुग्राम विधानसभा में गांव कन्हई निवासी 101 वर्षीय चंद्रकला ने कहा कि आजादी के बाद तकनीकों के नवाचार के चलते वोट डालने का कार्य भी अब काफी आसान हुआ है। पूर्व में जहां बैलेट पेपर से मतदान करना एक लंबी प्रक्रिया रही है। वहीं अब ईवीएम के माध्यम से यह महत्वपूर्ण कार्य अब ओर भी सरल हुआ है। हर वोटर अपने संविधान अधिकार को समझें और 25 मई को अपना वोट डालने जरुर जाएं, ताकि 100 फीसद मतदान से लोकतंत्र का सही स्वरूप बन सके।

# गुरुग्राम के बस अड्डे के कायापलट की जगी उम्मीद, डीसी ने किया निरीक्षण

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**हरियाणा राज्य परिवहन विभाग के प्रधान सचिव को जल्द भेजा जाएगा बस अड्डे के जीर्णोद्धार का प्लान**

**गुरुग्राम बस अड्डे पर बसों व यात्रियों की आवाजाही के लिए बनाई जाएंगी अलग लेन**

**वेटिंग एरिया व ऑटो जोन को भी प्लान में किया जाएगा शामिल**

**जिला** के नागरिकों सहित गुरुग्राम बस अड्डे पर आने वाले यात्रियों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। इसी उद्देश्य के साथ डीसी निशांत कुमार यादव ने मंगलवार को गुरुग्राम बस अड्डे का दौरा किया। उन्होंने वहां पुराने भवन को तोडऩे की कार्य प्रगति का जायजा लिया। बस अड्डे के जीर्णोद्धार को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। डीसी के निरीक्षण दौरे में जीएम प्रदीप अहलावत व पीडब्ल्यूडी के कार्यकारी अभियंता चरणदीप सिंह मौजूद रहे।


गुरुग्राम के बस अड्डे का निरीक्षण करते डीसी निशांत कुमार यादव

डीसी निशांत कुमार यादव ने कहा कि गुरुग्राम बस अड्डे पर आने वाले यात्रियों को जल्द ही व्यवस्थाओं में सुधार नजर आएगा। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा जल्द ही गुरुग्राम बस अड्डे के जीर्णोद्धार का ड्राफ्ट बनाकर मंजूरी के लिए हरियाणा राज्य परिवहन विभाग के प्रधान सचिव के पास भेजा जाएगा। जिसमें बसों के आने जाने के लिए अलग लेन का निर्माण, बस अड्डे पर आने वाले यात्रियों के सुगम आवगमन व बैठने के लिए वेटिंग एरिया सहित शौचालय व पीने के लिए वाटर कूलर समेत सभी प्रकार की सुविधाएं मुहैया कराई जाएगी। इसके साथ ही बस अड्डे पर निजी वाहनों व ऑटो से आने वाले यात्रियों के लिए भी अलग से ऑटो जोन बनाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि गुरुग्राम एक वैश्विक शहर है। ऐसे में यहां बस अड्डे पर आने वाले यात्रियों के लिए मूलभूत सुविधाओं का होना अत्यंत आवश्यक हैं। डीसी के निरीक्षण दौरे में जीएम प्रदीप अहलावत ने बताया कि गुरुग्राम बस अड्डा व वर्कशॉप साढ़े 14 एकड़ में बना है। गुरुग्राम परिवहन के पास कुल 216 बसें है। वहीं हरियाणा के अन्य जिलों सहित अन्य राज्यों की 100 से अधिक बसों का गुरुग्राम बस अड्डे पर रोजाना आवागमन होता है। उन्होंने बताया कि बस अड्डे पर रोजाना 20 हजार से अधिक यात्रियों का आवागमन होता है।

निरीक्षण दौरे में पीडब्ल्यूडी के कार्यकारी अभियंता चरणदीप सिंह ने डीसी निशांत कुमार यादव को बस अड्डे पर पुराने जर्जर भवन को तोडऩे के कार्य प्रगति से अवगत कराते हुए बताया कि गुरुग्राम बस अड्डे व वर्कशॉप की पुरानी बिल्डिंग को तोडने का कार्य मार्च माह में शुरू किया गया था, जोकि जून माह के अंत तक पूरा कर लिया जाएगा।

# मोदी व नायब सरकार का लक्ष्य हर परिवार को समृद्ध बनाना : डॉ. गजेंद्र गुप्ता

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति के मीडिया प्रमुख एवं जिला मीडिया प्रभारी डॉ. गजेंद्र गुप्ता ने मंगलवार को यहां जारी बयान में कहा कि गरीब कल्याण ही मोदी और नायब सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि है। डबल इंजन की सरकार गरीबों को उनका हक देने वाली सरकार है। जबकि कांग्रेस की सरकारों ने सदा गरीबों की जरूरतों को नजरअंदाज किया है।


डॉ. गजेंद्र गुप्ता


पवन यादव

डॉ. गजेंद्र गुप्ता ने कहा कि कांग्रेस ने कभी भी गरीब लोगों की ना तो चिंता की और ना ही उनकी परेशानियों को समझा है। 2014 में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सरकार बनने के बाद से ही मोदी सरकार गरीबों के हितों के लिए अनेकों योजनाएं बनाकर लाभ पहुंचा रही है। डबल इंजन सरकार की नीतियों की तारीफ करते हुए डा. गजेंद्र गुप्ता ने कहा कि मोदी सरकार की गरीब कल्याण नीतियों का परिणाम है कि 25 करोड़ से ज्यादा लोग गरीबी रेखा से बाहर निकले हैं। डबल इंजन की सरकार द्वारा चलाई गई पांच लाख रुपये के मुफ्त इलाज वाली आयुष्मान और चिरायु कार्ड योजना गरीबों के बहुत काम आ रही है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार का लक्ष्य हर परिवार का जीवन समृद्ध बनाना, गरीबी को जड़ से मिटाना और युवाओं को अच्छे रोजगार के साथ-साथ आत्मनिर्भर बनाना है।

**सरकार जनता की आकांक्षाओं पर खरा उतरी है :** गुरुग्राम लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति के मीडिया संपर्क प्रमुख एवं जिला मीडिया सह प्रभारी पवन यादव ने डबल इंजन की सरकार अपने दोनों कार्यकाल में जनता की आकांक्षाओं पर 100 प्रतिशत खरा उतरी है। नौकरियों में पारदर्शिता लाई गई है और भाई-भतीजावाद, सिफारिश, पर्ची-खर्ची सब पर लगाम लगाई गई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने जो वादे किए उनसे भी अधिक काम करके दिखाए। पवन यादव ने कहा कि हरियाणा में इस बार करनाल विधानसभा सहित 11 कमल खिलेंगे और देश तथा प्रदेश की जनता 400 पार के लक्ष्य को पूरा करेगी।

# सोहना के दो गांवों में गेहूं की फसल में आग लगने से किसानों को लाखों का नुकसान




मंगलवार को सोहना के गांव जोहलाका में गेहूं की कटी फसल के खेत में लगी आग

**सोहना।** खंड के दो अलग-अलग गांवों में हुई गेहूं की खड़ी फसल में आगजनी की घटनाओं में किसानों को लाखों रुपये का नुकसान हो गया। मौके पर पहुंची अग्निशमन विभाग की टीमो ने आग पर काबू करते हुए आसपास के खेतों मे खड़ी फसलों को सुरक्षित बचा लिया।

मंगलवार खंड के गांव घामडौज व जोहलाका में आगजनी की दो घटनाएं दोपहर बाद घटित हुई। पहली घटना गांव जोहलका में कंबाइंड मशीन से काटी गई फसल के तूड़े में आग लगी। उक्त आग लगने की सूचना सदर थाना पुलिस और अग्निशमन विभाग के खंड कार्यालय सोहना को दी गई। सूचना मिलने के करीब 35 मिनट बाद मौके पर पहुंची अग्निशमन विभाग की गाड़ी ने 20 से 25 मिनट में आग को काबू कर लिया। जिससे किसान को तूड़े का नुकसान हुआ। दूसरी घटना भोंडसी थाना के गांव घामडौज निवासी राजेन्द्र के खेत में आग लगी। यहा पर गेहूं की एक एकड़ फसल जलकर राख हो गई। यह आग बिजली की लाइन टूटने से उठी चिंगारियों से लगी थी। यहा पर पहुंची अग्निशमन विभाग की टीम ने आग को काबू करने में 40 से 45 मिनट का समय लगा। लेकिन किसान राजेन्द्र को एक एकड़ गेहूं की फसल को पूरा नुकसान हो गया। अग्निशमन विभाग के सहायक प्रभारी जयबीर भडाना ने बताया कि दोनों की आग की घटनाओं के दौरान किसानों को अधिक नुकसान समय पर पहुंच बचा लिया।

# वृद्ध, दिव्यांग और कोरोना पीड़ित पहली बार बैलेट पेपर से देंगे वोट

**सोहना।** चुनाव आयोग के आदेश पर इस बार 85 वर्ष या इससे अधिक उम्र वाले वृद्ध से लेकर दिव्यांग और कोरोना पीड़ित मतदाता बैलेट पेपर से मतदान करेंगे। ऐसे मतदाता अपने घर पर रहकर वोट डालने का काम करेंगे। जिसके लेकर विधानसभा क्षेत्र में सर्वे अभियान शुरु कर दिया है। आगामी 25 मई को गुरुग्राम लोकसभा सीट पर होने वाले मतदान के दौरान 85 या इससे अधिक उम्र वाले मतदाताओं को अपना वोट डालने के लिए मतदान केन्द्र तक नहीं जाना होगा। अधिक उम्र दराज वृद्धों से लेकर 40 फीसदी दिव्यांगजन और कोरोना से पीड़ित मतदाता भी 25 मई को अपने घर या अस्पताल में ही रहकर वोट डाल सकेंगे। यें मतदाता पहली बार अपने घर पर रहकर बैलेट पेपर मोहर लगाकर अपनी वोट डालने का काम करेंगे। यह ऐसे मतदाता के घर पर 25 मई को घर-घर मतदान केन्द्र से टीम जाकर वोट डलवाने का काम करेंगी।


सोहना एसडीएम सोनू भट

> **25 मई** को होने वाला लोकसभा चुनाव की तैयारियों का लेकर गठित टीमों को जिम्मेदारियां सौंप दी गई है। मतदान केंद्र तक न आने वाले मतदाताओं के सत्यापन का सर्वे कार्य शुरु कर दिया है। जिसकी सूची तैयार करके चुनाव आयोग को भेज दी जाएगी।
>
> **( सोनू भट-एसडीएम सोहना )**

**सत्यापन सर्वे शुरु :** लोकसभा चुनाव को लेकर तैयार मतदाता सूची के आधार पर दर्शाई गई उम्र के आधार पर ऐसे मतदाताओं के घर-घर जानकर बीएलओ सत्यापन करने का काम कर रहे है। 85 या इससे अधिक उम्र वाले मतदाता, दिव्यांग और कोविड पीडित मतदाता घर से वोट करेंगे।

# 23 अप्रैल को आयोजित होगा बालाजी महाराज का संकीर्तन

**फिरोजपुर झिरका।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शहर के धर्म प्रेमियों द्वारा श्री हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य पर बालाजी महाराज का संकीर्तन बड़े धूमधाम के साथ किया जा रहा है। इस भव्य धार्मिक आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में काफी उत्साह देखा जा रहा है। वहीं कार्यक्रम के आयोजक अतुल गोयल, योगेश शर्मा, दीपांशु गोयल, अनुज बंसल, अनीश गोयल उर्फ सिप्पी, राजेश शर्मा ने जानकारी देते हुए कहा कि भगवान रामचंद्र की कृपा से पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी सिविल लाइंस रोड़ पर स्थित श्री सीताराम जी बगीची, नजदीकी नवग्रह शनि मंदिर के पास हनुमान जी मंदिर के प्रांगण में बालाजी महाराज का संकीर्तन आगामी 23 अप्रैल मंगलवार शाम सात बजे से मध्य रात्रि तक बड़े धूमधाम किया रहा है। इस अवसर पर बालाजी महाराज का भव्य दरबार लगाया जाएगा और बाबा का अलौकिक एवं मनमोहक श्रृंगार किया जाएगा। बालाजी महाराज को रिझाने के तमाम तरह के छप्पन भोग लगाएं जाएंगे। इसके अतिरिक्त कीर्तन में उपस्थित श्रद्धालुओं के ऊपर इत्र एवं पुष्प वर्षा की जाएगी। इस अवसर पर बालाजी महाराज का गुणगान करने के लिए दूर दराज से आमंत्रित भजन गायक अपने कर्ण प्रिय भजनों से लोगों दिलों में भक्ति रस का संचार करेंगे। उन्होंने शहर के समस्त धर्म प्रेमियों से अपील करते हुए कहा कि सभी श्रद्धालु ज्यादा से ज्यादा संख्या में इस धार्मिक आयोजन का हिस्सा बने और धर्म लाभ उठाएं।



# चोरों ने राजकीय स्कूलों में मचाया तांडव, दो स्कूलों में से इनवर्टर और 14 बैट्रियां की चोरी

**राजकीय मंडावर के प्राथमिक पाठशाला में चौकीदार के शोर मचा देने पर बैरंग लौट गए चोर**

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**एक** ही रात में चोरों ने खंड के दो अलग-अलग गांवों में स्थित राजकीय स्कूलों में चोरी का तांडव मचाते हुए दो इनवर्टर और 14 सौर ऊर्जा से चलने वाले बैट्रा चोरी कर ले गए। स्कूल प्रभारी द्वारा दी गई शिकायत के आधार पर सोहना सदर थाना पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस चोरी का खुलाशा करने में जुट गई है।

रविवार की रात को खंड के गांव खेड़ला लाला के राजकीय सीनियर सैकंडरी स्कूल और पास लगते गांव बादशाहपुर टैठड़ के राजकीय प्राथमिक पाठशाला में अज्ञात चोर एक ही रात में इंवेटर और सौर ऊर्जा से चलने वाली बैट्रा चोरी हो गए।




सोहना के गांव खेड़ली लाल का राजकीय सीनियर सैकेंडरी स्कूल। स्कूल में चोरी के बाद स्टाफ कक्ष में रखी इंवेटर की खाली ट्राली।

राजकीय सीनिर सैकेंडरी स्कूल खेड़ली लाल के प्रधानाचार्य राजेश कुमार ने सोहना सदर थाना पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि सोमवार की सुबह स्कूल पहुंचने पर सेवादार ने उसे स्टाफ कक्ष में रखा इंवेटर और उसके साथ छह बैट्रा गायब थे।

इसी प्रकार पास के गांव बादशाहपुर टैठड़ के राजकीय प्राथमिक पाठशाला में अज्ञात चोर इंवेटर और आठ बैट्रा चोरी करके ले गए। राजेश कुमार ने बताया कि एक बैट्रा की कीमत 20 हजार रुपये थी। एक इंवेटर की कीमत भी पांच से 7सात हजार रुपये होती है। जिससे दोनों ही स्कूलों में मिलकार करीब तीन लाख रुपये का आर्थिक नुकसान हुआ है। जानकार सूत्रों ने बताया कि इसी रात पास के गांव मंडावर के राजकीय प्राथमिक पाठशाला में भी चोर पहुंचे थे। लेकिन वहां रात के समय में मौजूद चौकीदार द्वारा शोर मचा देने पर दीवार कूदकर अंदर स्कूल में घूसे चोर वापस दीवार को कूदकर भाग गए। खेड़ली लाला व बादशाहपुर टैठड़ के राजकीय स्कूलों में चौकीदार के पद खाली पड़े हुए हैं।

> **चोरी** की वारदातों की जांच शुरु कर दी है। पुलिस की गठित टीम चोरी का खुशाला करने में अज्ञात चोरों की तलाश में जुट गई है।
>
> **( जगजीत सिंह-प्रभारी सदर थाना सोहना )**

# अनाज मंडी में 11 दिन से गहराया पेयजल संकट, बुधवार की शाम तक दिया आश्वासन

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**स्थानीय** अनाज मंडी में पिछले 11 दिन से गहराया पेयजल संकट से यहा के निवासी एक-एक बूंद को तरस रहे है। मंडी परिसर में 15 से 20 घरों के निवासी बाजार से बोतल बंद पानी खरीद कर अपने गला तर करने को मजबूर हो रहे है। जिसकी शिकायत जनस्वास्थ्य विभाग और मार्केट कमेटी को पिछले पांच दिन से लगातार की जा रही है।

गर्मी का मौसम शुरु होने के साथ ही अनाज मंडी परिसर में पेयजल संकट गहराने लगा है। यहा के निवासी का आरोप है कि शुक्रवार तक पेयजल आपूर्ति में मिट्टी व सीवर का पानी आ रहा था। वार्ड पार्षद नीरज सिंगला ने बताया कि उक्त समस्या को लेकर शिकायत जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को की गई। जिसके आधार जनस्वास्थ्य विभाग ने शुक्रवार को शहर की कोहलीवाड़ा मौहल्ले के पास मिली समस्या को दूर किया। लेकिन शुक्रवार कश् शाम से मंडी परिसर के 15 से 20 घरों में पानी की एक बूंद सप्लाई में नहीं आने से जलसंकट और अधिक गहरा गया। मार्कर्ट कमेटी द्वारा दी जा रही पेयजल आपूर्ति से स्थानीय लोगों की पानी की पूर्ती नहीं हो पाने से लोगों में भारी रोष पनप गया। जिसको लेकर स्थानीय लोगों ने मार्केट कमेटी और जनस्वास्थ्य विभाग के स्थानीय अधिकारियों को लिखित व मौखिक रुप से शिकायत की।




सोहना की अनाज मंडी में गहराए जलसंकट को लेकर समस्या का समाधान करते हुए मार्केट कमेटी के कर्मचारी।

> **मंडी** परिसर में पेयजल की समस्या का निदान करना मार्केट कमेटी की जिम्मेदारी है। उनका कार्य मंडी परिसर से बाहर था। जिसे दूर करा दिया है।
>
> **( ओमप्रकाश-एसडीओ जनस्वास्थ्य विभाग )**

> कंस्ट्रक्शन विंग को उन्होंने शिकायत दे दी है। मंगलवार को विंग के एसडीओ, जेई और कर्मचारी ने आकर मौका मुआयना कर लिया है। जिसका साथ के साथ ठेका दे दिया है। बुधवार की शाम तक गहराया जलसंकट का समाधान हो जाएगा।
>
> **( सुनीता देवी-सचिव मार्केट कमेटी )**

## संक्षिप्त समाचार

### अतिरिक्त निगम आयुक्त ने किया डंपिंग साइटों का दौरा


गुरुग्राम के मानेसर में डंपिंग साइट्स का दौरा करते अतिरिक्त निगम आयुक्त

**गुरुग्राम।** नगर निगम मानेसर के अतिरिक्त आयुक्त जितेंद्र कुमार ने मंगलवार को मानेसर स्थित डंपिंग साइटों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने कूड़ा निपटान की प्रक्रिया को देखा और कार्य में तेजी लाने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए। गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाने के आदेश भी निगम के सफाई अधिकारी को दिए। अतिरिक्त आयुक्त जितेंद्र कुमार ने मानेसर सेक्टर-6, 8 और मानेसर पहाड़ी स्थित नगर निगम की डंपिंग साइटों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने मानेसर नगर निगम क्षेत्र से कूड़े का उठान करने वाली एजेंसी के कामकाज और कूड़ा निपटान प्रक्रिया का जायजा लिया। सेक्टर-8 स्थित डंपिंग साइट पर लगी ट्रोमेल मशीन की प्रक्रिया का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि संभव हो तो ट्रोमेल मशीन बढ़ायें, ताकि कूड़े का जल्द से जल्द निपटान किया जा सके। नगर निगम के सफाई निरीक्षकों को सभी जोन की सफाई व्यवस्था के लिए उनकी जिम्मेवारी भी तय करने के आदेश सफाई अधिकारी एमएस सोढ़ी को दिए। इसी के साथ अतिरिक्त आयुक्त ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र में गंदगी फैलाने वालों से भी सख्ती से निपटा जाएगा। वरिष्ठ सफाई निरीक्षक और सफाई निरीक्षकों को लिखित आदेश देते हुए कहा कि वे अपने-अपने जोन में बल्क वेस्ट जनरेटर्स, पॉलिथीन, एसटीपी और गंदगी फैलाने वालों पर कार्रवाई करते हुए उनके चालान भी करें।

### गुरुग्राम विवि में मतदाता जागरूकता अभियान की शुरुआत



गुरुग्राम विवि में चुनाव के प्रति जागरुकता के लिए सेल्फी प्वायंट का शुभारंभ करते कुलपति प्रो. दिनेश कुमार

**गुरुग्राम।** मतदान के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक करने के उद्देश्य से मंगलवार को गुरुग्राम विश्वविद्यालय परिसर में कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कुलसचिव डॉ. राजीव कुमार सिंह के साथ जीयू के जनसंपर्क विभाग द्वारा तैयार किए गए सेल्फी पॉइंट का उद्घाटन किया। इस अवसर पर कुलपति ने कार्यक्रम में उपस्थित छात्रों से मतदान में शत-प्रतिशत सहभागिता के लिए आह्वान किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि छात्र सेल्फी प्वाइंट के पास सेल्फी खींचवाकर सोशल मीडिया पर डालें, ताकि अधिक से अधिक लोग मतदान के प्रति जागरुक हों। मतदाताओं की संख्या अधिक से अधिक बढ़े। उन्होंने कहा मतदान करना हर भारतीय नागरिक का अधिकार है। मतदान लोकतंत्र में सीधी सहभागिता का अवसर आपको प्रदान करता है। जितने लोग अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे लोकतंत्र उतना ही मजबूत होगा। युवा ही देश के कर्णधार हैं। लोकतंत्र के इस महापर्व में उनकी सहभागिता जरूरी है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस अभियान से युवा मतदाता आकर्षित होंगे। इस अवसर पर गुरुग्राम विवि के कुलसचिव ने विद्यार्थियों से अपील की सेल्फी प्वाइंट में आकर सेल्फी ले और इस मुहिम को सफल बनाएं। उन्होंने गुरुग्राम विवि के सभी छात्रों एवं शिक्षकों को सेल्फी खिंचवाने के लिए प्रेरित किया।

### नींद का झटका आने से एलिवेटेड मार्ग से टकराने पर पलटी कार

**सोहना।** गुरुग्राम-सोहना एलिवेटेड मार्ग पर शहर की चुंगी नंबर एक के निकट तेज गति से दौड़ रही अचानक से सुरक्षा दीवार से टकरा गई। जिससे कार सुरक्षा दीवार के साथ-साथ करीब 50 से 60 फुट तक सड़क पर रगड़ खाते-खाते पलट गई। कार में सवार चालक को को अन्य वाहन चालकों ने क्षतिग्रस्त कार से बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचा दिया। इस हादसे में कार चालक को कंधा और हाथ पैरो में चोटें लगी थी। मंगलवार की सुबह समय करीब पौने सात बजे एलिवेटेड मार्ग पर शहर गुरुग्राम की तरफ से आ रही कार शहर की चुंगी नंबर एक के समीप चलते-चलते सुरक्षा दीवार से टकरा गई। कार दीवार से टकराने के बाद उछली और दो से तीन कलाबाजी करने के बाद सड़क पर चालक साइड से सड़क पर घसीटते हुए करीब 60 फुट तक रगड़ती हुई चली। जिससे उसमें सवार चालक को कार की खिड़की के शीशे टुटने और सड़क की रगड़ लगने से कंधा, हाथ, पैर और सिर में मामूली चोटें आई। घायल चालक को क्षतिग्रस्त कार से बाहर निकाला और अस्पताल में पहुंचा दिया। जिसका नाम पता मालूम नहीं हो सका है। जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधीकरण के कर्मचारी अर्जून ने बताया कि यह हादसा चालक को नींद का झटका आ जाने से यह हादस घटित होना बताया गया है। मौके पर पहुंची एनएचएआई की टीम ने राष्ट्रीय मार्ग पर पड़ी क्षतिग्रस्त कार की सुरक्षा व्यवस्था कर दी है। शहर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सुरेन्द्र कुमार ने बताया कि अभी तक उनके पार कार हादसे को लेकर न तो कोई एमएलसी आई है और ही किसी ने कोई शिकायत दी है।


मंगलवार की सुबह गुरुग्राम-सोहना एलिवेटेड मार्ग पर सेहना के निकट पलटी कार

### राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों पर बदमाशों का हमला



**गुरुग्राम।** अखाड़े में पहलवानी कर रहे पहलवानों पर हथियारबंद बदमाशों ने हमला कर दिया। उनको जमीन पर गिराकर लाठी-डंडों से जमकर पीटा गया। इस हमले में राष्ट्रीय स्तर के चार पहलवानों को चोटें आई। पहलवानों के हाथ-पांव भी टूटने की सूचना है। जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। यह सारी वारदात सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई। जानकारी अनुसार नगर निगम मानेसर के गांव नौरंगपुर क्षेत्र के एक अखाड़े में लाठी-डंडों से लैस होकर दो दर्जन से अधिक कुछ बदमाश सुबह 6 बजे पहुंचे। इस दौरान विवाद हो गया और बदमाशों ने पहलवानों पर हमला कर दिया। लाठी-डंडों से पहलवानों को जमकर पीटा गया। इस घटना के दौरान अखाड़े में भगदड़ मच गई। कुछ पहलवान बदमाशों के चंगूल से दूसरे साथियों को बचाने में लगे रहे। बदमाशों ने जमीन पर गिराकर पहलवानों को पीटा। नवशक्ति अकादमी के संचालक जगत के मुताबिक यह अखाड़ा सरकार की ओर से चलाया जा रहा है। घटना के समय वह मौके पर नहीं थे। उन्हें जैसे ही सूचना मिली कि अकादमी में पहलवानों पर हमला हुआ है। उन्होंने बताया कि 25-30 बदमाश शिकोपुर गांव के रहने वाले हैं। कुछ हमलावरों की पहचान हो चुकी है।

# वैदिक मंत्रोच्चार से हुआ नव विक्रम संवत का स्वागत

### श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय में हुआ चैत्र प्रतिपदा पर हवन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**श्री** विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय में विक्रमी संवत 2081 का स्वागत वैदिक मंत्रोच्चार के साथ किया गया। चैत्र प्रतिपदा और नवरात्र के उपलक्ष्य में हवन का आयोजन किया गया। कुलसचिव प्रोफेसर ज्योति राणा ने मुख्य यजमान के रूप में हवन में आहुति डाली और सभी को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि मंगलवार से विक्रम संवत 2081 का प्रारंभ हो गया है। हमारे त्योहार और संस्कृति अदभुत है। उनमें लालित्य है और वैशिष्ट्य है। आज ही के दिन कश्मीरी नव वर्ष नवरेह भी है, देश के कुछ हिस्सों में गुड़ी पड़वा भी है, चैत्र नवरात्र भी है। इसलिए यह अवसर हमारे लिए और विशेष हो जाता है। प्रोफेसर ज्योति राणा ने कहा कि हमारे स्वदेशी कैलेंडर की गणना इतनी सटीक है कि जब



खगोल के उपकरण नहीं बने थे, तभी से हमारे विद्वान अपनी गणना से सूर्य ग्रहण और चंद्र ग्रहण जैसी खगोलीय घटनाओं के हजारों वर्ष का शुद्ध आंकलन करने में सक्षम थे। उन्होंने विद्यार्थियों को इस नव वर्ष में और अधिक उन्नति करने के लिए प्रेरित किया। कैलाश भवन में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य छात्रपाल प्रोफेसर ऋषिपाल ने विद्यार्थियों को वैदिक रीति और हवन के महत्व के विषय में बताया। उन्होंने विद्यार्थियों को अपनी मूल संस्कृति से जुड़ने और संस्कारी बनने का आह्वान किया। दोनों अधिकारियों ने कार्यक्रम के संयोजक होस्टल सुपरवाइजर सतीश के प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम का आयोजन करने वाले छात्रों हिमांशु, नितिन, प्रवेश, अतुल, मयंक, दिव्यांशु और जयदीप पुनिया की पीठ थपथपाई।

इस अवसर पर डॉ. संजय राठौर, डॉ. प्रीति, छत्रपाल डॉ. मोहित श्रीवास्तव, महिला वार्डन डॉ. भावना रूपराई, डिप्टी लाइब्रेरियन डॉ. जितेंद्र दुबे, हिंदी अधिकारी भूपेंद्र प्रताप सिंह, वेब एडमिनिस्ट्रेटर प्रवीण आर्य, सहायक उप निदेशक विनोद भारद्वाज, दीपक दूहन, डॉ. सोहन लाल, डॉ. हिमानी, सोनिया शर्मा, निकिता, स्टाफ नर्स ज्योति और हरिओम सहित काफी संख्या में कर्मचारी और विद्यार्थियों ने हवन में आहुति डाल कर नव वर्ष का स्वागत किया।

# कर्मचारियों के साथ हुई मारपीट के विरोध में धरने पर रहे बिजलीकर्मी



पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**बिजली** बोर्ड कर्मचारियों के साथ हुई मारपीट मामले में दोषियों के खिलाफ कोई भी कार्रवाई नहीं होने के विरोध में मंगलवार को उपमंडल अधिकारी सब अर्बन सब डिविजन के प्रांगण में ऑल हरियाणा पावर कॉरपोरेशन वर्कर यूनियन के आह्वान पर चल रहा धरना प्रदर्शन दूसरे दिन भी जारी रहा। प्रदर्शन अध्यक्षता सब यूनिट प्रधान रणधीर तेवतिया ने की एवं संचालन सब यूनिट उपप्रधान देशराज जाखड़ के द्वारा किया गया ।

इस अवसर पर कर्मचारियों से घटना का जिक्र करते हुए सर्व कर्मचारी संघ के जिला के प्रधान और सर्किल सचिव राजेश शर्मा, सर्व कर्मचारी संघ ब्लॉक पलवल प्रधान और यूनिट प्रधान राजकुमार डागर ने बताया कि गत दिनांक 19 मार्च को उपमंडल अधिकारी के आदेश पर कंप्लेंट सेंटर स्टाफ गांव पृथला में बकाया बिल की रिकवरी के लिए गया था। जैसे ही वो हटुआ मोहल्ले में पहुंचे, वहां पर उनकी मुलाकात मोनू पुत्र बीर सिंह से हुई। कर्मचारियों ने उनसे बकाया बिल नहीं भरने का कारण पूछा तो मोनू पुत्र बीर सिंह निवासी हटुआ मोहल्ला पृथला ने कर्मचारियों पर लोहे के हथियार व लात घूसों से कई बार किए।

उपमंडल अधिकारी सब अर्बन सब डिवीजन पलवल के द्वारा गदपुरी थाने में कर्मचारियों से मारपीट करने जान से मारने की धमकी देने और सरकारी कार्य में बाधा डालने के बारे एफआईआर दर्ज करने के लिए एक शिकायत पत्र भेज चुके हैं। लेकिन 15 दिन से अधिक समय बीत जाने पर पुलिस प्रशासन के द्वारा अभी तक कोई भी कार्रवाई नहीं की गई है, जिस पर कर्मचारियों में भारी रोष है। अगर जल्द से जल्द पुलिस के द्वारा मुकदमा दर्ज नहीं किया तो इस आंदोलन को और तेज किया जाएगा। जिसके लिए निगम व पुलिस प्रशासन जिम्मेवार रहेगा।

धरने में यूनिट कैशियर दीपक शर्मा, यूनिट उपप्रधान योगेश कुमार, यूनिट प्रेस सचिव मनोज डागर, सब यूनिट उपप्रधान जितेंद्र तेवतिया, सब यूनिट कैशियर भानु प्रताप, सब यूनिट शह सचिव सूरज, सब यूनिट प्रेस सचिव कृष्णमोहन आदि मुख्य रूप से मौजूद थे।

# नवरात्र के पहले दिन मंदिरों में उमड़ी भीड़, मंदिरों में दिनभर गूंजते रहे जयकारे





### मंदिरों व घरों में कलश स्थापना के साथ मां का आह्वान किया गया, श्रद्धालुओं ने व्रत रखकर समृद्धि की कामना की

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**मां** भगवती की आराधना के पर्व चैत्र नवरात्र की मंगलवार से शुरुआत हो गई। मंदिरों व घरों में मंत्रोच्चारण के बीच मां दुर्गा का आह्वान किया गया। इस दौरान कलश स्थापना व हवन यज्ञ भी किए गए। पहले दिन मां दुर्गा के शैलपुत्री स्वरूप की पूजा अर्चना की गई। अखंड ज्योत जलाकर दुर्गा सप्तशती का पाठ शुरू किया गया।

नवरात्री पर्व में मां दुर्गा के नौ स्वरूपों शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कुष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी और सिद्धदात्री देवी की पूजा का विधान है। शुक्रवार को शहर के मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटी रही। दिनभर मंदिर जयकारों से गूंजते रहे।

मंदिरों और घरों में कलश स्थापना के साथ मां का आह्वान किया गया। एनआईटी स्थित माता वैष्णों देवी मंदिर में सुबह से ही पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की लंबी लाइन लगी रही। पहले दिन मां दुर्गा का श्रृंगार कर छत्र चढ़ाया गया और मुकुट पहनाया गया। इसके बाद दर्शन के लिए मंदिर के कपाट खोले गए।

भीड़ को ध्यान में रखते हुए यहां पुलिस बल की तैनाती की गई थी। सुरक्षा के मद्देनजर सड़क पर हल्का डायवर्जन भी किया गया। श्रद्धालुओं की लाइन के लिए सड़क पर बेरिकेडिंग की गई है। इसके अलावा मंदिर के मुख्य द्वार पर कैमरे भी लगवाए गए हैं। सूरजकुंड स्थित लक्ष्मी नारायण दिव्यधाम में नवरात्र के पहले दिन विधि विधान से देवी की आराधना हुई।

बस अड्डा स्थित सिद्धपीठ श्री महाकाली मंदिर संस्थान में हवन का आयोजन किया गया। शाम को माता की चौकी का आयोजन किया गया। मंदिर कमेटी प्रधान ने बताया कि मंदिर में रोजाना एक हजार भक्तों के प्रसाद की व्यवस्था की गई है। सैनिक कॉलोनी स्थित शिव मंदिर, जवाहर कॉलोनी स्थित दुर्गा मंदिर, बल्लभगढ़ का श्याम मंदिर, तिगांव का महाकाली मंदिर, सेक्टर-29 स्थित हरियाणा काली मंदिर, सराय ख्वाजा स्थित शिव मंदिर, नाथी चौक ए ब्लाक स्थित मां दुर्गा मंदिर, तीन नंबर स्थित दुर्गा मंदिर, एचएच पांच स्थित दुर्गा मंदिर, जवाहर कलोनी स्थित जगदंबा मंदिर, ओल्ड फरीदाबाद पथवारी मंदिर सहित शहर भर के मंदिरों में लोगों ने मां भगवती की पूजा की। सुबह साढ़े 11 बजे से सवा 12 बजे तक घटस्थापना की गई।

# डीपीएस में बताया योग का महत्व



पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**जिला** योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन पलवल के तत्वाधान में योग विज्ञान चिकित्सा शिविर का आयोजन दिल्ली पब्लिक स्कूल बामनीखेड़ा के प्रांगण में योगाचार्य गुरमेश सिंह के सानिध्य में गायत्री माहमंत्र के उपरांत हुआ। शिविर की अध्यक्षता स्कूल प्रिंसिपल हरीश सचदेवा ने की तथा संयोजन धर्मेंद्र सिसोदिया कोऑर्डिनेटर डीपीएस स्कूल ने किया। मंच संचालन गीता पीटीआई ने किया। इस अवसर पर योगाचार्य गुरुमेश सिंह ने शिविर के दौरान योगासन में ताड़ासन, त्रिकोणासन, उत्कटासन, वृक्षासन, गोमुखासन, पद्मासन, वधपद्मासन, उठितपद्मासन, पश्चिमोत्तानासन, सुपतासन, गर्भासन, कुकटासन, एकपद सेकंधासन, वज्रासन, शवासन व उल्टा लेटने वाले आसनों मे भुजंगासन, नोकासन, धनुरासन, एक पद धनुरासन, सलभासन, सीधे लेटने वाले आसन में सर्वांगासन, उत्तानपादासन, हलासन, चक्रासन, सूक्ष्म व्यायाम में योगिंग, जॉगिंग स्कंद कटी चालन, गिरवा चालन आदि के साथ ध्यान योग कराया गया। साथ ही सूर्य नमस्कार कराया गया। प्राणायाम में भस्त्रिका, कपालभाति, अनुलोम विलोम, भ्रामरी, उदगीद, उज्जाई, शीतली, शितकारी आदि कराए गए। प्राकृतिक चिकित्सा के द्वारा होने वाले उपचार मिट्टी पानी धूप हवा यह सब रोगों की दवा के द्वारा उपचार मानव शरीर पर होने वाले लाभ भी बताए गए। आदर्श स्वास्थ्य की दृष्टि से अंकुरित आहार में मिला-जुला मोटा अनाज मे जो, चना, गेहूं, मकई, रागी, सोयाबीन, मूंग, मौठ, आदि के प्रयोग से होने वाले लाभ बताए।

# मैरिंगो एशिया अस्पताल ने एक बड़े बदलाव की दिशा में कदम बढ़ाते हुए, न्यूरोसर्जरी की प्रक्रिया को बिल्कुल सही एवं सटीक बनाने वाली अत्याधुनिक न्यूरो-नेविगेशन तकनीक को पेश किया

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**मैरिंगो** एशिया अस्पताल, फरीदाबाद सर्जरी की प्रक्रियाओं के लिए चिकित्सकीय रूप से कई अत्याधुनिक विकल्पों की पेशकश करता है। अस्पताल का न्यूरोसर्जरी विभाग, न्यूरोसर्जरी में उपयोग की जाने वाली उन्नत तकनीकों के साथ उत्कृष्टता केंद्र के रूप में स्थित है, जो इस प्रक्रिया को बिल्कुल सटीक और हर कसौटी पर खरा बनाते हुए त्रुटियों की न्यूनतम या कोई गुंजाइश नहीं छोड़ता है, जिससे नतीजे बेहतर होते हैं और मरीजों के लिए जोखिम कम हो जाता है। अस्पताल में न्यूरोसर्जरी विभाग की कमान डॉ. तरुण शर्मा, डायरेक्टर एवं एचओडी, न्यूरोसर्जरी, के हाथों में है, जिसमें उन्हें डॉ. सचिन गोयल, सीनियर कन्सलटेंट, न्यूरोसर्जरी का सहयोग प्राप्त है।

भारत में संक्रामक और गैर-संक्रामक, दोनों तरह के रोगों में न्यूरोलॉजिकल बीमारियों का बहुत बड़ा योगदान है, जो जानलेवा एवं गैर-जानलेवा हो सकते हैं। इन बीमारियों के बड़े पैमाने पर प्रसार, बीमारी के बोझ और इससे जुड़े जोखिम कारकों के बारे में जानकारी हासिल करने के लिए, भारतीय आबादी में न्यूरोलॉजिकल बीमारियों के बारे में व्यवस्थित तरीके से और बड़े पैमाने पर डेटा का विश्लेषण करना आवश्यक हो गया है।

न्यूरोनेविगेशन को न्यूरोसर्जिकल नेविगेशन भी कहा जाता है, जो एक ऐसी तकनीक है जिसका उपयोग न्यूरोसर्जरी की प्रक्रिया के दौरान सर्जनों को सटीक मार्गदर्शन देने के लिए किया जाता है। इसमें कंप्यूटर पर आधारित प्रणालियों को एमआरआई या सीटी स्कैन जैसी इमेजिंग तकनीकों के साथ जोड़ा जाता है, ताकि मरीज की शारीरिक संरचना के विश्लेषण के लिए उसके मस्तिष्क और रीढ़ की हड्डी का पूरा खाका तैयार किया जा सके।

डॉ. तरुण शर्मा, डायरेक्टर एवं एचओडी, न्यूरोसर्जरी विभाग, मैरिंगो एशिया हॉस्पिटल्स फरीदाबाद कहते हैं, न्यूरोसर्जरी इंसानी शरीर पर की जाने वाली कुछ सबसे जटिल सर्जरियों में से एक है। मस्तिष्क, रीढ़ की हड्डी, पेरीफेरल नर्व्स और सेरेब्रोवास्कुलर सिस्टम से संबंधित यह प्रक्रिया काफी जटिल होती है, जो बोलने, याद रखने, शरीर की गतिविधियों पर नियंत्रण और आंतरिक अंगों के अच्छी तरह काम करने जैसे महत्वपूर्ण कार्यों को प्रभावित करती है। सर्जनों को न्यूरोसर्जरी की प्रक्रिया के दौरान वास्तविक समय में मार्गदर्शन प्रदान करके सटीकता और सुरक्षा को बेहतर बनाना ही न्यूरोनेविगेशन का मुख्य लक्ष्य है। सर्जरी से पहले, इमेजिंग डेटा को मरीज की एनाटॉमी के साथ जोड़ा जाता है। इस प्रक्रिया में इमेजिंग डेटा में संबंधित बिंदुओं के साथ मरीज के शरीर पर खास बिंदुओं या जगहों का मिलान किया जाता है। यह सुनिश्चित करता है कि, नेविगेशन प्रणाली प्रक्रिया के दौरान मरीज की एनाटॉमी बिल्कुल सटीक तरीके से दर्शाए। जिस तरह से नेविगेशन प्रक्रिया की जाती है, उसे देखते हुए इमेजिंग डेटा में 3D रिकंस्ट्रक्शन, वर्चुअल दृश्य के साथ-साथ ब्लड वेसल्स या ट्यूमर मार्जिन जैसी नाजुक संरचनाओं को देखने के लिए इंटरेक्टिव टूल शामिल हो सकते हैं।

# बाइक की टक्कर से व्यक्ति की मौत

**पलवल।** खेतों से पैदल घर आ रहे व्यक्ति की बाइक की टक्कर लगने से मौत हो गई। दुर्घटना के बाद बाइक सवार बाइक को मौके से लेकर फरार हो गया। पुलिस ने मृतक के रिश्तेदार की शिकायत पर बाइक के अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के बाद उसके परिजनों को सौंप दिया।

मुंडकटी थाना प्रभारी सुंदरपाल के अनुसार, बंचारी गांव निवासी योगेश कुमार ने दी शिकायत में कहा है कि वह और उसका जीजा आली ब्राह्मण गांव निवासी नंदलाल खेतों से गांव के लिए पैदल-पैदल आ रहे थे। डकौरा-बंचारी मार्ग पर दोनों सड़क के किनारे चल रहे थे, उसी दौरान जब वे बंचारी गांव के निकट पहुंचे तभी एक बाइक सवार आया और बाइक से सीधी टक्कर उसके जीजा नंदलाल में मार दी। उसने बताया कि टक्कर लगने के बाद नंदलाल जमीन पर गिर पड़ा और वह उन्हें संभालने लगा तभी बाइक चालक मौके का फायदा उठाकर बाइक को लेकर फरार हो गया। इस दौरान उसने बाइक का नंबर नोट कर लिया। उसे जीजा को इलाज के लिए होडल के सरकारी अस्पताल पहुंचाया।

# जेबीटी ट्रांसफर से फिर गेस्ट टीचर पर संकट

**फरीदाबाद।** गेस्ट की पोस्ट को खाली मानकर विभाग द्वारा 2017 में लगे जेबीटी का स्थानांतरण कर दिया गया है। जिससे जिले में लगे जेबीटी अतिथि अध्यापक सरप्लस हो गए। अन्य जिलों से भी बड़ी संख्या में अध्यापकों के स्थानांतरण जिले में किए गए हैं। जिससे अतिथि अध्यापकों में अपने रोजगार को लेकर बेचैनी बढ़ गई है क्योंकि इतने कम वेतन में गेस्ट पता नहीं कहां जाना पड़ जाए, साथ ही अन्य जिलों में भी जाना पड़ सकता है। पीछले 18 वर्षों से सेवा दे रहे गेस्ट टीचर्स के साथ हर बार यही होता है। हाल ही में विभाग द्वारा 2017 में लगे जेबीटी के ट्रांसफर से ग्रामीण विद्यालय बिल्कुल खाली हो गए हैं और शहर के विद्यालयों में एक पोस्ट पर दो-दो अध्यापक हो गए। विद्यालयों में अध्यापकों का टोटा हो गया, जिससे परेशानी बढ़ गई है।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने मांगों को लेकर प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

### प्रदर्शन में शामिल कार्यकर्ताओं ने दी आंदोलन की चेतावनी

पायनियर समाचार सेवा। पलवल



**छह** महीने के बकाया मानदेय का भुगतान न होने तथा अन्य ज़रूरी समस्याओं के समाधान ना होने से नाराज़ ज़िले की सैंकड़ों आंगनबाड़ी वर्कर्स एवं हैल्पर्स ने उपायुक्त कार्यालय पर जोरदार प्रदर्शन करते हुए तहसीलदार कुंवरदीप सिंह को ज्ञापन सौंपा। आंगनबाड़ी वर्कर्स एवं हैल्पर्स यूनियन की प्रदेश महासचिव व जिला प्रधान उर्मिला रावत की अध्यक्षता में आयोजित प्रदर्शन का संचालन यूनियन की जिला सचिव कृष्णा ने किया। प्रदर्शन में सर्वसम्मति से फैसला किया गया कि समस्याओं व मांगों के शीघ्र समाधान ना होने पर आंदोलन को तेज किया जाएगा। सीआईटीयू के जिला सचिव रमेशचन्द व किसान सभा के नेता रुपराम तेवतिया ने प्रदर्शन में शामिल होकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की मांगों के तुरंत समाधान की मांग की।

प्रदर्शन में शामिल आंगनबाड़ी वर्कर्स व हैल्पर्स को संबोधित करते हुए यूनियन की प्रदेश महासचिव उर्मिला रावत व सीआईटीयू के नेता रमेशचंद ने बताया कि जिले की आंगनवाड़ी वर्करों व हैल्परों के पिछले छह महीने से बकाया मानदेय का भुगतान नहीं किया गया है। जिसके कारण उनके परिवार भारी आर्थिक संकट से गुजर रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक तरफ तो केंद्र व राज्य सरकार ढोल पीटती है कि सरकार के भण्डार भरे पड़े हैं तो दूसरी तरफ समाज के सबसे कमजोर श्रेणी के लिए वेतन देने को पैसा नहीं है। उन्होंने कहा कि बच्चों के एडमिशन का समय चल रहा है लेकिन बिना मानदेय भुगतान के बच्चों के एडमिशन भी नहीं हो पा रहे हैं। उन्होंने बताया कि आंगनवाड़ी केंद्रों पर राशन के लिए इस्तेमाल की जाने वाली गैस तथा राशन की दलाई व पिसाई की राशि का भुगतान वर्ष 2018 से रुका हुआ है। यूनियन नेताओं ने कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग ने आंगनवाड़ी वर्करों को ऑनलाइन काम के लिए फ़ोन तो उपलब्ध करा दिए लेकिन रिचार्ज की राशि नहीं दी जा रही है। यूनियन नेताओं ने आंगनवाडी केंद्रों के बढ़े हुए किराए के शीघ्र भुगतान की मांग की। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने अपने वायदे के मुताबिक़ हड़ताल के दौरान टर्मिनेट की गई आंगनवाड़ी वर्करों व हैल्परों के मानदेय का भुगतान भी अभी तक नहीं किया है। महिला सशक्तिकरण की दुहाई देने वाली सरकार महिलाओं का भारी शोषण कर रही है। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी वर्कर्स व हैल्पर्स यूनियन लम्बे समय से लम्बित मांग व समस्याओं के समाधान के लिए निर्णायक आंदोलन करेगी। यूनियन नेताओं ने कहा कि स्कीम वर्करों के प्रति सरकार की उदासीनता का खामियाजा उसे चुनाव में भुगतना पड़ सकता है। प्रदर्शन में यूनियन नेता विमलेश चौहान, मंजू शर्मा, योगेश कुमारी, गीता, शकुन्तला, पुष्पा, परसंदी, मधु, शशिबाला, कुमारी महेश, नूतन, रजनी, राजबाला, मकीना व मंजू ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

## संक्षिप्त समाचार

### सिहौल में फुलडोर मेले पर हुआ चौपाई व देशभक्ति रागनी कार्यक्रम




**पलवल।** जिले के सिहौल गांव में सैकड़ों वर्षों से चले आ रहे फुलडोर मेले का आयोजन किया गया। इस दौरान सिहौल गांव के ग्रामीणों के अलावा आसपास के हजारों ग्रामीणों ने मेले का आनंद लिया। सिहौल गांव की सरपंच के प्रतिनिधि एडवोकेट वीरेंद्र गहलोत ने मेले के इतिहास के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि यह 400 वर्षों से भी अधिक समय से लगता आ रहा है, जो चैत्र माह की अमावस्या को प्रत्येक वर्ष आयोजित होता है। उन्होंने बताया की मान्यताओं के अनुसार हमारे गांव में दादा बगीची वाले महाराज हुए थे जिनकी कृपा न केवल सिहौल गांव बल्कि आसपास के गावों पर आज भी रहती है। यह मेला उन्हीं के समय से चला आ रहा है और उनके बाद गांव में कई सौ वर्षों बाद भी इस मेले की परंपरा लगातार चलती आ रही है। उन्होंने बताया कि गांव में दादा बगीची वाले का प्रसिद्ध मंदिर है, जहां वैसे तो प्रत्येक ग्रामवासी हर दिन पूजा अर्चना करता है, लेकिन इस मेले की दिन सभी ग्रामीण विशेष पूजा अर्चना करते हैं और ग्रामीणों की सभी अरदास जो दादा बगीची वाले से की जाती है, वो अवस्य पूर्ण होती है। बिरेंद्र गहलौत ने बताया कि पहले मेले में चौपाइयों का आयोजन होता था, लेकिन अब चौपाइयों की परंपरा तो खत्म सी होती जा रही है। इसलिए अबकी बार रागनी कलाकारों के माध्यम से मेले का आयोजन किया है। जिसमें मशहूर लोक गायक नरदेव बेनीवाल एंड पार्टी ने महापुरुषों के जीवन पर आधारित चौपाई, जिक्री व देशभक्ति रागनी प्रस्तुत की। इस दौरान ग्रामीणों व आसपास से आए महिला पुरुषों ने जमकर जहां मेले का आनंद लिया। वहीं उन्हें संस्कृति की भी बेहतरीन झलक मिली।

### संस्था ने भंडारे व पौधे वितरण से दिया संदेश



**पलवल।** सोमवती अमावस्या पर चैत्र वासंतिक नवरात्र व भारतीय नव वर्ष उपलक्ष्य में भंडारा तथा पौधे वितरण कर प्रकृति संग संस्कृति रक्षा का संदेश दिया। मिशन प्रकृति बचाओ पर्यावरण सचेतक समिति तथा स्थानीय युवाओं ने वार्ड 22 शेखपुरा स्थित संदीप एयर कंडीशनर वर्कशॉप पर प्रसाद वितरण किया तथा लोगों को पौधे भेंट कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित नगर परिषद वार्ड पार्षद व वाइस चेयरमैन मनोज बंधु ने इस प्रकार के धार्मिक कार्यक्रमों को युवाओं में अच्छे संस्कार, सेवाभाव तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता हेतु अति महत्वपूर्ण बताया। ग्रीन एंबेसडर डॉ. आचार्य राम कुमार बघेल ने लोगों से भारतीय संस्कृति और प्रकृति से जुड़कर सेवा करने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि परिवार में अपने बुजुर्गों के पास बैठकर अपने धार्मिक पर्वों के महत्व को समझें तथा संस्कृति ओर प्रकृति के सुंदर स्वरूप को बचाने के लिए प्रयास करने चाहिए। नूतन वर्ष शुभारंभ से पेड़-पौधों में नए पत्ते, फूल आदि जीवन में नए जोश का संचार करते हैं। भारतीय नव वर्ष तथा नवरात्रि पर्व पर पौधारोपण, पक्षियों के लिए जलपात्र रखें तथा जल के संरक्षण का संकल्प लेकर प्रकृति मां के प्रति पुत्र धर्म निभाएं। इस अवसर पर बिजेंद्र, नंदकिशोर बघेल, संजय, सोनू ठाकुर, परवीन माहौर, दिनेश, सुभाष शर्मा, देव, बंटी, दीपक, कुंवरपाल आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### भारतीय नववर्ष पर मानव सेवा समिति ने किया यज्ञ व हवन



**फरीदाबाद।** नव संवत्सर व भारतीय नववर्ष के पावन पर्व पर मानव सेवा समिति ने अपने कार्यालय मानव भवन सेक्टर-10 में यज्ञ, हवन का आयोजन करके देश व समाज के कल्याण की कामना की। इस अवसर पर उपस्थित मानव परिवार के सदस्यों ने एक दूसरे को चंदन टीका लगाकर, पुष्प वर्षा करके नववर्ष की शुभकामनाएं प्रदान की। संघमित्रा कौशिक के नेतृत्व में किए गए यज्ञ हवन व धार्मिक अनुष्ठान में समिति के अध्यक्ष कैलाश शर्मा, मुख्य संयोजक अरुण बजाज, महिला मंडल चेयरमैन उषा किरण शर्मा, यजमान के रूप में परमेश्वरी सुभाष कासवान, रामेश्वरी बांकेलाल सितोनी, सुधा सत्य नारायण गर्ग, सुशीला बनवारीलाल गुप्ता, विवेक रमा सरना, शालू संजीव शर्मा, रोहतास राजबाला, कैलाश मधु ने भाग लिया। इसके अलावा मीनाक्षी, सरिता गुप्ता, संतोष दहिया, गोविंद वर्मा, सदाशिव सेठी, जसवंत सिंह, मदनलाल मोदी, राज राठी, कुसुम विशिष्ठ, ओपी परमार आदि सदस्य मौजूद रहे। इस अवसर पर कैलाश शर्मा ने भारतीय नववर्ष की महानता व उसके महत्व के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि हिंदू पंचांग के अनुसार चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा के साथ नव संवत्सर हिंदू नववर्ष की शुरुआत होती है। सही मायने में यही हमारा नूतन नववर्ष है। वर्तमान युवा पीढ़ी एक जनवरी से मनाए जाने वाले नववर्ष को ही नववर्ष मानती है। हम सबको उनको हिंदू नववर्ष की महानता व महत्व के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी देनी चाहिए।

### अमृता लैब्स ने अपना नया सेंटर अब बल्लभगढ़ में किया लॉन्च



**फरीदाबाद।** अमृता अस्पताल फरीदाबाद ने भारत की सबसे बड़ी फ्रीस्टैंडिंग प्रयोगशाला अमृता लैब का नया सेंटर बल्लबगढ़ में लॉन्च किया है। इस शुरुआत के बाद से, स्थानीय क्षेत्र के लोगों को विभिन्नप्रकार की नैदानिक सेवाओं तक पहुंच मिली है, जिसमें उनके घर बैठे ही सेंपलिंग, प्रोसेसिंग और रिपोर्टिंग के लिए 24/7 सुविधाएं शामिल हैं। मुख्य अतिथि केबिनेट मिनिस्टर मूलचंद शर्मा के बड़े भाई टिपरचंद शर्मा ने लैब का उद्घाटन किया। इनके अलावा अमृता अस्पताल फरीदाबाद के मेडिकल डायरेक्टर, डॉ. संजीव सिंह, क्लिनिकल लैब्स के हेड, डॉ अनुभव पांडे औक चीफ मार्केटिंग ऑफिसर, श्री राम गणपति समेत अन्य लोग मौजूद रहे। अमृता लैब्स डायग्नोस्टिक सेवाओं में सुविधा और गुणवत्ता को फिर से परिभाषित करती हैं। अमृता लैब्स की प्रमुख विशेषताओं में से एक गुणवत्ता से समझौता किए बिना सुविधा प्रदान करने के प्रति इसका समर्पण है। विभिन्न प्रकार की नैदानिक सेवाओं के माध्यम से, लोग अब अपने घर बैठे ही विश्व स्तरीय स्वास्थ्य देखभाल समाधान प्राप्त कर सकते हैं। चाहे वह नियमित जांच हो या विशेष परीक्षण, अमृता लैब्स यह सुनिश्चित करती है कि प्रत्येक व्यक्ति को सुविधाजनक और कुशलतापूर्वक वह देखभाल मिले, जिसके वे हकदार हैं। इसके पहले अमृता लैब के फरीदाबाद में दो सेंटर लॉन्च किए जा चुके हैं। पहला ग्रीन फील्ड कॉलोनी और दूसरा फरीदाबाद सेक्टर-18 में स्थित है।

### आंगनबाड़ी केंद्रों में लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर



**पलवल।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तत्वावधान में सिविल सर्जन डॉ. नरेश कुमार गर्ग के दिशा निर्देशन व डिप्टी सिविल सर्जन डॉ. रामेश्वरी के मार्गदर्शन में गांव सौंदहद स्थित रेखा व प्रकाशवती आंगनबाड़ी केंद्रों में स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 0 से 6 वर्ष तक के 91 बच्चों के स्वास्थ्य की जांच व स्क्रीनिंग की गई। डिप्टी सिविल सर्जन एवं आरबीएसके नोडल ऑफिसर डॉ. रामेश्वरी ने बताया कि अनीमिया मुक्त भारत बनाने के लिए छह माह से छह वर्ष तक के सभी बच्चों के हीमोग्लोबिन की जांच की गई तथा आयरन फोलिक एसिड सिरप तथा अन्य दवाईयां भी वितरित की गईं। शिविर में एक बच्चा जन्मजात क्लब फुट, एक बच्चा गंभीर अनीमिया तथा एक बच्चा भेंगापन से ग्रस्त पाया गया। उन्हें पलवल के डीईआईसी सेंटर में उपचार हेतु रेफर किया गया। लाल रक्त कोशिकाओं यानि हीमोग्लोबिन की मात्रा सामान्य से कम होने की स्थिति को एनीमिया कहा जाता है।

# गाजा युद्ध
## शांति की उम्मीद

**गाजा में शांति की उम्मीद** बढ़ गई है। 6 महीने से जारी भयानक युद्ध और उसके कारण पैदा मानवीय संकट के बाद अब इज़राइल ने दक्षिण गाजा से अपने सैनिक वापस बुलाने का फैसला किया है। इससे युद्ध की तीव्रता में व्यापक कमी आएगी। 32,000 लोगों की मौत, 75,000 के घायल होने तथा 75 प्रतिशत जनसंख्या के विस्थापित होने के बाद अब इज़राइल ने दक्षिणी गाजा से अपने सैनिक वापस बुलाने की घोषणा की है। इज़राइल और हमास के बीच जारी युद्ध में संभावित महत्वपूर्ण मोड़ के रूप में यह निर्णय तनाव घटाने के लिए लगातार बढ़ते अंतरराष्ट्रीय दबाव के कारण आया है। दोनों पक्षों के बीच भयानक टकराव में फंसे सिविलियनों को बमबारी का भारी खामियाजा भुगतना पड़ा है तथा वे अकल्पनीय आघात एवं पीड़ा का शिकार हुए हैं। इज़राइल द्वारा अपने सैनिकों को वापस बुलाने के साथ युद्ध के 'मनुष्यों पर प्रभाव' के आंकलन तथा समस्या के टिकाऊ समाधान के प्रयास तत्काल होने चाहिए। युद्ध के दौरान दक्षिण गाजा के सिविलियनों को लगातार हवाई हमलों, बमबारी और जमीनी हमलों का सामना करना पड़ा जिसके कारण असाधारण जन हानि हुई। हमलों की अनियंत्रित प्रकृति ने परिवारों को उजाड़ दिया है, घर खंडहर बन गए हैं और समुदाय विभाजित हुए हैं। युद्ध में अस्पताल भी सुरक्षित नहीं रहे हैं। इज़राइल में गाजा सीमा से सटे समुदायों को हमेशा हमास तथा उससे अलग हुए उग्रवादी समूहों के राकेट हमलों का खतरा बना रहता है। इसके साथ ही युद्ध ने पहले से मौजूद घाव और हरे किए हैं तथा दोनों पक्षों के बीच दुश्मनी बढ़ाई है। दशकों से समाधान की प्रतीक्षा कर रही समस्याओं और क्षेत्रीय विवादों ने हिंसा के दुष्चक्र पैदा किए हैं। इससे टकराव का दुष्चक्र तोड़ना तथा दोनों पक्षों के



बीच विश्वास बहाल करना लगातार चुनौतीपूर्ण होता जा रहा है।

इज़राइल द्वारा सैनिकों की वापसी का निर्णय संभवत: अनेक कारकों का नतीजा है जिसमें आंतरिक व बाहरी दबाव शामिल हैं। इनमें दो घटनाओं ने इज़राइल के इस निर्णय में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है। 1 अप्रैल को सहायता कर्मियों पर हुए हमले ने एक प्रेरक का काम किया जिससे अंतरराष्ट्रीय निन्दा व आलोचना बहुत बढ़ गई। इस हमले से व्यापक रूप से लोगों का गुस्सा भड़का और जवाबदेही की मांग की गई। इससे इज़राइल पर सैनिक रणनीति की समीक्षा करने तथा राजनयिक समाधानों को प्राथमिकता देने का दबाव पड़ा। दूसरा, इज़राइल में प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतनयाहू के खिलाफ व्यापक विरोध प्रदर्शनों ने परिवर्तन के लिए घरेलू दबाव डाला। महीनों से जारी ये प्रदर्शन नेतनयाहू के नेतृत्व के प्रति बढ़ती निराशा को अभिव्यक्त करते हैं। इस बीच गाजा गंभीर मानवीय संकट का सामना कर रहा है। इसमें व्यापक गरीबी, खाद्य असुरक्षा तथा सफाई व स्वास्थ्यरक्षा सुविधाओं की भारी कमी शामिल हैं। अब रक्तपात से राहत की धुंधली उम्मीद पैदा हुई है। लेकिन स्थाई शांति का रास्ता चुनौतियों से भरा है। ऐसे में इज़राइल और हमास, दोनों को संवाद, लेन-देन तथा समझौते के प्रति वास्तविक प्रतिबद्धता प्रकट करते हुए जमीनी मुद्दों का समाधान करना चाहिए। राजनयिक प्रयासों के साथ अंतरराष्ट्रीय समुदाय की महत्वपूर्ण भूमिका है। उसे शांति-निर्माण पहलों का समर्थन करने के साथ ही टकराव से प्रभावित लोगों को मानवीय सहायता देनी चाहिए। इज़राइली सैनिकों की वापसी के साथ ही सभी पक्षों की कठिनाइयां दूर करने के लिए टिकाऊ प्रयास होने चाहिए तथा यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि हिंसा का दुष्चक्र समाप्त हो।

# माफिया की मौत से भाजपा लाभान्वित

माफिया डॉन की मौत पर दु:ख प्रकट करने वालों की तुलना में इससे राहत अनुभव करने वालों का मौन ज्यादा मुखर व महत्वपूर्ण है। इससे उत्तर प्रदेश में भाजपा लाभान्वित हो सकती है।

**सिद्धार्थ मिश्रा**
(लेखक, राजनीतिक विश्लेषक हैं)





अक्सर कहा जाता है कि कभी-कभी शोर की तुलना में मौन ज्यादा मुखर होता है। माफिया डॉन मुख्तार अंसारी की जेल में हार्ट फेल होने के कारण हुई मौत पर दु:ख प्रकट करने वालों की तुलना में इससे राहत अनुभव करने वालों का मौन ज्यादा मुखर व महत्वपूर्ण है। उसने पूरे क्षेत्र में आतंक का साम्राज्य कायम किया था और अदालतों ने उसे कई मामलों में लंबी सजा दी थी। अनेक राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि मुख्तार अंसारी की मौत से उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी-भाजपा को चुनावों में लाभ होगा। उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सत्ता में आने के बाद से माफिया तत्वों और अपराधियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जा रही है और मुख्तार अंसारी को मिली सजा इसका एक प्रमाण है। माफिया डॉन से राजनेता बने मुख्तार अंसारी के पूर्वी उत्तर प्रदेश के गाजीपुर स्थित मुहम्मदाबाद में अंतिम संस्कार में शोक जताने वालों की संख्या 30,000 या संभवत: इससे भी अधिक थी। इन लोगों ने दिवंगत मुख्तार अंसारी के लिए 'माफिया नहीं, मसीहा हैं' के नारे लगाए।

ऐसी ही भावनायें माफिया से राजनेता बने उत्तर प्रदेश के एक और व्यक्ति अतीक अहमद की हत्या पर भी व्यक्त की गई थीं। इस बीच उत्तर प्रदेश के विपक्षी नेताओं ने जेल में बंद गैंगस्टर से राजनेता बने मुख्तार अंसारी की मौत पर उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। समाजवादी पार्टी-सपा के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने एक कदम आगे बढ़ कर सर्वोच्च न्यायालय के एक न्यायाधीश की निगरानी में जांच कराने की मांग की है। इसी प्रकार अल्पसंख्यक वोटों पर नजर रखने वाली उत्तर प्रदेश की चार बार मुख्यमंत्री रह चुकी बहुजन समाज पार्टी-बसपा अध्यक्ष मायावती ने भी इस दृष्टिकोण से अंसारी की मौत की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है कि मृतक के परिवारीजनों ने गंभीर आरोप लगाए हैं कि उसे जहर दिया गया था।

विपक्षी नेताओं ने आरोप लगाए हैं कि उत्तर प्रदेश 'सरकारी अराजकता' के सबसे बुरे दौर से गुजर रहा है। लेकिन राज्य में रहने वाले बहुत से लोगों की इससे सहमति जरूरी नहीं है। मुख्तार अंसारी दशकों से पूर्वी उत्तर प्रदेश का सर्वाधिक कुख्यात गैंगस्टर माना जाता था। इस क्षेत्र में अतीत में अन्य गैंगस्टर से राजनेता बने लोग सक्रिय हुए थे। इनमें से कई के साथ उसके संबंध थे, जबकि उस पर कई की हत्या कराने के आरोप भी लगे थे। मुख्तार अंसारी को वर्ष 2005 में हिंसा भड़काने के लिए पहली बार गिरफ्तार किया गया था और इसके बाद से उसे पंजाब और उत्तर प्रदेश की अनेक जेलों में रखा गया था। अपने राजनीतिक कॅरियर में मुख्तार अंसारी मऊ विधानसभा सीट से पांच बार विधायक रहा था। पहली बार उसने बहुजन समाज पार्टी-बसपा उम्मीदवार के रूप में चुनाव जीता था। इसके बाद उसे बसपा से निकाल दिया गया, लेकिन इसके बावजूद वह चुनाव जीतता रहा।

2002 और 2007 में उसे निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में विजय मिली। उसने 2012 में अपनी पार्टी 'कौमी एकता दल' का गठन किया और उससे विधायक बना। इसके बाद उसने अपनी पार्टी का बसपा में विलय कर दिया और पुन: बसपा में शामिल हो गया। 2022 में मुख्तार अंसारी के बेटे ने पिता के स्थान पर चुनाव लड़ा और वह मऊ विधानसभा सीट से विधायक बनने में सफल रहा। मुख्तार अंसारी की मौत पर राहत महसूस करने वाले लोगों का मौन उसे मसीहा मानने और मौत पर शाोक मनाने वालों के शोर-शराबे की तुलना में ज्यादा मुखर और महत्वपूर्ण है। हालांकि, इस बात के कोई संकेत नहीं है कि जेल में बंद माफिया से राजनेता बने मुख्तार अंसारी की मौत में राज्य की कोई संलिप्तता है, पर उसकी मौत से राहत महसूस करने वाले लोग इसका श्रेय उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कठोर प्रशासन को देते हैं। योगी आदित्यनाथ के प्रशासन ने माफियाओं और अपराधियों को सजा दिलाने का अभियान चलाया है और इसी के चलते मुख्तार समेत अनेक अपराधियों व गैंगस्टरों को लंबी सजा मिली। लोकसभा चुनाव के पहले माफिया मुख्तार अंसारी की मौत ने राजनीतिक परिदृश्य काफी बदल दिया है।

अंसारी को 63 आपराधिक मामलों में आरोपी बनाया गया था जिनमें से 14 हत्या के मामले थे। 2017 में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सत्ता में आने से पहले ये मुकदमे अदालतों में लंबित थे। इसके बाद मुकदमों की सुनवाई में तेजी आई और सितंबर, 2022 के बाद से इन आठ मामलों में मुख्तार अंसारी को सजा मिली। उसके खिलाफ लंबित गंभीर मामलों में भारतीय जनता पार्टी-भाजपा के तत्कालीन विधायक कृष्णानंद राय की 2005 में हत्या का मुकदमा था। उस पर 1991 में उत्तर प्रदेश के वर्तमान कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय के भाई अवधेश राय की हत्या का आरोप भी था। कृष्णानंद राय और अंसारी के बीच क्षेत्र में सरकारी ठेकों पर वर्चस्व कायम करने के लिए टकराव होता रहता था क्योंकि इनसे भारी मुनाफा प्राप्त होता था। सरकारी ठेके प्राप्त करने के लिए आतंक का सहारा लिया जाता था और अपहरण कर फिरौती की धमकियां दी जाती थीं। अपराधी और माफिया गिरोहों के बीच 'गैंग वार' केवल गाजीपुर जिले तक सीमित नहीं थीं, बल्कि इसके तार उत्तर प्रदेश में पूरब के लगभग सभी जिलों तक फैले थे। इसके साथ ही राय और अंसारी गिरोहों के बीच प्रदेश की राजधानी लखनऊ में भी झड़प हुई थी।

देश की सबसे अधिक जनसंख्या वाला उत्तर प्रदेश 545 सदस्यों वाली लोकसभा में 80 सांसद भेजता है जिससे प्रदेश का राजनीतिक महत्व स्पष्ट होता है। 2017 में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में बनी भाजपा की प्रबल बहुमत वाली सरकार ने हर प्रकार के अपराधी तत्वों और माफिया तत्वों के खिलाफ शुरू से ही कठोरतम अभियान चलाया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य प्रदेश से गैंगस्टरों का पूरी तरह से सफाया करना था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के इन प्रयासों से प्रदेश की कानून-व्यवस्था में जनता का विश्वास बहुत बड़ी सीमा तक बहाल हुआ है। भाजपा सरकार आने के पहले प्रदेश में अक्सर दंगे होते थे और कर्फ्यू लगता था, लेकिन आज यह सब अतीत की बात हो गई है। आज सड़के जाम कर आपराधिक गिरोहों द्वारा बड़े पैमाने पर लूट और डकैती जैसी घटनायें पूरी तरह समाप्त हो गई हैं। कानून व्यवस्था में सुधार तथा प्रदेश की चहुंमुखी आर्थिक प्रगति के चलते योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भाजपा को 2022 में विधानसभा चुनाव में रिकार्डतोड सफलता मिली। योगी सरकार के सात साल के शासन में माफिया तत्वों के सफाए का भाजपा को भारी लाभ मिलना तय है। मुख्तार अंसारी की मौत ने समाजवादी पार्टी-नीत विपक्ष के लिए स्थितियां ज्यादा कठिन बना दी हैं। सपा और उसके सहयोगियों को और अधिक अल्पसंख्यक वोट मिलने की उम्मीद नहीं है क्योंकि वे पहले ही उसके पीछे एकजुट हो गए हैं। लेकिन माफिया और अपराधी तत्वों के सफाए ने निश्चित रूप से योगी आदित्यनाथ सरकार की 'प्रभावशीलता' के बारे में कानून का पालन करने वाले आम नागरिकों में बहुत अच्छा संदेश दिया है। प्रशासन और पुलिस ने विगत वर्षों में अपराधों की जांच के साथ ही वैज्ञानिक प्रमाणों का प्रयोग कर अभियोजन को सटीक बनाया है। इसके परिणामस्वरूप सालों से लंबित आपराधिक मामलों में अदालतें अपराधियों को कठोर सजा दे रही हैं। इससे समाज-विरोधी तत्व गंभीर अपराध करने के मामले में हतोत्साहित भी हुए हैं।

अब भी स्थानीय लोगों के मन में अंसारी के खुले वाहनों में घूमने तथा कर्फ्यू के बावजूद हथियार लहराते और एक खास समुदाय को डराने की छवियां बनी हुई हैं। सरकारी बुलडोजर अंसारी के साम्राज्य के कंक्रीट में ढले स्तंभ ढहा रहे हैं। उसकी मौत से पहले ही ऐसे दृश्यों ने सरकारी मशीनरी में जनता का विश्वास बढ़ा दिया था। योगी आदित्यनाथ के बुलडोजरों ने उन लोगों में भी विश्वास पैदा किया है जो अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा से भावनात्मक रूप से बहुत प्रभावित नहीं थे। योगी आदित्यनाथ की सरकार सबका साथ, सबका विकास और तुष्टीकरण किसी का नहीं की नीति पर चलती रही है। उसने सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी पंथ या समुदाय के साथ पक्षपात नहीं किया है। इन सभी चीजों को देखते हुए मुख्तार अंसारी की मौत भाजपा को उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव में निर्णायक लाभ दे सकती है।

# कैंसर से जूझते व्यक्तियों की मानसिक दशा

> योग, प्राणायाम और लंबी सांस लेने की तकनीक शरीर को डिटॉक्सिफाई करने में मदद करते हैं।

**रवि वलूरी**
(लेखक, रेलवे से संबद्ध हैं)



दादा दादी के पास यूरोप की वार्षिक यात्राओं के लिए दस साल का वीजा था और वे बीमा कराने के लिए मेडिकल जांच से गुजर रहे थे। एक गमगीन मां ने इंग्लैंड और हॉलैंड में अपने बेटों को फोन करके बताया कि उनके पिता कैंसर से पीड़ित हैं। भावनात्मक रूप से परेशान माता-पिता को समझाने के लिए बेटे दौड़ पड़े। लेकिन कैंसर से लड़ने का वीज़ा कहां है?

पिता फिलहाल कीमोथेरेपी और ब्रेविंग रेडिएशन थेरेपी से गुजर रहे हैं। माँ पर मनोवैज्ञानिक प्रभाव पड़ा है और वह उच्च रक्तचाप, उच्च शर्करा स्तर, रुक-रुक कर होने वाली खांसी जैसी असंख्य बीमारियों का शिकार हो गई है और एक तरह से मानसिक रूप से परेशान हो गई है। मैं क्यों? कोई भी मरीज यह सवाल पूछेगा और परिवार के लिए यह खबर सुनाना दुखदायी है। कैंसर, जिसे घातक ट्यूमर या घातक नियोप्लाज्म के रूप में भी जाना जाता है, बीमारियों का एक समूह है जिसमें मानव शरीर के अन्य भागों में फैलने और प्रवेश करने की प्रवृत्ति के साथ असामान्य वृद्धि होती है। सूर्य राशि बन जाती है रोगग्रस्त!

जिनेवा स्थित यूनियन फॉर इंटरनेशनल कैंसर एंड कंट्रोल के 155 देशों में फैले लगभग 800 सदस्य हैं। संस्था ज़ोर देकर कहती है कि बीमारी का शीघ्र पता लगाना और उपशामक उपाय बीमारी को चुनौती दे सकते हैं। डब्ल्यूएचओ ने विश्लेषण किया है कि भारत में कैंसर से लगभग 7 लाख मौतें होती हैं और हर साल लगभग 10 लाख लोग इस बीमारी का शिकार होते हैं। ऑन्कोलॉजिस्टों का दावा है कि महिलाओं में स्तन कैंसर, गर्भाशय ग्रीवा और डिम्बग्रंथि कैंसर बेहद प्रचलित है। तम्बाकू का सेवन, धूम्रपान और शराब



का अत्यधिक सेवन अन्य सहायक कारक हैं जो कैंसर में व्यापक वृद्धि का कारण बन रहे हैं।

यूनाइटेड स्टेट्स सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन ने तम्बाकू के उपयोग को %विकसित देशों में मानव स्वास्थ्य के लिए सबसे महत्वपूर्ण रोकथाम योग्य जोखिम और दुनिया भर में समय से पहले मौत का एक महत्वपूर्ण कारण% बताया है। कई देशों ने तम्बाकू की खपत को नियंत्रित करने के लिए उपयोग और बिक्री प्रतिबंधों के साथ-साथ पैकेजिंग पर मुद्रित बोल्ड चेतावनी संदेशों के साथ कड़े उपाय अपनाए हैं। धूम्रपान पर्यावरण को प्रदूषित करने के अलावा स्वरयंत्र और मुंह के कैंसर और उच्च रक्तचाप का कारण बनता है। द्वितीयक धूम्रपान निष्क्रिय धूम्रपान करने वालों के लिए भी उतना ही दुर्बल करने वाला है। डब्ल्यूएचओ का तर्क है कि अविकसित देशों में बेची जाने वाली सिगरेट में टार की मात्रा अधिक होती है और इन्हें फ़िल्टर किए जाने की संभावना कम होती है, जिससे संभावित रूप से तंबाकू और धूम्रपान से संबंधित बीमारियों की संभावना बढ़ जाती है।

एक चिंतित रोगी प्रार्थना करता है और आशा करता है कि विकास सौम्य हो। हालाँकि, कभी-कभी वे गलत स्थान पर होते हैं और ट्यूमर घातक होता है। मरीज को खबर कैसे दी जाए? रोगी और परिवार को सच्चाई बताने के लिए अत्यधिक कौशल और निपुणता की आवश्यकता होती है क्योंकि दोनों ही अत्यधिक संकट में हैं। ऑस्ट्रेलिया की ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. रंजना श्रीवास्तव का मानना है कि खबर को अत्यधिक सावधानी, सावधानी और मानवीय स्पर्श के साथ पेश किया जाना चाहिए। इस घातक बीमारी से निपटने के लिए शीघ्र पता लगाने और शीघ्र इलाज के अलावा जीवनशैली में बदलाव भी मौलिक है।

डॉक्टर यकीनन धूम्रपान को मना करते हैं और मरीज को शराब से परहेज करने की सलाह देते हैं। व्यक्तियों को आहार और व्यायाम का एक कार्यक्रम बनाने की आवश्यकता है। व्यायाम से एंडोर्फिन निकलता है जिसका मानव शरीर और दिमाग पर एनाल्जेसिक प्रभाव पड़ता है। योग का अभ्यास (एक योग्य चिकित्सक के तहत), प्राणायाम और सुदर्शन क्रिया जैसी श्वास तकनीकें मानव शरीर को विषहरण करने में मदद करती हैं। चाहे रोगी हो या स्वस्थ, मनुष्य को सकारात्मक संगति और विचारों से घिरा रहना चाहिए।

मन को शांत और संतुष्ट रखने का प्रबंधन मानसिक रूप से मजबूत और मजबूत होने में मदद करता है। कैंसर से बचे लोगों और उनके जीवन की कहानियों का प्रेरणादायक साहित्य पढ़ना एक जीवन नौका के रूप में कार्य करता है। समय छोटा हो रहा है। लेकिन हर दिन जब मैं इस कैंसर को चुनौती देती हूं, वह मेरे लिए एक जीत है, करिश्माई अभिनेत्री इंग्रिड बर्गमैन ने कहा।

## आप की बात

### जल-सेवा

**भीषण गर्मी में** पशु पक्षियों के लिए पानी का पात्र अवश्य रखे। पक्षियों के लिए दीवार पर या घर मे जल पात्र टांग कर एवं पशुओं के लिए घर के बाहर हौदी या बड़ा जल पात्र भर कर रखा जाए ताकि भीषण गर्मी में उनको जल आसानी से मिल सके। यह जल-सेवा पुनीत कार्य है। पशु पक्षियों को भी धरती पर रहने का उतना ही अधिकार है जितना इंसान का। पशु-पक्षियों में अद्भुत शक्ति होती है जिसका लाभ मनुष्यों को मिल सकता है। वे भूगर्भीय हलचलों जैसे हादसों से सचेत कर देते हैं तथा मालिक के प्रति वफादारी भी निभाते है। पशु-पक्षियों को कैद कर रखना अनुचित है। पक्षियों का अकस्मात ज्यादा संख्या में एकत्रित होकर कोलाहल करना तथा पशुओं के व्यवहार में अचानक परिवर्तन आना जैसी घटनायें प्रकृति में परिवर्तन का संकेत देती हैं। चंद्र ग्रहण, सूर्य ग्रहण, आंधी-तूफान, भारी बारिश या भूकंप जैसी घटनाओं का पूर्वानुमान पशु-पक्षियों को मनुष्यों से पहले हो जाता है। उनके व्यवहार के अध्ययन के लिए उनको अपने आसपास रखना, उनके भोजन का प्रबंध करना तथा गर्मियों में उनके लिए जल-सेवा जरूरी है। पशु-पक्षियों के साथ प्राकृतिक परिवेश में रहना मनुष्य को अनेक तनावों से मुक्त कर उसका जीवन सहज बनाने में भी महत्वपूर्ण योगदान करता है।

– **संजय वर्मा,** मनावर

### मोदी का आत्मविश्वास

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी** ने 10 सालों में किए गए अपने काम को महज एक नमूना और मुख्य भोजन से पहले वाला ऐपेटाइज़र बताया है। उन्होंने ते कहा है कि अभी तो आपके सामने पूरी थाली का भोजन आना बाकी है। मोदी का कथन दिखाता है कि उनके अंदर कितना आत्मविश्वास है। वे आज हर सभा में कहते हैं कि यह 10 साल मात्र ट्रेलर थे, अभी पूरी पिक्चर बाकी है। मोदी का यह आत्मविश्वास जनता में बहुत प्रसन्नता, उम्मीदों तथा भविष्य के प्रति विश्वास भरने का काम करता है। लेकिन अनेक ऐसे विपक्षी नेता मोदी के इस आत्मविश्वास से बहुत भयभीत हैं जिन्होंने राजनीति को अपना घर भरने, जनता को लूटने तथा अपने परिवार को अमीर बनाने का साधन मान लिया था। ऐसे लोगों को निश्चित रूप से भयभीत होना भी चाहिए क्योंकि मोदी बार-बार यह भी कहते हैं कि जिसने जनता का पैसा लूटा है, उसे लौटाना भी पड़ेगा। इस प्रकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की छवि देश में श्रीमती इंदिरा गांधी के बाद सर्वाधिक महत्वपूर्ण नेता की बन गई है। ऐसा लगता है कि आने वाले चुनाव में देश की जनता हर जगह मोदी को ही उम्मीदवार मान कर वोट देगी, भले ही वह अपने पुराने या नए उम्मीदवार से नाराज ही क्यों न हो।

– **एमएम राजावत,** शाजापुर

### संतुलित दृष्टिकोण

**राजस्थान व गुजरात** में अत्यंत दुर्लभ प्रजाति के पक्षी ग्रेट इंडियन बस्टर्ड-सोहन चिड़िया के लिए खतरनाक माने गए सोलर एनर्जी प्रॉजेक्ट से जुड़े एक मामले में सुप्रीम कोर्ट ने संतुलित रुख अपनाया है। यह पर्यावरण, परिस्थितिकी और विकास को लेकर न्यायपालिका की नई सोच का संकेत करता है। यह शुभ संकेत है कि सुप्रीम कोर्ट अब सिर्फ कानूनी किताबों में ही उलझा हुआ नहीं रहकर देश-काल और परिस्थिति के हिसाब से उचित दृष्टिकोण अपना कर फैसला दे रहा है। ऐसे व्यापक दृष्टिकोण की आवश्यकता है। यदि हम एक पहलू के प्रति ही दूराग्रह रखकर वर्तमान समय की जरूरत को नजरंदाज करेंगे तो वह भी हमारे लिए घातक होगा। सोन चिरैया के अलावा भी कई अन्य पक्षियों की प्रजातियां लुप्त होने के कगार पर हैं और इसके लिए कोई क्षेत्र विशेष जिम्मेदार नहीं है। अनेक लोगों में बड़ी संख्या में पक्षियों को मार कर अपना भोजन बना लेने की प्रवृत्ति भी बढ़ती जा रही है । इसके चलते भी यह सुंदर पक्षी नष्ट होते जा रहे हैं। भारत के राष्ट्रीय पक्षी मोर को भी मार कर खाने में लोग गुरेज नहीं करते हैं। ऐसे में जीव-जंतुओं की रक्षा और प्रजाति संवर्धन के लिए जागरूकता एवं शाकाहार के पक्ष में अभियान चलाने की जरूरत है।

**सुभाष बुडावन वाला,** रतलाम

### शत-प्रतिशत मतदान

**भारत** सम्पूर्ण विश्व का सबसे बड़ा एक लोकतांत्रिक देश है। यह बात सबको पता है। लेकिन देश का आम नागरिक रोजमर्रा की जिन्दगी में ज्यादा व्यस्त रहने के कारण अपने लोकतांत्रिक अधिकारों पर गौर नहीं करता है। लेकिन अब समय बदल रहा है। हम अपने सभी संविधान प्रदत्त अधिकारों को जानकर उनका उपयोग कर सकते हैं। सरकार चुनने के लिए मतदान करना हमारा सर्वाधिक महत्वपूर्ण अधिकार है। आम चुनाव के रूप में सामने आए इस लोकतंत्र के त्योहार में किसी पार्टी का नेता, कार्यकर्ता या समर्थक बनाने से कई गुना अच्छा होगा कि हर नागरिक मतदाता निष्पक्ष होकर अपना मतदान उसे करे जो उसके और देशहित के लिए सर्वाधिक उपयुक्त हो। हमें उसे वोट देना चाहिए जो वास्तविक सेवक बनकर पूरे आत्म समर्पण से देश की जनता के लिए कुछ नया करे जिससे सबका भविष्य उज्जवल हो सके। आप सिर्फ मतदाता न बनकर रह जाए बल्कि देश के लोकतंत्र में सामने आएं, नेतृत्व क्षमता विकसित करें तथा समस्याओं के समाधान में योगदान करें। शत-प्रतिशत मतदान हमारा लक्ष्य होना चाहिए।

–**अवनीश कुमार गुप्ता,** आजमगढ़

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

# कांग्रेस की कुटिल चालों से हुआ देश का विभाजनः योगी

## मुख्यमंत्री ने पीलीभीत से भाजपा प्रत्याशी जितिन प्रसाद, बरेली से छत्रपाल गंगवार के लिए आयोजित जनसभा में मांगा समर्थन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/पीलीभीत

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि स्वर्णिम युग के रूप में भारत मोदी जी के नेतृत्व में ग्लोबल पावर बनने की ओर अग्रसर है। हम सभी ने बदलते हुए भारत को देखा है। बदलते भारत में सुरक्षा, सम्मान, विकास परियोजनाएं और गरीब कल्याण योजनाओं का कोई सानी ही नहीं है। गुरु नानक देव का जन्म जिस भूमि पर हुआ था, वह कभी अखंड भारत का हिस्सा था। कांग्रेस के कुटिल चालों से देश का विभाजन हुआ, लेकिन सिख भावना और भारत की आस्था का सम्मान करते हुए पीएम मोदी के नेतृत्व में करतारपुर कॉरिडोर का निर्माण संभव हो पाया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को ड्रमंड इंटर कॉलेज परिसर में आयोजित जनसभा में पीलीभीत से भाजपा प्रत्याशी जितिन प्रसाद, बरेली से छत्रपाल सिंह गंगवार के लिए वोट की अपील की। सीएम ने चैत्र नवरात्रि व भारतीय नव संवत्सर की शुभकामनाएं दीं। सीएम ने कहा कि भारत के हिंदू धर्म व संस्कृति की रक्षा के लिए गुरु गोविंद सिंह के चार साहिबजादों ने खुद को बलिदान कर दिया था। बाल दिवस किसी और दिन पर मनाया जाता था, लेकिन भारत के लिए सर्वस्व न्योछावर करने वाले साहिबजादों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए पीएम ने 26 दिसंबर की तिथि को वीर बाल दिवस के रूप में मनाने का अवसर दिया। यह आयोजन आज हर जगह हो रहा है।



### ● कहा, सिख भावना का सम्मान करते हुए पीएम ने कराया करतारपुर कॉरिडोर का निर्माण

सीएम ने कहा कि पीलीभीत एक ओर कृषि के लिए जाना जाता है तो वहीं अपनी अद्भुत कला के लिए भी जाता है। गन्ना किसान यहां की मिठास को देश-प्रदेश व दुनिया में पहुंचाने का कार्य करते हैं। पीएम मोदी के नेतृत्व में संभव हो पाया कि किसानों के गन्ना मूल्य का भुगतान अब समय पर हो रहा है, अन्यथा पहले कई-कई वर्ष लगते थे और गन्ना किसान देखता रह जाता था।

सीएम ने कहा कि कोई सोचता था कि अयोध्या में रामलला के भव्य मंदिर का निर्माण हो पाएगा, लेकिन पीएम मोदी के नेतृत्व व मार्गदर्शन में यह संभव हो पाया है। भाजपा प्रत्याशियों के लिए विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने के लिए मोदी जी आपके बीच में हैं। दस वर्ष में हमने बदलते भारत में हमने देखा है। यह आपके एक वोट की कीमत ने किया है। आपका वोट गलत हाथों में जाता था तो भ्रष्टाचार में संलिप्त, सुरक्षा- नौजवानों के भविष्य से खिलवाड़ करने वाली, आतंकियों को बिरयानी खिलाने वाली, देश में उपद्रव करवाने वाली और अन्नदाता किसानों को आत्महत्या के लिए मजबूर करने वाली सरकारें आती थीं। सीएम ने कहा कि 2014 व 2019 में मतदाताओं ने वोट की कीमत को समझा और मोदी के नेतृत्व पर विश्वास किया तो आज हम बदलते हुए भारत को देख रहे हैं। भारत आज पिछलग्गू राष्ट्र नहीं, बल्कि ग्लोबल पावर बन रहा है। सीएम ने कहा कि भारत की आवाज- 'फिर एक बार-मोदी सरकार', 'अबकी बार-400 पार' के संकल्प के साथ हम सब जुड़ें। सीएम ने

## योगी की शालीनता व मोदी की विनम्रता ने जीता लोगों का दिल

### ● पीलीभीत में जनसभा के दौरान देखने को मिली पीएम और सीएम की केमिस्ट्री

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/पीलीभीत



**सीएम** योगी और पीएम मोदी के बीच की केमिस्ट्री से पूरा देश वाकिफ है। एक-दूसरे के प्रति सम्मान और विनम्रता का भाव इस केमिस्ट्री को लोगों के लिए अनुकरणीय बनाता है। मंगलवार को पीलीभीत में जनसभा के दौरान भी एक ऐसा ही वाकया सामने आया जब दोनों की यह केमिस्ट्री मीडिया के कैमरों में कैद हो गई।

दरअसल, मंच का संचालन कर रही महिला नेता ने जब सीएम योगी को उद्बोधन के लिए आमंत्रित किया तो पीएम मोदी के बगल में बैठे सीएम योगी ने बेहद शालीनता का परिचय देते हुए सीट हटाकर पीएम मोदी के पीछे से जाने का प्रयास किया। यह देखकर पीएम मोदी ने पूरी विनम्रता के साथ सीएम योगी का हाथ पकड़कर उन्हें अपने सामने से जाने के लिए इशारा किया। इसके बाद सीएम योगी मुस्कुराते हुए अपने उद्बोधन के लिए आगे बढ़ गए। इस दृश्य को मीडिया के कैमरों ने गिरफ्त कर लिया और देखते ही देखते यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने लगा। पीएम मोदी की विनम्रता और सीएम योगी की शालीनता को देख लोगों ने इसे वाट्सएप पर भी खूब शेयर किया। पीएम और सीएम की इस केमिस्ट्री की सोशल मीडिया पर खूब सराहना हो रही है।

## लाउडस्पीकर एक्ट के उल्लंघन के 2097 मामलों में की गई कार्रवाई

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्य** निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि आदर्श आचार संहिता का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित कराने में अब तक सार्वजनिक एवं निजी स्थानों से कुल 80,47,916 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी। इसमें सार्वजनिक स्थानों से 48,60,573 तथा निजी स्थानों से 31,87,343 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि इस दौरान सार्वजनिक स्थानों से वालराइटिंग के 5,19,445, पोस्टर के 22,82,702, बैनर के 13,91,183 एवं अन्य 6,67,243 मामलों में कार्रवाई की गयी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया इसी प्रकार निजी स्थानों में से वालराइटिंग के 4,13,749, पोस्टर के 14,54,913, बैनर के 7,83,281 एवं अन्य 5,35,400 मामलों में कार्रवाई की गयी। इसी प्रकार अब तक वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग के 1143 मामलों में तथा लाउडस्पीकर एक्ट के उल्लंघन के 2097 मामलों में कार्रवाई की गयी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि बिना अनुमति के सभा व भाषण करने, मतदाताओं को लुभाने के लिए नकदी बांटने, वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग एवं अन्य मामलों में 40 एफआईआर दर्ज, 5 एनसीआर सहित कुल 45 प्रकरण में रिपोर्ट दर्ज की गयी है। निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 75593 लोगों को पाबन्द किया जा चुका। साथ ही 266 बिनहा लाइसेंस के अवैध शस्त्र, 241 कारतूस व 4 बम बरामद कर सीज किए गए। अवैध शस्त्र बनाने वाले छह केंद्रों को सीज किया गया। उन्होंने बताया कि अधिकारियों को आदर्श आचार संहित का पूरी कड़ाई के साथ पालन कराने और चेकिंग व छापामारी अभियान जारी रखने के निर्वाचन आयोग ने निर्देश दिए हैं।

# वास्तविक जैसा न हो डमी बैलेट यूनिट व पेपर का आकार और रंगः नवदीप रिणवा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्य** निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने राजनैतिक दलों और प्रत्याशियों द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने के लिए प्रयोग की जा रही डमी बैलेट यूनिट के निर्माण एवं उपयोग करने से सम्बन्धित दिशा निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने बताया कि मतदाताओं को जागरूक करने तथा प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से प्रत्याशियों व राजनैतिक दलों द्वारा तैयार की गयी डमी बैलेट यूनिट के संबंध में आयोग को कोई आपत्ति नहीं है। डमी बैलेट यूनिट लकड़ी, प्लास्टिक या प्लाई बोर्ड बक्सों से बनी हो सकती है, जो आधिकारिक बैलेट यूनिट के आधे आकार की हो सकती है और इसे भूरे, पीले व स्लेटी कलर से रंगी जा सकती है। उन्होंने बताया कि डमी बैलेट पेपर की तरह ही डमी बैलेट यूनिट में भी उम्मीदवार का क्रमांक, नाम और प्रतीक दिखाने का प्रावधान हो सकता है। इसमें एक बैटरी चालित बटन और एक लैंप भी हो सकती है, जो कि बटन दबाते समय जल सके। इसी प्रकार किसी उम्मीदवार द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने के लिए चुनाव में उपयोग किये जाने वाले वास्तविक बैलेट पेपर में वह स्थान जहां पर उसका प्रतीक दिखायी देगा, अपने नाम और प्रतीक का उपयोग करके डमी बैलेट पेपर छपवाता है, इस पर आयोग को कोई आपत्ति नहीं है। लेकिन निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ने वाले किसी अन्य उम्मीदवार का नाम और प्रतीक डमी बैलेट पेपर में शामिल न हो। डमी बैलेट पेपर भूरे, पीले या स्लेटी आदि किसी भी रंग में छपवाया जा सकता है। लेकिन सफेद या गुलाबी रंग में न हो। डमी बैलेट पेपर आकार और रंग में वास्तविक बैलेट पेपर जैसा नहीं होना चाहिए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया की सूचिता को बनाये रखने के लिए सभी राजनैतिक दल और उम्मीदवार प्रचार-प्रसार के लिए डमी बैलेट यूनिट के उपयोग पर भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का पूरी तरह पालन करें। उन्होंने समस्त जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि डमी बैलेट यूनिट के निर्माण एवं प्रयोग संबंधी आयोग के निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करायें।

## चुनाव प्रसारण के लिए राष्ट्रीय दलों को लॉटरी पद्धति से स्लॉट आवंटित



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा की अध्यक्षता में मंगलवार को आकाशवाणी एवं दूरदर्शन में प्रचार-प्रसार के लिए आवंटित समय प्रदेश में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय दलों से प्राप्त तथा राज्यीय दलों को आवंटित समय में रिकार्डिंग एवं प्रसारण तिथि का निर्धारण लॉटरी पद्धति से करने के लिए सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ निर्वाचन कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। बैठक में आकाशवाणी व दूरदर्शन पर चुनाव प्रसारण के लिए समय निर्धारित करने के लिए मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय व राज्यीय दलों के प्रतिनिधियों तथा आकाशवाणी व दूरदर्शन के अधिकारियों की उपस्थिति में लॉटरी निकाली गयी। निकाली गयी लाटरी के अनुसार दूरदर्शन में प्रसारण हेतु सपा को कुल 53 मिनट, अपना दल (एस) को कुल 27 मिनट, कांग्रेस को कुल 10 मिनट, भाजपा को कुल 30 मिनट तथा बसपा को कुल 10 मिनट का आवंटन 5-5 मिनट के स्लॉट के लिए किया गया है। इसी प्रकार आकाशवाणी में प्रसारण हेतु अपना दल (एस) को कुल 27 मिनट, सपा को कुल 53 मिनट, कांग्रेस को कुल 10 मिनट, भाजपा को कुल 25 मिनट तथा बसपा को कुल 10 मिनट का आवंटन 5-5 मिनट के स्लॉट के लिए किया गया है।

## चुनाव कर्मियों को गर्मी व लू से बचाने के निर्वाचन आयोग ने दिए निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्य** निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने अप्रैल-जून महीनों की भीषण गर्मियों के दौरान हो रहे है लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 तथा विधानसभा उपनिर्वाचन ने व्यापक प्रबंध करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांग व्यक्तियों जैसे मतदाताओं के साथ चुनाव ड्यूटी में लगे कर्मियों की लू से सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देशित किया कि मौसम विभाग (आईएमडी) की लू के सम्बन्ध में की गयी भविष्यवाणी के दृष्टिगत और स्थानीय जलवायु पैटर्न के आधार पर लू की स्थिति वाले क्षेत्रों में स्थित मतदेय स्थलों

### ● मतदेय स्थलों पर आवश्यक सुविधाएं समय से पूरी करना सुनिश्चित करें

की समय से पहचान कर लें। इसके लिए लू के प्रभाव को कम करने के लिए मतदेय स्थलों पर आवश्यक सुविधाएं समय से पूरी करना सुनिश्चित करें। मतदाताओं को धूप से बचाने के लिए ऐसे मतदेय स्थलों पर पर्याप्त छायादार संरचनाओं जिसमें- टेंट, छतरियां कुर्सियों की व्यवस्था हों।

मतदाताओं और मतदान कर्मियों के लिए आरामदायक तापमान बनाए रखने के लिए, जहां भी आवश्यक हो, पंखे या मिस्टिंग पंखे जैसे आदि उपकरण भी लगाये जाए। साथ ही, सभी मतदेय स्थलों पर पर्याप्त वेंटिलेशन भी हो। सभी मतदेय स्थलों पर शीतल पेयजल की व्यवस्था अवश्य की जाये।

निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान मतदेय स्थल के कार्मिकों के लिए आयोजित प्रशिक्षण सत्र में गर्मी से संबंधित बीमारियों के लक्षणों को पहचानने और उनसे बचाव की समुचित प्रक्रियाओं की जानकारी भी दी जाए। लू के प्रभाव को कम करने के लिए अतिरिक्त संसाधनों के साथ ही स्थानीय सरकारी एजेंसियों, स्वास्थ्य विभाग और आपातकालीन सेवाओं के साथ समन्वय भी बनाकर रखे। इस दौरान आम जनता को लू से बचाने संबंधी सुरक्षा नियमों का सोशल मीडिया के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार कराने और सार्वजनिक घोषणाओं सहित विभिन्न संचार चैनलों का उपयोग किया जाए।

# सुरक्षा बलों को मतदान स्थल तक पहुंचाएंगी परिवहन निगम की 7 हजार से ज्यादा बसें

## लोकसभा चुनावों के सभी सात चरणो में अर्द्धसैनिक बलों व पुलिस के जवानों के लिए उपलब्ध कराई जाएंगी बसें

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश में सात चरणों में होने वाले लोकसभा चुनावों के लिए परिवहन निगम ने भी कमर कस ली है। प्रदेश के एक-एक मतदान केंद्र तक सुरक्षाबलों को पहुंचाने के लिए परिवहन निगम की 7 हजार से ज्यादा बसों को तैयार किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश पुलिस की मांग पर परिवहन निगम सभी सात चरणों में अर्द्धसैनिक बलों एवं पुलिस जवानों को ड्यूटी पर पहुंचाने के लिए बसों के प्रबंध में जुट गया है।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश में सभी सातों चरणों में लोकसभा चुनाव संपन्न कराए जाने हैं। ऐसे में प्रदेश के एक-एक मतदान केंद्र पर सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने के लिए निर्वाचन आयोग ने बड़ी संख्या में

### ● पुलिस महानिरीक्षक कानून व्यवस्था की ओर से परिवहन निगम से बसें उपलब्ध कराने का किया गया है अनुरोध

सुरक्षाबलों की तैनाती की है। इन सुरक्षा बलों को इन मतदान केंद्रों तक पहुंचाने के लिए पुलिस महानिरीक्षक कानून व्यवस्था की ओर से परिवहन निगम से बसें उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया है। पुलिस महानिरीक्षक कानून एवं व्यवस्था उत्तर प्रदेश एल आर कुमार की ओर से परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक को भेजे गए पत्र में निगम से सभी सात चरणो के लिए सुरक्षा बलों को मतदान स्थल तक पहुंचाने के लिए कुल 7051 बसें उपलब्ध कराने का आग्रह किया है। पुलिस मुख्यालय की ओर से प्रत्येक चरण के लिए अलग-अलग संख्या में बसें मांगी गई हैं। इसके अनुसार, 19 अप्रैल को पहले चरण के लिए 608 बसों की मांग है तो 26 अप्रैल को दूसरे चरण के मतदान हेतु 657 बसों की डिमांड है। इसी तरह 7 मई को तीसरे चरण के लिए 901, 13 मई को चौथे चरण के लिए 1235, 20 मई को पांचवें चरण के लिए 1249, 25 मई को छठे चरण के लिए 1265 और अंतिम चरण यानी एक जून को होने वाले मतदान के लिए 1136 बसें उपलब्ध कराने के लिए कहा गया है। इन बसों के माध्यम से बड़ी संख्या में अर्द्धसैनिक बलों एवं पुलिस जवानों को मतदान स्थलों तक पहुंचाने में आसानी होगी और मतदान कार्य को पूर्ण सुरक्षा के बीच संपन्न कराया जा सकेगा। पत्र में कहा गया है कि पुलिस बल के साथ जो बस एक बार रवाना होगी, वह बस अगले चरणो में भी उसी पुलिस बल के साथ मूल जनपद में वापसी तक बनी रहेगी। चरणवार निर्वाचन के बाद चुनावी जनपदों से कुछ पुलिस बल अपने मूल नियुक्त जनपद वापस जाएगा एवं कुछ जनपदों का नया पुलिस बल संचारित करेगा, जिसके उपयोग हेतु कुछ बसें वापस होंगी एवं कुछ नई बसें बढ़ेंगी। इसके अतिरिक्त ब्रेक डाउन के चलते 10 प्रतिशत रिजर्व वाहनों की भी आवश्यकता होगी। मांग के अनुसार,बसें अच्छी स्थिति में होनी चाहिएं और उनमें समुचित साफ सफाई के साथ ही दरवाजे एवं खिड़कियों के शीशे लगे होने चाहिए।

# सिर चढ़कर बोल रहा है भाजपा नेताओं का अहंकारः अखिलेश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा नेताओं का अहंकार उनके सिर चढ़कर बोल रहा है। भाजपाई सत्ता के मद में नैतिकता और अनैतिकता में भेद नहीं कर पा रहे है। भाजपा का लोकतंत्र, संविधान और लोकतांत्रिक व्यवस्था में भरोसा नहीं है। भाजपा समाज में भेदभाव करती है। नफरत फैलाती है। विपक्ष को अपमानित कर देश की लोकतांत्रिक प्रक्रिया को प्रदूषित करती है। चुनाव में हार के डर से पूरी भाजपा में बौखलाहट है।

अखिलेश ने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता से लेकर शीर्ष नेता तक भाषा की मर्यादा को भूल गये हैं।



विरोधी दलों और नेताओं पर झूठे आरोप लगाना उनका स्वभाव है। बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार से ध्यान हटाकर जनता को भ्रमित करना ही भाजपा का उद्देश्य रहता है। दस साल की सरकार में भाजपा सरकार ने जनता की समस्याओं पर कोई काम नहीं किया। अखिलेश ने कहा कि आज हालत यह है कि जनता में उत्तर प्रदेश ही नहीं पूरे देश में भाजपा के खिलाफ भारी अंसतोष उबल रहा है। भाजपा द्वारा किए गए भारी भ्रष्टाचार, बढ़ती महंगाई, चरम पर पहुंची बेरोजगारी से आम जनता आक्रोशित है। जनता भाजपा के खिलाफ समाजवादी पार्टी और इंडिया गठबंधन के पक्ष में मतदान को तैयार है। भाजपा लोकसभा चुनाव में पश्चिम उत्तर प्रदेश से लेकर पूर्वी उत्तर प्रदेश तक, गुजरात, राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली, बिहार, सब जगह हार रही है। जनता भाजपा का अहंकार तोड़ देगी। अखिलेश ने कहा कि पूरे देश में जगह-जगह तमाम संगठन भाजपा को हराने और सत्ता से हटाने की कसमें खा रहें है और संकल्प ले रहें है। देश में माहौल भाजपा के खिलाफ है। इसीलिए घबराई भाजपा के नेता समाज को बांटने और नफरत फैलाने के एजेंडे पर आ गए हैं। भाजपा के पास जनता को बताने के लिए कोई काम नहीं है।

## लोकसभा चुनाव पर एडीआर ने जारी की रिपोर्ट

# टिकट बंटवारे में नहीं मिला महिलाओं को 33 फीसद का संकल्प

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**महिला** सशक्तिकरण को लेकर केन्द्र सरकार की तरफ से संसद में पास किये गये महिलाओं को 33 फीसद आरक्षण देने का संकल्प लोकसभा चुनाव में पूरा होता नहीं दिया है। लोकसभा चुनाव 2024 के पहले चरण में 8 निर्वाचन क्षेत्रों से चुनाव लड़ने वाले सभी 80 उम्मीदवारों में 7 यानि 9 फीसद महिला उम्मीदवार चुनाव लड़ रही है। मंगलवार को उत्तर प्रदेश इलेक्शन वॉच और एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्मस ने यह रिपोर्ट जारी की है।

उत्तर प्रदेश लोकसभा चुनाव 2024 के पहले चरण में 8 निर्वाचन क्षेत्रों से चुनाव लड़ने वाले सभी 80 उम्मीदवारों के शपथपत्रों का विश्लेषण किया गया जो बिजनौर, कैराना, मुरादाबाद, मुजफ्फरनगर, नगीना, पीलीभीत, रामपुर और सहारनपुर से चुनाव लड रहे है। उम्मीदवारों द्वारा घोषित आपराधिक

### ● दागियों में आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पहले स्थान पर

मामले 80 में से 28 (35 फीसद) उम्मीदवारों ने अपने ऊपर आपराधिक मामले घोषित किए हैं इनमें से 29 फीसद उम्मीदवारों ने गंभीर आपराधिक मामले घोषित किए है। अपराधिक मामले घोषित करने वाले उम्मीदवारों का दलवार विवरण बहुजन समाज पार्टी के 8 में से 5 (63 फीसद), समाजवादी पार्टी के 7 में से 3 ( 43 फीसद) बीजेपी के 7 में से 3 (43 फीसद) , जय समता पार्टी के 2 में से 2(100 फीसद) , आजाद समाज पार्टी ( कांशी राम) के 1 में से 1 (100 फीसद) , राष्ट्रीय लोकदल 1 में से 1 (100 फीसद) , कांग्रेस 1 में से 1 (100 फीसद) उम्मीदवारों ने अपने ऊपर अपराधिक मामले घोषित किए हैं। उम्मीदवारों द्वारा घोषित गंभीर आपराधिक मामलों में बहुजन समाज पार्टी के 50फीसद, समाजवादी पार्टी के 29फीसद, बीजेपी के 14फीसद, जय समता पार्टी के 100फीसद, आजाद समाज पार्टी के 100फीसद, राष्ट्रीय लोकदल के 100 फीसद और कांग्रेस (100फीसद) उम्मीदवारों ने अपने ऊपर गंभीर आपराधिक मामले घोषित किए हैं। आपराधिक मामलों में चंद्रशेखर जो नगीना से आजाद समाज पार्टी ( कांशी राम) के उम्मीदवार है उनके ऊपर 36 आपराधिक मामले है। दूसरे नम्बर के आपराधिक छवि के उम्मीदवार में इमरान मसूद जो सहारनपुर से कांग्रेस के उम्मीदवार है। इनके ऊपर 8 आपराधिक मामले है। वही तीसरे नंबर पर अरशद वारसी जो रामपुर से अल्पसंख्यक डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार है। जिनके ऊपर 6 आपराधिक मामले पंजीकृत है। अगर हम करोडपति उम्मीदवारों की बात करे तो 80 में से 34 यानी 43 फीसद उम्मीदवार करोड़पति हैं। बीजेपी के 7 में से 7 (100 फीसद), बहुजन समाज पार्टी के 8 में से 7 (88फीसद) समाजवादी पार्टी के 7 में से 5 (71 फीसद) कांग्रेस के 1 में से 1 (100 फीसद ) और राष्ट्रीय लोकदल के 1 में से 1 (100 फीसद) उम्मीदवार करोड़पति हैं। औसतन संपत्ति उत्तर प्रदेश लोकसभा चुनाव 2024 के पहले चरण के उम्मीदवारों की 6.95 करोड़ है। मुख्य दलों में बहुजन समाज पार्टी के 8 उम्मीदवारों की औसत संपत्ति लगभग 13.19 करोड़ है। बीजेपी के 7 उम्मीदवारों की औसत संपत्ति 11.61 करोड़ है। समाजवादी पार्टी के 7 उम्मीदवारों की औसत संपत्ति 6.67 करोड़ है। लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण के प्रत्याशियों में माजिद अली सहारनपुर से बहुजन समाज पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं। जिनकी संपत्ति 159 करोड़ है, इसी तरह से तस्मीम बानो सहारनपुर से ब्लूह्ष्ठ के टिकट पर चुनाव लड़ रही हैं। जिनकी संपत्ति 78 करोड़ है, वही पीलीभीत लोकसभा सीट से जितिन प्रसाद भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं। जिनकी संपत्ति 29 करोड़ रुपए हैं। लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण में 80 में से 30 यानि 38फीसद उम्मीदवारों ने अपनी शैक्षिक योग्यता 5वीं और 12वीं के बीच घोषित की है। जबकि 41 (51 प्रतिशत) उम्मीदवारों ने अपनी शैक्षिक योग्यता स्नातक और इससे ज़्यादा घोषित की हैं। 1 उम्मीदवार ने अपनी शैक्षिक योग्यता डिप्लोमा धारक घोषित की है। 7 उम्मीदवारों ने अपनी शैक्षिक योग्यता साक्षर और 1 उम्मीदवार ने अपनी शैक्षिक योग्यता असाक्षर घोषित की है। उम्मीदवारों की आयु की बात करे तो 80 में से 23 (28.75 प्रतिशत) उम्मीदवारों ने अपनी आयु 25 से 40 वर्ष के बीच घोषित की है। जबकि 47 (58.75 प्रतिशत) उम्मीदवारों ने अपनी आयु 41 से 60 वर्ष के बीच घोषित की है। 10 (12.50 प्रतिशत) उम्मीदवारों ने अपनी आयु 61 से 80 वर्ष के बीच घोषित की है।

# भाजपा के दस सालों के अन्याय काल से त्रस्त हो चुकी है देश की पूरी जनताः अजय राय

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**ऑल** इंडिया दलित मुस्लिम मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सलाहुद्दीन 'शीबू' एडवोकेट ने प्रदेश कांग्रेस अजय राय से मिलकर लोकसभा चुनाव 2024 में इंडिया गठबंधन को समर्थन देने का ऐलान किया। इस मौके उत्तर प्रदेश कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना एवं ऑल इंडिया प्रोफेशनल कांग्रेस के जोनल चेयरमैन तारिक सिद्दीकी भी मौजूद रहे।



इस अवसर पर अजय राय ने कहा कि भाजपा के दस सालों के अन्याय काल से देश की पूरी जनता त्रस्त हो चुकी है। हर व्यक्ति अब बदलाव चाहता है, समाज के सभी वर्गों का समर्थन अब इंडिया गठबंधन को है, और सभी को विश्वास है कि जननायक श्री राहुल गांधी जी के नेतृत्व में अब इस देश में जनप्रिय सरकार का गठन होगा। इस अवसर पर सलाहुद्दीन शीबू ने कहा कि इस समय देश लोकतांत्रिक तानाशाही से गुजर रहा है, अघोषित आपातकाल जैसे हालात हैं, परिस्थितियां चिंताजनक हैं, आम आदमी परेशान है, स्वायत्त निकाय दबाव में काम कर रहे हैं। कुछ सत्ता लोभी लोकतंत्र और संविधान को खत्म करना चाहते हैं। 2024 लोकसभा का चुनाव ऐतिहासिक चुनाव है, जो यह तय करेगा कि देश संविधान से चलेगा या फासीवाद से राहुल गांधी देश के एकमात्र नेता हैं, जो पिछले कई वर्षों से लोकतंत्र व संविधान को बचाने के लिए संघर्षरत हैं। हम आपसी मतभेद तो कभी भी सुलझा सकते हैं, लेकिन जब सवाल राष्ट्र का हो, तो सभी लोगों को मिलकर साझा प्रयास करना चाहिए। लोकतंत्र और संविधान से प्रेम करने वाले सभी देशवासियों का यह कर्तव्य है कि वह इंडिया गठबंधन को वोट देकर राहुल गांधी के हाथों को मजबूत करें। उन्होंने बताया कि मोर्चा के सहयोगी ईसाई संस्थान भी उनके साथ इण्डिया गठबंधन का प्रचार प्रसार करेंगे।

पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार, 10 अप्रैल, 2024



# शार्ट सर्किट से लगी आग से लाखों का नुकसान, तीन घंटे में दमकल ने पाया काबू

संवाददाता। राठ (हमीरपुर



दुकान में जले सामान को दिखाता पीड़ित दुकानदार

**मंगलवार** की सुबह हार्डवेयर की दुकान में शार्ट सर्किट से आग लगने से लाखों काक नुकसान हो गया,तीन घंटे बाद आग में काबू पाया गया है। कस्वे में सुभाष गुप्ता की सीमेंट, सरिया और हार्डवेयर की दुकान है।वह दुकान में दस बजे अचानक शार्ट सर्किट से निकली चिंगारी से आग लग गई। देखते ही देखते थोड़ी देर में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। दुकना में रखा सामान धू धू कर जलने लगा। मौके पर पहुंची चिकासी, जरिया, राठ सहित नगर पालिका के कर्मी पानी का टेंकर लेकर पहुंच कर आग की लपटों में काबू पाया। तभी नगर पालिका की जेसीबी मशीन से बगल की दीवार तोड़ी गई। पीड़ित दुकानदार सुभाष गुप्ता ने बताया कि आग लगने से दो लाख रुपए के प्लास्टिक पाइप, करीब लाख रुपए की एक हजार सीमेंट की बोरी, आठ लाख रुपए का कलर पैंट, पांच लाख रुपए का हार्डवेयर का सामान जलकर राख हो गया है। साथ ही बीस हजार रुपए की एलईडी, सीसीटीवी कैमरे जलकर राख हो गए हैं। मौके पर कोतवाली पुलिस भी पहुंच गई। इस पर व्यापारी रविन्द्र गुप्ता, दीपक राजपूत, आदर्श शुक्ला, शेखर चौरसिया ने व्यापारी के पास पहुंच सांत्वना दी।

# आचार संहिता के उल्लंघन से संबंधित शिकायतों को व्हाट्स ऐप के माध्यम से कराएं दर्ज

**कानपुर देहात।** निर्वाचन आयोग के निर्देशों व डीएम आलोक सिंह के मार्गदर्शन में उप जिला निर्वाचन अधिकारी अमित कुमार ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन.2024 के दौरान आदर्श आचार संहिता और निर्वाचन व्यय संबंधी उपबन्धों के उल्लघनों की शिकायत दर्ज करने के लिए विकसित किया गया है। जागरूक नागरिक और यह स्वतंत्र और निष्पक्ष निर्वाचन के संचालन में नागरिको की सक्रिय और जिम्मेदार भूमिका पर जोर देता है। एक उपभोक्ता अनुकूल मोबाइल एप्लीकेशन है जिसे संचालित करना आसान है, जिसका उपयोग वर्तमान संसदीय निर्वाचन की घोषणा की तारीख से उल्लंघनों की रिपोटिंग के लिए किया जा सकता है। इस ऐप की विशेषता यह है कि यह केवल लाइव फोटो/वीडियो और ऑटो लोकेशन ही कैप्चर करता है ताकि निगरानी टीम को समयबद्ध तरीके से कार्य करने के लिए डिजिटल साक्ष्य मिलना सुनिश्चित हो सके।

इस ऐप को ऐसे किसी भी स्मार्ट फोन में इंस्टॉल किया जा सकता हैए जिसमें कैमरा, इण्टरनेट कनेक्शन और जीपीएस ऐक्सेस हो। इस एप्लीकेशन का उपयोग करके आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की घटनाओं को देखते ही तत्काल इसकी रिपोर्ट कर सकते हैं और इसके लिए उन्हें रिटर्निंग अधिकारी के कार्यालय में नहीं जाना पड़ेगा। यह ऐप निगरानी दलों के साथ जुड़ा है, जिससे एक तीव्र और सटीक रिपोर्टिंग, कार्यवाही और निगरानी प्रणाली का निर्माण होता है। शिकायत दर्ज करने से पहले आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने वाली गतिविधि की केवल एक तस्वीर या दो मिनट का वीडियो और संक्षिप्त में इसका वर्णन कर दे। शिकायत के साथ कैप्चर की गयी जानकारी स्वत: ही जिला नियंत्रण कक्ष में चली जाती है, जिससे निगरानी दल को कुछ ही मिनटों में घटना स्थल पर भेज दिया जाता है।

# विधानसभा निघासन के विभिन्न गांवों में केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री ने किया भ्रमण



**लखीमपुर खीरी।** केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री अजय कुमार मिश्रा ने विधानसभा निघासन के विभिन्न कार्यक्रमों में रहे। विधानसभा निघासन में विकासखण्ड निघासन के ग्राम डांगा, घनश्यामपुरवा, चौधरीपुरवा, सुक्खनपुरवा जनसम्पर्क एवं रमियाबेहड़ में होली मिलन समारोह में रहे। केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री अजय कुमार मिश्रा ने विधानसभा निघासन में विकासखण्ड निघासन के ग्राम डांगा, घनश्यामपुरवा, चौधरीपुरवा एवं सुक्खनपुरवा में जनसम्पर्क के दौरान तथा रमियाबेहड़ में होली मिलन समारोह में कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि इंडी गठबंधन दिल्ली में एक साथ खड़े होते है और जब अपने प्रदेश में जाते है तो अलग.अलग एक.दूसरे के विरूद्ध चुनाव लड़ते है। यह इंडी गठबंधन देश के लोगों को बेवकूफ समझता है। मगर देश के लोग देख रहे है यह सारे राजनैतिक दल इस तरह के है कि न तो इनके पास देश को देने के लिए कुछ है और न ही देश के लोगों के लिए कुछ है और इसके कारण आज पूरे देश में चुनाव से पहले ही इस तरह का माहौल बन गया है कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनती है।

कार्यक्रम में योगेश वर्मा सदर विधायक, अरविन्द गुप्ताए ब्लाक प्रमुख निघासन प्रतिनिधि अमनदीप सिंह, सांसद प्रतिनिधि अरविन्द सिंह संजय विकास शुक्ला, कनक पाल सिंह राना, संजय गिरि, बबलू गुप्ता, विकास मिश्रा, नागेन्द्र सिंह सेंगर, संगम लाल मिश्रा, यदुवेन्द्र अवस्थी, केडी वर्मा, मोनू दीक्षित, वीरेन्द्र मिश्रा, रतीराम लोधी, विपिन वर्मा, दयाशंकर मौर्य, नरेन्द्र वर्मा सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# एक शिक्षक के खिलाफ कार्यवाही की संस्तुति दूसरे से किया जवाब तलब

**हमीरपुर।** विना अवकाश के शिक्षक के गायब रहने व बेतन भुगतान को लेकर लेखाकार से विवाद होने पर एक शिक्षक के खिलाफकार्यवाही की संस्तुति व दूसरे से जवाब तलब किया गया है। जानकारी के मुताबिक खंड शिक्षा अधिकारी मुस्करा ने बीएसए को मंगलवार को बताया कि प्राथमिक विद्यालय मोहनपुरवा के सहायक अध्यापक सौरभ अरजरिया का अवशेष बेतन भुगतान होना है इस पर उन्होने बीआरसी के कनिष्ट सहायक पवन परिहार को को फोन किया, जानकारी होने पर उन्होने शिक्षक को बेतन अवशेष को लेकर जानकारी देने के लिये अपने पास बुलाया मगर व नही आये और कनिष्ठ सहायक पवन परिहार से विवाद किया यहां तक कि उन्हे एंटी करप्शन टीम से पकड़वाने की धमकी दी।

इसके पहले शिक्षक कनिष्ठ सहायक से कई मर्तवा विवाद कर चुके है। बीएसए ने शिक्षक को लिखे पत्र में कहा है कि वह स्टाफ में अनावश्यक दबाव बनाते है। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के पदाधिकारी होने का दुरुपयोग करते है। जिससे बीआरसी का स्टाफ अपने आपको असहज महसूस करता है। बीएसए ने शिक्षक से जवाब तलब किया है। इसी प्रकार खंड शिक्षा अधिकारी मौदहा रामगोपाल ने बीएसए को बताया कि इंचार्ज हेडमास्टर अरविंद कुमार विना अवकाश प्रार्थना पत्र के विद्यालय से गायब रहते है। चुनाव को लेकर सेक्टर मजिस्ट्रेट ने विद्यालय का दौरा किया था जिसमे समरसेविल खराब होने की रिपोर्ट की थी जब हेडमास्टर से संपर्क किया गया तो फोन बंद मिला,विद्यालय के सहायक अध्यापक राजाबाबू ने बताया कि हेडमास्टर छह अप्रैल को विद्यालय नही आये थे। जब मामले की जांच संपदा पोर्टल से की गयी तो हेडमास्टर ने विना अवकाश के गायब थे। हेडमास्टर को एक मर्तवा वेतन रोकने की संस्तुति की जा चुकी है।

# नवरात्र के प्रथम दिन मां शैलपुत्री की हुई आराधना

संवाददाता। फर्रूखाबाद



**वासंतिक** नवरात्र के प्रथम दिवस मंगलवार को देवी मंदिरों में आस्था का सैलाब उमड़ा। इस दौरान मां दुर्गे का जयकारा लगा। दैहिक, दैविक, आध्यात्मिक और भौतिक शक्ति के संधान के अनुष्ठान पूरे विधिण्विधान से आरंभ हो गए। 9 अप्रैल यानी आज से चैत्र नवरात्रों की शुरूआत हो गई है। पहले दिन मंदिरों में माता शैलपुत्री की आराधना की जा रही है। शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक के देवी मंदिरों में भक्तों का जमावड़ा है। भोर से ही श्रद्धालु मां की पूजनण्अर्चन के लिए पहुंच रहे हैं। शहर के प्रमुख मंदिरों में लंबी कतारें लगी हैं।

शहर के बढ़पुर स्थित शीतला माता मन्दिर, रेलवे रोड़ स्थित मठिया देवी मंदिर, मऊदरवाजा स्थित गुरुगांव देवी मन्दिर , भोलेपुर स्थित वैष्णो देवी मंदिरए जेएनबी रोड फतेहगढ़ स्थित गमा देवी मंदिर, महाकाल मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालु दर्शन के लिए पंहुचनें लगेद्य देखते ही देखते लम्बी कतारे देवी मन्दिरों के सामने दर्शन के लिए नजर आयीं। सुबह से श्रद्धालु व्रत रखकर मां का पूजन अर्चन कर सुख समृद्धि की कामना कर रहे हैं। नवरात्रि पर्व के मद्देनजर प्रमुख मंदिरों को काफी आकर्षक ढंग से सजाया गया है। इसके साथ ही कुछ मंदिरों पर भारी भीड़ के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए गए थे। भक्तों ने पूजा के लिए पहले से ही सारी तैयारियां पूरी कर ली थी। यही वजह है कि पहले दिन पूजन अर्चन करने वाले भक्तों में अपूर्व उत्साह देखने को मिला। लोगों के उत्साह को देखते हुए उम्मीद है कि नौ दिनों तक होने वाली मां दुर्गा की पूजा धूमधाम से संपन्न होगी।

# संस्कार भारती ने नव संवत्सर पर उगते सूर्य को अर्घ्य देकर राष्ट्र के लिए मंगलकामना की

**फर्रूखाबाद।** मंगलवार को प्रात: काल संस्कार भारती के पदाधिकारी पांचाल घाट गंगा तट स्थित दुर्वासा ऋषि आश्रम के पास एकत्र हुए गंगा स्नान के बाद श्रीराम विविध कला केन्द्र के संस्थापक विजय दुबे उर्फ मटर लाल ने सभी का केसर चंदन से तिलक लगाकर अभिनंदन किया। सृष्टि के देवता सूर्य की उपासना कर पहली किरण को अर्घ्य देकर सर्वे भवन्तु सुखिन: सर्वे सन्तु निरामया: के साथ राष्ट्र के मंगल की कामना की गई। दुर्वासा ऋषि आश्रम के महन्त ईश्वर दास ब्रह्मचारी ने कहा कि हमारे देश की सनातन संस्कृति बहुत पुरानी है, रामभक्त महाकवि तुलसीदास ने अखण्ड भारत की यात्रा के बाद ही अमूल्य ग्रंथों की रचना की। जनवरी अंग्रेजी नववर्ष है, भारतीय नववर्ष जो से प्रारंभ हुआ है। मटर लाल दुबे, सुरेंद्र पाण्डेय प्रांतीय महामंत्री संस्कार भारती, आदित्य दीक्षित, महेन्द्र गुप्ता, अरुणा गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### अज्ञात महिला की मौत के मामले में पुलिस जांच में जुटी

**मौदहा, हमीरपुर।** काफी समय पहले भटक कर क्षेत्र में आई वृद्धा की मौत के बाद पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है जबकि मृतका की शिनाख्त नहीं हो सकी है। कोतवाली क्षेत्र के मंकराव स्थित खेरापति मंदिर में कुछ समय से एक मानसिक विक्षिप्त महिला रह रही थी। जिसकी मंगलवार को मौत हो गई सूचना पर पहुंची पुलिस मृतका के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मृतका की शिनाख्त के प्रयास शुरू कर दिए हैं। इस सम्बंध में कोतवाली प्रभारी राम आसरे सरोज ने बताया कि महिला काफी वृद्ध और मानसिक विक्षिप्त है जो काफी समय इस स्थान पर रह रही थी गांव वाले महिला को खाना आदि दे दिया करते थे उसी की मौत हो गई है।

### गैंगस्टर के घर पर धारा 82 सीआरपीसी की कार्रवाई की

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** जनपद न्यायालय में चले रहे गैंगस्टर एक्ट के मुकदमें में काफी समय से फरार चल रहे अभियुक्त के घर पर कोतवाली पुलिस द्वारा धारा 82 सीआरपीसी की कार्रवाई करते हुये नोटिस चस्पा की गई है। थाना कोतवाली कन्नौज पर पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 853/23, धारा 3(1) गैगेस्टर एक्ट मे वांछित चल रहे अभियुक्त सुल्तान मोगिया पुत्र धीरज सिंह मोगिया निवासी ग्राम सित्रवासा चक थाना कैंट जनपद गुना मप्र के विरुद्ध धारा 82 सीआरपीसी 04.01.24 को न्यायालय से निर्गत करायी गयी थी। अभियुक्त के घर पर धारा 82 सीआरपीसी की कार्रवाई करते हुये उसके घर पर नोटिस चस्पा करायी गयी है।

### आग से 60 बीघा गेहूं की पकी फसल हुई खाक

**बिदकी (फतेहपुर)।** बकेवर थाना क्षेत्र के उसरहाखेडा गांव में अज्ञात कारणों से लगी आग से लगभग 50 से 60 बीघा गेहूं के खेत में पकी फसल जलकर खाक हो गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और आसपास के गांवो के सैकडो की संख्या में पहुंचकर लोगों ने आग पर काबू पाया। किसान राम सजीवन, अंबिका प्रसाद, अशोक कुमार, जय सिंह, रामनरेश, अनिल, राजरानी, वीरेंद्र, लाल बहादुर, अमर सिंह, रमाकांत, राजेश बाबू, सिद्धनाथ यादव, टिंकू, चंद्रशेखर यादव, राम बहादुर, राजेंद्र प्रसाद, देवी दयाल, श्याम बहादुर, नरेश यादव आदि की खेतों में गेंहू की पकी फसल जलकर खाक हो गई।

### भट्ठा मजदूर ने जहर खाकर दी जान

**फतेहपुर।** हथगाम थाना क्षेत्र के भूप का पुरवा मजरे पलिया बुजुर्ग गांव निवासी राम सजीवन का पुत्र बृजलाल अपनी पत्नी सूरजकली, पुत्री राधा के साथ चंदीपुर स्थित ईंट भट्ठे में मजदूरी करता था। बताया जा रहा है कि तीन दिन पूर्व पत्नी गेहूं काटने के लिए गांव वापस चली गई थी। साथ में उसकी पुत्री राधा थी। देर शाम बृजलाल ने जहरीला पदार्थ खा लिया। इसकी जानकारी जब वहां मौजूद लोगों को लगी तो तत्काल उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया जहां उसकी उपचार दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव को विच्छेदन गृह भेज दिया।

### सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

**फतेहपुर।** हुसैनगंज थाना क्षेत्र के चौहट्टा गांव निवासी शिवभवन का पुत्र लवकुश सोमवार की शाम बाइक से अपनी बहन की ससुराल हथगाम थाना क्षेत्र के अस्तूपुर जा रहा था। जैसे ही वह बेला गांव के पास पहुंचा तभी अज्ञात चार पहिया वाहन ने उसे टक्कर मार दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को विच्छेदन गृह भेज दिया।

### राजगीर का घर गिराया

**फतेहपुर।** खागा कोतवाली क्षेत्र के जसराजपुर गांव निवासी बरसाती लाल ने कोतवाली में शिकायती पत्र देकर बताया कि उसका एक बिसवा का पट्टा हुआ था। एसडीएम के आदेश पर कानूनगो, हल्का लेखपाल व पुलिस की मौजूदगी में पैमाइश पर निर्माण कार्य हेतु आदेशित किया गया था। निर्माण कार्य के बाद एक कमरा बनाकर धन्नी से पाटकर रह रहा था। रात में पीड़ित अपने पत्नी व बच्चों को छोड़कर बाहर चला गया। तभी गांव के समर सिंह, धर्म सिंह, ज्ञान सिंह, मान सिंह, मनीष कुमार, रामकेश, सोनू सिंह मय लाठी डंडे लेकर आए और मारपीट कर जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर घर की दीवारें गिरा दिया और फरार हो गए।

### मतदाता जागरूकता अभियान में मतदान का दिलाया संकल्प

**फतेहपुर।** मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए बुंदेलखंड राष्ट्रीय समिति की तरफसे विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। विकास खंड धाता ग्राम गुरसण्डी में निष्पक्ष देव विद्या मंदिर में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। बुंदेलखंड राष्ट्र समिति द्वारा विद्यालय में चित्रकला, भाषण और सुलेख आदि प्रतियोगिता समेत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया गया।

# सीएमएस में चखा मरीज और तीमारदारों को दिए जाने वाले भोजन का स्वाद

**लखीमपुर खीरी।** भर्ती मरीज और उसके तीमारदार को जिला पुरुष अस्पताल में दिए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता को परखने के लिए मंगलवार को सीएमएस डॉ आरके कोली द्वारा भोजनालय का औचक निरीक्षण किया गया। उन्होंने स्वयं भोजन खाकर उसकी गुणवत्ता को परखा। इसी के साथ उनके द्वारा पैथोलॉजी और इमरजेंसी वार्ड का भी निरीक्षण किया। जिला पुरुष चिकित्सालय में भर्ती होने वाले मरीजों को और उनके तीमारदारों को शासन के निर्देशों के क्रम में भोजन उपलब्ध कराया जाता है। यह भोजन गुणवत्ता पूर्ण लाभार्थी तक पहुंच रहा है या नहींए इसका निरीक्षण करने के लिए सीएमएस डॉ आरके कोली मंगलवार को औचक निरीक्षण पर भोजनालय पहुंच गए। जहां उन्होंने न सिर्फ भोजनालय की साफ सफाई व्यवस्था व भोजन को बनाए जाने की प्रक्रिया देखी। इसी के साथ उन्होंने बनाए गए भोजन का स्वयं स्वाद भी लिया।

# केंद्रीय सचिव ने गेहूँ क्रय केन्द्रों का किया निरीक्षण



**खागा ( फतेहपुर )।** मंगलवार को सचिव उपभोक्ता मंत्रालय, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय संजीव चोपडा द्वारा जनपद भ्रमण के दौरान तहसील खागा के अन्तर्गत खागा नवीन मण्डी में खाद्य विभाग की विपणन शाखा के संचालित गेहूँ क्रय केन्द्रों का निरीक्षण आयुक्त, खाद्य तथा रसद विभाग उप्र, जवाहर भवन, लखनऊ के साथ किया गया। निरीक्षण के समय डीएम सी. इंदुमती ने क्रय प्रक्रिया एवं खरीद सम्बन्धी व्यवस्थाओं से सचिव को अवगत कराया गया। निरीक्षण के समय अपर जिलाधिकारी, सम्भागीय खाद्य विपणन अधिकारी प्रयागराज सम्भाग प्रयागराज, उप जिलाधिकारी तहसील खागा तथा जिला खाद्य विपणन अधिकारी आदि उपस्थित रहे। सचिव द्वारा खागा मण्डी में उपस्थित किसान राजाबली, संतोष कुमार निवासी कटोघन, छोटू परिहार निवासी सिलमी आदि से वार्ता की गयी तथा विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि अधिकाधिक संख्या मे किसानों से क्रय केन्द्रों पर गेहूँ विक्रय किये जाने हेतु प्रेरित करें तथा निर्धारित क्रय लक्ष्य के अनुरुप गेहूँ खरीद सुनिश्चित करायें।

# एडीएम ने व्यय अनुवीक्षण समिति के सदस्यों के साथ की बैठक, दिए निर्देश



**कानपुर देहात।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को शांतिपूर्ण, स्वतंत्र, निष्पक्ष, सकुशल संपन्न कराए जाने के दृष्टिगत जिलाधिकारी आलोक सिंह के निर्देशों के क्रम में एडीएम (वि.रा0) केशव नाथ गुप्ता की अध्यक्षता में व्यय अनुवीक्षण समिति के सदस्यों की बैठक मां मुक्तेश्वरी देवी सभागार कक्ष कलेक्ट्रेट में की गई। बैठक में उम्मीदवारों द्वारा किए जाने वाले व्यय के संबंध में अनुवीक्षण समिति को विस्तृत दिशा निर्देश दिए गए। आयोग द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों के अनुरूप व्यय अनुवीक्षण संबंधी कार्यों को संपादित किया जाएए इस कार्य में कार्यरत समस्त एफएसटी/एसएसटी सहित विभिन्न टीमों का आपस में समन्वय अत्यंत आवश्यक है। जनपद में निर्वाचन चतुर्थ एवं पंचम चरण में हैए ऐसे में सभी अधिकारी अब बेहद सतर्क होकर अपने दायित्व का निर्वहन करें। समस्त लोकसभा संसदीय क्षेत्रों हेतु नियुक्त सहायक व्यय प्रेक्षकों द्वारा अपने अपने लोकसभा संसदीय क्षेत्रों हेतु नियुक्त लेखा टीम से परिचय किया गया तथा आवश्यक जानकारी साझा की गयी। एडीएम द्वारा बताया गया कि जनपद में दिनांक 16 मार्च से एफएसटी टीमें तैनात हैं तथा 18 अप्रैल 2024 से समस्त एसएसटी टीमें भी सक्रीय होंगी, जिनकी जिम्मेदारी है कि वे एक स्थान पर स्थिर रह कर जनपद की सीमा पर मदिरा 50000 से अधिक की धनराशि कीमती उपहार आदि की नियमित चेकिंग करेंगेए जिसकी नियमित वीडियो ग्राफी सुनिश्चित की जाएगी। 10 लाख से अधिक धनराशि की बरामद की के संबंध में इनकम टैक्स ऑफिसर को भी सम्मिलित कर आय व्यय का आगरण सुनिश्चित किया जाएगा।

# आर एस एस द्वारा आयोजित नववर्ष प्रतिपदा उत्सव राष्ट्रीय गीत धोष वादन के साथ मनाया गया



**फर्रूखाबाद।** कार्यक्रम का शुभारंभ डॉक्टर केशव राम हेडगेवार एवं गुरु जी के चित्र पर पुष्पांजलि ध्वजारोहण ध्वज प्रणाम के साथ अध्यक्ष पवन कटियार, समाजसेवी संघचालक सुशील जी प्रमुख वक्ता, संजीव प्रांत प्रचार प्रमुख, विजय अवस्थी विभाग कार्यवाहक, राजेश विभाग शिवम ग्राम विकास रामगोपालए गौ सेवा प्रमुख राज किशोर, सह सेवा प्रमुख दीपक, शहर जिला प्रचारक प्रवीण जी, अनिल जिला व्यवस्था प्रमुख ने नव वर्ष में सहभागिता की हिंदू सनातन नव वर्ष पर भावी पीढ़ी को जानकारी दी ।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में त्याग साधना सेवा संस्था समाजिक संगठन एवं संस्था पर्यावरण संरक्षण राष्ट्रभक्ति की भावना के मूल मंत्र को नगर गांव के मंडल स्तर तक कार्य करने की योजना आने वाली शताब्दी वर्ष में कार्य योजना प्रस्तुति की।

भारतीय नव वर्ष की ऐतिहासिक महत्व पर सनातन एवं वैज्ञानिक तत्वों पर एवं महापुरुषों के इतिहास को पर्वों के महत्वपूर्ण तत्वों पर विचार व्यक्त किए। नगर में नगर वासियों द्वारा अभिनंदन भाभी पीढ़ी को अपनी संस्कृति की जानकारी दी। संघ के स्वयंसेवकों ने घरण्घर पहुंचने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का विराम राष्ट्रीय ध्वज वंदना के साथ नव वर्ष की शुभकामनाएं साथ किया गया।

सरस्वती शिशु मंदिर ध्विद्या मंदिर सेनापति के छात्रों ने आचार्यों के साथ नगर के मुख्य मार्गों पर चौक, घुमना बाजार, रेलवे रोड, पक्का पुल, चौराहे पर रोली चावल चंदन से तिलक लगाकर पशुओं के साथ नागरिकों का अभिनंदन किया। पूरा नगर भारतीय नव वर्ष उत्सव के रूप में शुरू हो गया सभी की मंगल कामनाएं शक्ति उपासना एवं मिष्ठान वितरण के साथ शुभकामनाएं दी।

# प्रधान ने पशुचर भूमि पर खड़ी फसल कटवाई, मुख्यमंत्री से हुई शिकायत

**संडीला ( हरदोई )।** ग्राम प्रधान ने कथित रूप से पशुचर भूमि पर कब्जा करके न केवल उसपर फसल बोई और काट भी ली जबकि उसकी शिकायत तमाम ग्रामीण अधिकारियों से करते रहे। मामले की शिकायत मुख्यमंत्री के पोर्टल पर की गयी है। घटना ब्लाक भरावन के अंतर्गत ग्राम लालामऊ की है। ग्राम निवासी सत्यप्रकाश ने मुख्यमंत्री के पोर्टल पर की गयी शिकायत में कहा कि ग्राम पंचायत की पशुचर भूमि पर वर्तमान ग्राम प्रधाान द्वारा कब्जा करके इस पर गेहूं की फसल बोई गयी जिसकी शिकायत बार बार तहसील स्तरीय अधिकारियों से की जाती रही लेकिन किसी अधिकारी ने इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं की। रामत: इस भूमि पर गेहूं की फसल तैयार हो गयी। इसकी सूचना पुन: ग्रामीणों द्वारा तहसील आकर अधिकारियों को दी गयी लेकिन अधिकारियों ने न जाने क्यों इस प्रकरण में कोई कार्रवाई करने की आवश्यकता नहीं समझी और अंतत: इस भूमि पर खड़ी फसल को प्रधान द्वारा काटकर इसकी मड़ाई भी कर ली गयी। इस मामले की शिकायत सत्यप्रकाश पुत्र रामदीन ने प्रदेश के मुख्यमंत्री से की है। इस संबंध में प्रतिक्रिया प्राप्त करने के लिए एसडीएम से उनके सीयूजी नंबर पर संपर्क किया गया लेकिन फोन रिसीव नहीं हुआ इसलिए उनका पक्ष प्राप्त नहीं हो सका।



कटाई का दृश्य

# जुमले बाज भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकने का सपा प्रदेश अध्यक्ष ने किया आह्वान



**बिदकी ( फतेहपुर )।** भाजपा सरकार जुमलों की सरकार है, किसी भी वादे को पूरा नहीं किया। प्रतिवर्ष देश के दो करोड रोजगार देने का वादा करने वाली मोदी सरकार ने रोजगार देना तो दूर रहा रोजगार के अवसर ही ही समाप्त कर दिया। यह बात आज विकास खंड देवमई परिसर के पास आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में सपा प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कही। प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने कहा कि भाजपा सरकार पूंजीपतियों की सरकार है। गरीब और गरीब, अमीर और अमीर होता जा रहा है। हरित क्रांति के नायक रंगनाथन कमेटी की सिफारिश लागू करने का 2014 के चुनाव में वादा किया था लेकिन 10 वर्ष बीत जाने के बाद भी लागू नहीं किया। किसानों की उपज का उचित मूल्य दिलाने किसानों की आय दोगुनी करने को कहा था ऐसा कुछ भी नही हुआ। गैस सिलेंडर जब तीन सौ पचास रुपये का था तब भाजपा ने कीमत कम करने को कहा था कम करने की जगह 1150 रुपये का कर दिया। डीजल पेट्रोल के भाव दोगुने हो गए। अब भाजपा सरकार संविधान के साथ छेडछाड कर रही है। आज देश का संविधान खतरे में है इसे बचाने के लिए भाजपा को रोकना जरूरी हो गया है।

देश को अगर महगाई, बेरोजगारी, भृष्टाचार से निजात दिलाना है तो भाजपा सरकार को उखाड फेंकना होगा। वे गाँव गाँव घर घर जाकर भाजपा की किसान विरोधी, मजदूर विरोधी, रोजगार विरोधी समाज में नफरत फैलाने वाली नीतियों को बताना होगा। सपा के वरि. नेता महेंद्र बहादुर सिंह बच्चा, विजय पाल यादव, जंग बहादुर सिंह मखलू, कल्लू सिंह, सपा के जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह, पूर्व अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह, सदर विधायक चंद्र प्रकाश लोधी, नपा परिषद के चेयरमैन राजकुमार मौर्य, बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष सपा नेता जगदीश सिंह उर्फ जालिम, रामवरन सिंह पटेल, पूर्व सांसद डा. अशोक पटेल, समर बहादुर सिंह मौजूद रहे।

# मोदी सरकार में चीन एक इंच जमीन पर भी कब्जा नहीं कर सकता: अमित शाह

**लखीमपुर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार में चीन एक इंच जमीन पर भी कब्जा नहीं कर सकता है। उन्होंने दावा किया कि जनता कभी नहीं भूल सकती कि पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने 1962 में चीन के हमले के दौरान असम और अरुणाचल प्रदेश को बाय-बाय कह दिया था। असम के लखीमपुर में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि भाजपा नीत केंद्र सरकार ने बांग्लादेश से लगती सीमा को सुरक्षित किया और घुसपैठ पर रोक लगाई। शाह ने कहा, चीन द्वारा 1962 में किए गए हमले के दौरान नेहरू ने कहा था बाय-बाय असम और अरुणाचल प्रदेश। इन राज्यों की जनता कभी इसे भूल नहीं सकती। लेकिन अब, चीन हमारी जमीन पर एक इंच भी कब्जा नहीं कर सकता। यहां तक डोकलाम में भी हमने उन्हें पीछे धकेल दिया। उन्होंने कहा कि असम की बांग्लादेश से लगती सीमा घुसपैठ के लिए खुली थी।



गृहमंत्री ने कहा, तब केंद्र में मोदी सरकार और यहां हिमंत विश्व शर्मा की सरकार आई। अब हम कह सकते हैं कि घुसपैठ रूक गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि असम की पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकारों ने राज्य के साथ अन्याय किया और बड़ी संख्या में युवा अलग-अलग हिंसक आंदोलनों और उग्रवाद संबंधी घटनाओं में मारे गए। शाह ने कहा, मोदी सरकार के 10 साल के शासन में शांति समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए हैं और 9000 युवाओं ने आत्मसमर्पण किया है। उन्होंने रेखांकित किया कि सशस्त्र बल (विशेष अधिकार) अधिनियम राज्य के 80 प्रतिशत इलाकों से हटा लिया गया है। शाह ने कहा, उन्होंने (असम) संधि की लेकिन शर्तों को लागू नहीं किया। हमने बोडो संधि पर हस्ताक्षर किए और दो साल के भीतर सभी शर्तें पूरी कर दी गईं। कांग्रेस के घोषणापत्र पर निशाना साधते हुए उन्होंने दावा किया है कि उसमें मुस्लिम पर्सनल लॉ का समर्थन किया गया है।

शाह ने तुलना करते हुए कहा, हिमंत विश्व शर्मा ने बाल विवाह रोका है। उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता है। शाह ने कहा कि पूरे देश के विकास में पूर्वोत्तर का विकास केंद्र में है। उन्होंने लोगों से अपील की कि क्षेत्र की सभी सीट पर वे राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान करें। उन्होंने कहा, आपके पास दो विकल्प हैं या तो राहुल गांधी और इंडिया गठबंधन के लिए मतदान करें या मोदी नीत भारतीय जनता पार्टी के लिए मतदान करें। केंद्रीय मंत्री ने जनता से आह्वान किया कि वे केंद्र में भाजपा नीत सरकार का तीसरा कार्यकाल सुनिश्चित करें।

## ट्रक से टकराकर पलटी श्रद्धालुओं से भरी बस, तीन श्रद्धालुओं की मौत

**प्रतापगढ़ (उप्र)।** उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले के हथिगवां क्षेत्र में श्रद्धालुओं से भरी एक बस के सामने से आ रहे ट्रक से टकराकर पलट जाने से एक किशोरी सहित तीन लोगों की मौत हो गई जबकि 10 अन्य घायल हो गए। अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) संजय राय ने मंगलवार को बताया कि उन्नाव जिले से आ रहे श्रद्धालुओं से भरी एक बस विंध्यवासिनी देवी के दर्शन के लिए विंध्याचल जा रही थी। आठानौ अप्रैल की दरमियानी रात हथिगवां क्षेत्र में फूलमति बिसहिया नहर के पास लखनऊ-प्रयागराज राजमार्ग पर उनकी बस एक ट्रक से टकरा कर पलट गई। पुलिस में ग्रामीणों की मदद से बस में फंसे लोगों को बाहर निकलवाया सभी घायलों को स्थानीय चिकित्सालय ले जाया गया जहां चिकित्सकों नें संध्या (12), कृष्ण कुमार (50) और बासु (35) को मृत घोषित कर दिया, शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे गए हैं। राय ने बताया कि हादसे में घायल 10 अन्य लोगों का उपचार किया जा रहा है।

## ट्रैक्टर-ट्राली और मोटरसाइक्लि की टक्कर, तीन युवकों की जान गयी

**बलरामपुर (उप्र)।** बलरामपुर में बहराइच-बलरामपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक ट्रैक्टर-ट्रॉली से पीछे से टकराई एक मोटरसाइकिल पर सवार तीन युवकों की मौत हो गई। सोमवार/मंगलवार की देर रात करीब एक बजे देहात क्षेत्र में रचोड़ा मोड़ के पास श्रावस्ती की तरफ से एक ट्रैक्टर-ट्राली आ रही थी।

# कोई अगर भारत के सम्मान को ठेस पहुंचाए तो देश जवाब देने में सक्षम : राजनाथ सिंह

**नमसाई (अरुणाचल प्रदेश)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अरुणाचल प्रदेश में स्थानों का नाम बदलने के चीन के प्रयासों को खारिज कर दिया और सवाल किया कि क्या भारत के भी ऐसा ही करने से पड़ोसी देश के वे इलाके हमारे क्षेत्र का हिस्सा बन जाएंगे। सिंह ने यह भी कहा कि अगर कोई भारत के सम्मान और स्वाभिमान को चोट पहुंचाने की कोशिश करता है, तो देश अब इसका जवाब देने की क्षमता रखता है। उनकी यह टिप्पणी पूर्वी लद्दाख सीमा विवाद के बीच आई है।

पिछले महीने के अंत में, बीजिंग ने अरुणाचल प्रदेश में 30 और स्थानों के लिए चीनी नामों की घोषणा की थी। पड़ोसी देश अरुणाचल प्रदेश पर तिब्बत के दक्षिणी भाग के रूप में दावा करता है। भारत पहले ही चीन की कार्वाई को मूर्खतापूर्ण बता चुका है। उन्होंने कहा, मैं अपने पड़ोसी को बताना चाहता हूं कि अगर कल हम चीन के कुछ हिस्सों में



कुछ राज्यों के नाम बदल देंगे, तो क्या नाम बदलने से चीन के वे राज्य हमारे हो जाएंगे?

सिंह ने कहा कि चीन को इस गलतफहमी में नहीं रहना चाहिए कि वे राज्य में स्थानों के नाम बदलकर अरुणाचल प्रदेश पर दावा कर सकते हैं। उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि ऐसी हरकतों से भारत और चीन के रिश्ते खराब होंगे। हमारे देश में अटल बिहारी वाजपेई जी कहते थे कि हमें ए बात हमेशा ध्यान में रखनी चाहिए कि जिंदगी में दोस्त तो बदल जाते हैं लेकिन पड़ोसी नहीं बदलते। भारत की सोच है कि हम अपने सभी पड़ोसियों के साथ अच्छे संबंध बनाए रखना चाहते हैं। हम सौहार्दपूर्ण संबंध बनाए रखना चाहते हैं। बहनो और भाइयो, अगर कोई भारत के मान, गौरव और आत्म-सम्मान को चोट पहुंचाने की कोशिश करेगा तो स्वाभाविक है, आज भारत उसका जवाब देने की क्षमता रखता है।

रक्षा मंत्री ने अरुणाचल प्रदेश के लोगों की भी सराहना की और उन्हें रणनीतिक संपत्ति बताया। सिंह ने कहा, इसलिए हमारे हृदय में आप सभी के प्रति विशेष प्रेम और सम्मान की भावना है। और जब भी चीन से युद्ध हुआ तो आपकी जो भूमिका रही, उसे पूरा भारत कभी नहीं भूल सकता। सिंह ने कहा, मेरी बहनो और भाइयो, भारत हमेशा आपका ऋणी रहेगा। यह हम सभी का घर है। सरकारी ग्लोबल टाइम्स अखबार ने 31 मार्च को अपनी खबर में कहा था कि चीनी नागरिक मामलों के मंत्रालय ने जंगनान में मानकीकृत भौगोलिक नामों की चौथी सूची जारी की है।

# फिल्म द केरल स्टोरी का प्रदर्शन करेंगे सिरो-मालाबार चर्च के युवा संगठन

**कोझिकोड (केरल)।** सिरो-मालाबार कैथोलिक चर्च के इडुक्की डायोसिज के बाद, केरल में दो और डायोसिज से जुड़े युवा संगठनों ने विवादास्पद फिल्म द केरल स्टोरी को प्रदर्शित करने का फैसला किया है। सुदीप्तो सेन द्वारा निर्देशित यह फिल्म केरल की महिलाओं के एक समूह पर केंद्रित है जिन्हें कथित तौर पर इस्लाम अपनाने और आतंकी संगठन आईएसआईएस में शामिल होने के लिए विवश किया गया था। सिरो-मालाबार चर्च के तमारास्सेरी डायोसिज और तलास्सेरी आर्चडायोसिज से संबद्ध केरल कैथोलिक यूथ मूवमेंट (केसीवाईएम) इकाइयों ने घोषणा की है कि वे फिल्म का प्रदर्शन करेंगी। उत्तर केरल के दो डायोसिज की केसीवाईएम इकाइयों ने अलग-अलग फेसबुक पोस्ट में कहा कि फिल्म द केरल स्टोरी प्रतिबंधित नहीं है।

उन्होंने कक्षा 10, 11 और 12 में पढ़ने वाले अपने बच्चों के वास्ते इसे प्रदर्शित करने के लिए इडुक्की डायोसिज को बधाई दी। संगठन ने एक फेसबुक पोस्ट में कहा, "फिल्म को तमारास्सेरी डायोसिज में केसीवाईएम की सभी इकाइयों में प्रदर्शित किया जाएगा। केरल में सत्तारूढ़ मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) और विपक्षी कांग्रेस के विरोध के बावजूद दूरदर्शन ने पिछले हफ्ते द केरल स्टोरी फिल्म का प्रसारण किया था। इस बीच तलास्सेरी आर्चडायोसिज की केसीवाईएम इकाई ने जानना चाहा कि वे क्यों डरे हुए हैं। तलास्सेरी आर्चडायोसिज की केसीवाईएम इकाई के एक फेसबुक पोस्ट में परोक्ष तौर पर कांग्रेस और माकपा पर कटाक्ष करते हुए लिखा गया है, प्रिय नेताओं, आप क्यों डरे हुए हैं? आप किसे खुश करने की कोशिश कर रहे हैं? इसने फिल्म का प्रदर्शन करने के लिए इडुक्की डायोसिज को भी बधाई दी और घोषणा की कि फिल्म को आर्चडायोसिज के विभिन्न हिस्सों में प्रदर्शित किया जाएगा।

# अब्बास अंसारी को पिता मुख्तार की फातिहा में शामिल होने की अनुमति

**भाषा।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने मंगलवार को जेल में बंद उत्तर प्रदेश के विधायक अब्बास अंसारी को अपने पिता मुख्तार अंसारी की 10 अप्रैल को फातिहा रस्म में शरीक होने की अनुमति दे दी। न्यायिक हिरासत में रहने के दौरान तबीयत बिगड़ने के बाद, 28 मार्च को उत्तर प्रदेश में बांदा के एक अस्पताल में दिल का दौरा पड़ने से मुख्तार अंसारी की मृत्यु हो गई थी। गैंगस्टर से राजनीतिक नेता बने अंसारी खिलाफ दर्जनों मामले दर्ज थे जिनमें से कुछ में उसे अदालत ने दोषी करार दिया था।

अब्बास, कुछ आपराधिक मामलों के सिलसिले में न्यायिक हिरासत के तहत अभी उत्तर प्रदेश की कासगंज जेल में बंद है। अपने पिता की फातिहा रस्म में शरीक होने की अनुमति मांगने संबंधी उसकी अर्जी न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ के समक्ष आई। पीठ ने कहा कि रस्म में शामिल होने की अनुमति देने से इनकार करने का कोई कारण नहीं है। कानून-व्यवस्था बरकरार रखने को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से आशंका जताए जाने के बाद, शीर्ष अदालत ने निर्देश दिया कि अब्बास अंसारी को कासगंज जेल से पर्याप्त सुरक्षा के साथ पुलिस हिरासत में उसके पैतृक निवास स्थान गाजीपुर ले जाया जाए।

पीठ ने कहा, उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक इस संबंध में आवश्यक कदम उठाएं। न्यायालय ने कहा कि अब्बास को बुधवार को पुलिस हिरासत में फातिहा में शामिल होने की अनुमति दी जाएगी और इसके संपन्न होने के बाद उसे अस्थाई रूप से गाजीपुर की स्थानीय जेल में स्थानांतरित कर दिया जाएगा। पीठ ने कहा कि गाजीपुर जिला प्रशासन सत्यापित करेगा कि क्या 11 अप्रैल को अन्य रस्म होनी है और यदि हां, तो अब्बास को पुलिस हिरासत में उसमें शामिल होने की अनुमति दी जाएगी।

न्यायालय ने कहा कि अब्बास को 11 और 12 अप्रैल को अपने परिवार के सदस्यों से मिलने की अनुमति दी जाए। न्यायालय ने कहा कि उसे 13 अप्रैल को वापस कासगंज जेल लाया जाए।

अदालत ने कहा कि पुलिस यह सुनिश्चित करने के लिए आगंतुकों की तलाशी लेगी कि फातिहा रस्म के आयोजन स्थल या अब्बास अंसारी के पैतृक घर में कोई भी व्यक्ति हथियार नहीं ले जा सके। पीठ ने अब्बास की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल का यह बयान भी दर्ज किया कि अब्बास मीडिया को संबोधित नहीं करेगा। न्यायालय ने उत्तर प्रदेश सरकार के वकील द्वारा दी गई दलीलों पर गौर किया, जिन्होंने कहा कि अब्बास कई आपराधिक मामलों में शामिल है और एक कुख्यात अपराधी है।

वकील ने दावा किया कि अब्बास की गैरकानूनी गतिविधियों के कारण उसे चित्रकूट जेल से कासगंज जेल में स्थानांतरित करना पड़ा। पीठ ने कहा कि अब्बास ने अपने पिता को खो दिया है और वह न्यायिक हिरासत में होने के कारण अंतएष्टि में शामिल नहीं हो सका था।

शीर्ष अदालत ने पांच अप्रैल को, फातिहा में शामिल होने की अनुमति देने का अनुरोध करने संबंधी अब्बास की याचिका पर उत्तर प्रदेश सरकार से जवाब मांगा था। अब्बास ने पूर्व में, शीर्ष अदालत का रुख कर अपने पिता की अंतएष्टि में शामिल होने की अनुमति मांगी थी लेकिन उसकी याचिका समय रहते सूचीबद्ध नहीं हो सकी और अंतएष्टि संपन्न हो गई। मऊ से पांच बार के विधायक मुख्तार अंसारी की अंतएष्टि कड़ी सुरक्षा के बीच 30 मार्च को गाजीपुर में हुई थी। मुख्तार अंसारी को हालत बिगड़ने पर बांदा जेल से रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था जहां 28 मार्च की रात उसकी मौत हो गई थी।

# पतंजलि के विज्ञापन मामले में रामदेव बालकृष्ण ने बिना शर्त माफी मांगी

**नई दिल्ली।** योग गुरु रामदेव और पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड के प्रबंध निदेशक आचार्य बालकृष्ण ने अपने औषधीय उत्पादों की प्रभावकारिता के बारे में बड़े-बड़े दावे करने वाले विज्ञापनों को लेकर उच्चतम न्यायालय में बिना शर्त माफी मांगी है। उच्चतम न्यायालय में दाखिल दो अलग-अलग हलफनामों में रामदेव और बालकृष्ण ने शीर्ष अदालत के पिछले साल 21 नवंबर के आदेश में दर्ज बयान के उल्लंघन के लिए बिना शर्त माफी मांगी है। शीर्ष अदालत ने 21 नवंबर, 2023 के आदेश में कहा था कि पतंजलि आयुर्वेद का प्रतिनिधित्व करने वाले वकील ने उसे आश्वासन दिया था कि अब से खासकर पतंजलि आयुर्वेद द्वारा निर्मित और विपणन किए गए उत्पादों के विज्ञापन या ब्रांडिंग के संबंध में किसी भी कानून का उल्लंघन नहीं होगा। पतंजलि ने यह भी कहा था कि प्रभावकारिता के संबंध में या चिकित्सा की किसी भी पद्धति के खिलाफ कोई भी बयान किसी भी रूप में मीडिया में जारी नहीं किया जाएगा। शीर्ष अदालत ने कहा था कि पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड इस तरह के आश्वासन का पालन करने के लिए बाध्य है।

आश्वासन का पालन नहीं करने और उसके बाद मीडिया में बयान जारी किए जाने पर शीर्ष अदालत ने अप्रसन्नता व्यक्त की थी। न्यायालय ने बाद में पतंजलि को कारण बताओ नोटिस जारी किया कि क्यों न उसके खिलाफ अवमानना कार्यवाही शुरू की जाए। शीर्ष अदालत में दाखिल अपने हलफनामे में रामदेव ने कहा है, मैं विज्ञापनों के संबंध में बिना शर्त माफी मांगता हूं। मुझे इस गलती पर गहरा अफसोस है और मैं अदालत को आश्वस्त करना चाहता हूं कि इसे दोहराया नहीं जाएगा।

रामदेव ने हलफनामे में कहा है, मैं इस अदालत के 21 नवंबर 2023 के आदेश के पैरा तीन में दर्ज बयान के उल्लंघन के लिए बिना शर्त माफी मांगता हूं। बयान का अक्षरश: अनुपालन किया जाएगा और इस तरह का कोई भी विज्ञापन जारी नहीं किया जाएगा। रामदेव ने पिछले साल 22 नवंबर को आयोजित संवाददाता सम्मेलन के लिए भी बिना शर्त माफी मांगी और कोई भी सार्वजनिक बयान नहीं देने का आश्वासन दिया, जो अदालत के समक्ष दिए गए वचन का उल्लंघन हो सकता है। उन्होंने कहा, मुझे इस चूक पर खेद है और आश्वासन देता हूं कि भविष्य में इसे नहीं दोहराया जाएगा।

रामदेव ने कहा, मैं कथन के उल्लंघन के लिए क्षमा चाहता हूं। मैं हमेशा कानून का पालन करने का वचन देता हूं। इसी तरह, बालकृष्ण ने भी शीर्ष अदालत के पिछले साल 21 नवंबर के आदेश में दर्ज बयान के उल्लंघन के लिए बिना शर्त माफी मांगी। उन्होंने कहा, मुझे प्रतिवादी संख्या पांच (पतंजलि) की ओर से विज्ञापन जारी करने पर गहरा खेद है, जो 21 नवंबर, 2023 के आदेश का उल्लंघन है। मैं इस संबंध में अपनी और प्रतिवादी संख्या पांच की ओर से बिना शर्त माफी मांगता हूं।

बालकृष्ण ने अपने हलफनामे में कहा, इस अदालत के आदेशों का उल्लंघन करने का मेरा कभी कोई इरादा नहीं था। मैं वचन देता हूं कि भविष्य में ऐसी कोई चूक नहीं होगी। मैं हमेशा कानून की महिमा को बनाए रखूंगा। न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्ला की पीठ बुधवार को इस मामले पर सुनवाई करने वाली है। दो अप्रैल को, उच्चतम न्यायालय ने रामदेव और बालकृष्ण की माफी को कोरी बयानबाजी कहकर खारिज कर दिया। पीठ ने अपने औषधीय उत्पादों की प्रभावकारिता के बारे में पतंजलि के बड़े-बड़े दावों और कोविड महामारी के चरम दौर में एलोपैथी को बदनाम करने पर केंद्र की कथित निष्क्रियता पर भी सवाल उठाया और पूछा कि सरकार ने क्यों अपनी आंखें मूंदे रखीं? न्यायालय ने बालकृष्ण के इस बयान को भी खारिज कर दिया कि औषधि एवं प्रसाधन सामग्री (जादुई उपचार) अधिनियम पुराना है और कहा कि पतंजलि आयुर्वेद के विज्ञापन अधिनियम के दायरे में हैं और अदालत से किए गए वादे का उल्लंघन करते हैं। शीर्ष अदालत इंडियन मेडिकल एसो. (आईएमए) द्वारा टीकाकरण अभियान और आधुनिक दवाओं के खिलाफ दुष्प्रचार अभियान चलाने का आरोप लगाने वाली याचिका पर सुनवाई कर रही है।

## नैनीताल में सड़क दुर्घटना में 8 मरे

**भाषा।** देहरादून

**उत्तराखंड** के नैनीताल जिले में बेतालघाट के पास मंगलवार को एक वाहन के खड्ड में गिरने से उसमें सवार आठ लोगों की मृत्यु हो गई तथा दो अन्य घायल हो गए। पुलिस के अनुसार, चालक के अलावा दुर्घटना का शिकार सभी व्यक्ति नेपाल के महेंद्रनगर के रहने वाले थे और वे अपने घर जा रहे थे। हादसे के वक्त वाहन में 10 लोग सवार थे। सूचना मिलने पर राज्य आपदा प्रतिवादन बल (एसडीआरएफ) की टीम मौके पर पहुंची और खड्ड में 150 मीटर नीचे उतर कर राहत एवं बचाव अभियान शुरू किया। पुलिस के मुताबिक, स्थानीय लोगों व पुलिस के साथ मिलकर एसडीआरएफ ने आठ शव निकाले जबकि हादसे में घायल हुए दो अन्य लोगों को तत्काल अस्पताल भेजा गया। चालक राजेंद्र कुमार नैनीताल जिले के बेतालघाट का निवासी था और वह भी मृतकों में शामिल है।

# ईसाई समुदाय को दी गई प्रार्थना सभा की मंजूरी रद्द की गयी

**इंदौर (मध्यप्रदेश)।** इंदौर में प्रशासन ने ईसाई समुदाय को 10 अप्रैल (बुधवार) को विशाल प्रार्थना सभा के आयोजन के लिए दी गई अनुमति को कानून-व्यवस्था की स्थिति का हवाला देते हुए रद्द कर दिया है। इस सभा में चेन्नई के ईसाई धर्म प्रचारक डॉ. पॉल दिनाकरन मुख्य वक्ता के रूप में करीब 8,000 लोगों को संबोधित करने वाले थे। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। इंदौर लोकसभा क्षेत्र के एक सहायक निर्वाचन अधिकारी ने सात अप्रैल (रविवार) को जारी आदेश में ईसाई समुदाय की प्रार्थना सभा की अनुमति निरस्त कर दी। यह अनुमति पांच अप्रैल को दी गई थी।

आदेश में कहा गया कि प्रार्थना सभा के आयोजन को लेकर हिंदू संगठनों और अन्य सामाजिक संगठनों द्वारा विरोध किया जा रहा है और इस सिलसिले में इन संगठनों की ओर से शिकायत की गई है। आदेश में यह भी कहा गया कि इस शिकायत के बाद शहर के तुकोगंज पुलिस थाने के प्रभारी ने कानून-व्यवस्था की स्थिति के बारे में रिपोर्ट पेश की है और इस रिपोर्ट से सहमत होते हुए प्रार्थना सभा की अनुमति निरस्त की जाती है।

अलग-अलग हिंदू संगठनों के प्रतिनिधियों की ओर से सहायक निर्वाचन अधिकारी को पांच अप्रैल को भेजी गई शिकायत में आरोप लगाया गया कि इस प्रार्थना सभा का आयोजन हिंदू समुदाय के लोगों को गुमराह करके उन्हें धर्मांतरण के लिए उकसाने के इरादे से किया जा रहा है। शिकायत में कहा गया कि इस कार्यक्रम के आयोजन से शहर की शांति भंग होने की पूर्ण आशंका है , इसलिए इसकी अनुमति निरस्त की जानी चाहिए। प्रार्थना सभा की आयोजन समिति के अध्यक्ष सुरेश कार्लटन ने हिंदू संगठनों के ए आरोप सिरे से खारिज किए। हमारी प्रार्थना सभा में केवल ईसाई समुदाय के उन 8,000 लोगों को बुलाया गया था जो मध्यप्रदेश में रहते हैं।

# उत्तराखंड में नानकमत्ता गुरुद्वारे के डेरा प्रमुख की हत्या का शूटर पुलिस मुठभेड़ में ढेर

**देहरादून।** उत्तराखंड के ऊधमसिंहनगर के नानकमत्ता गुरुद्वारे के डेरा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह की कथित तौर पर हत्या करने वाला शूटर अमरजीत सिंह बिट्टू उर्फ गंडा को विशेष कार्यबल (एसटीएफ) और पुलिस की संयुक्त टीम ने हरिद्वार जिले के कलियर में हुई एक मुठभेड़ में मार गिराया। अमरजीत सिंह बिट्टू उर्फ गंडा के सिर पर एक लाख रुपए का इनाम था। पुलिस महानिदेशक अभिनव कुमार ने यहां संवाददाताओं को बताया कि सोमवार आधी रात के बाद हुई मुठभेड़ के दौरान, हत्या मामले का दूसरा आरोपी सरबजीत सिंह फरार हो गया, जिसकी सरगर्मी से तलाश की जा रही है।

पंजाब के तरन तारन जिले के रहने वाले सरबजीत सिंह पर भी एक लाख रू का इनाम घोषित है। सोमवार देर शाम एसटीएफ को गुप्त सूचना मिली कि 28 मार्च को हत्याकांड में वांछित इनामी बदमाश सहारनपुर से हरिद्वार जिले के भगवानपुर और कलियर होकर उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद जाने वाले हैं। सूचना पर हरिद्वार में पुलिस और एसटीएफ ने जगह-जगह संयुक्त रूप से सघन जांच अभियान चलाया। इसी दौरान आधी रात के बाद लगभग साढ़े बारह बजे भगवानपुर में गागलहेडी तिराहे पर मोटरसाइकिल से आ रहे दो संदिग्ध लोगों को जब पुलिस टीम द्वारा रोकने का प्रयास किया गया तो वे दोनों बचते हुए इमलीखेड़ा-कलियर की तरफ भागने लगे।

कुमार ने बताया कि कुछ दूरी पर पुलिस ने दोनों बदमाशों को घेर लिया जिस पर उन्होंने गोलियां चलानी शुरू कर दीं। पुलिस की जवाबी कार्वाई में एक बदमाश को गोली लगी जबकि दूसरा अंधेरे का लाभ लेकर मौके से भाग निकला। घायल बदमाश को तुरंत सिविल अस्पताल रुड़की ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्रदेश पुलिस प्रमुख ने बताया कि मृत आरोपी की पहचान पंजाब के अमृतसर के रहने वाले अमरजीत सिंह उर्फ बिट्टू (48) के रूप में हुई। बिट्टू 28 मार्च की सुबह करीब सवा छह बजे अपने साथी सरबजीत के साथ मोटरसाइकिल पर पीछे बैठकर होकर नानकमत्ता गुरूद्वारे में आया और बरामदे में बैठे डेरा, कार सेवा, प्रमुख बाबा तरसेम सिंह के ऊपर राइफल से गोली चलाकर कथित तौर पर हत्या कर दी तथा मौके से फरार हो गया। भागने से पहले उन्होंने बाबा के सेवादार पर भी गोली चलाई। नानकमत्ता पुलिस थाने में भादंवि की धारा 302, 307, 34 और 120बी के तहत मुकदमा पंजीकृत है। बिट्टू उर्फ गंडा का लंबा आपराधिक इतिहास है उसके विरूद्ध उप्र और उत्तराखंड में अपने साथियों के साथ मिलकर आतंकवादियों को पनाह देने, खालिस्तान के समर्थन में नारे लगाने, बैंक लूटने आदि के कई मामले दर्ज हैं। हत्याकांड के खुलासे के लिए एक छह सदस्ईय एसआइटी का गठन करने के अलावा 11 टीमों का गठन किया गया।

## पेज 1 का शेष

### महाराष्ट्र...

अलायंस (इंडिया) की सरकार बनेगी, तो उसके वादों को लागू किया जाएगा। समझौते के तहत शिवसेना (यूबीटी) को जलगांव, परभणी, नासिक, पालघर, कल्याण, ठाणे, रायगढ़, मावल, उस्मानाबाद, रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग, बुलढाणा, हातकणंगले, औरंगाबाद, शिरडी, सांगली, हिंगोली, यवतमाल-वाशिम, मुंबई दक्षिण, मुंबई दक्षिण मध्य, मुंबई उत्तर पश्चिम और मुंबई उत्तर पूर्व सीट मिली हैं। कांग्रेस को नंदुरबार, धुले, अकोला, अमरावती, नागपुर, भंडारा-गोंदिया, गढ़चिरौली-चिमूर, चंद्रपुर, नांदेड़, जालना, मुंबई उत्तर मध्य, मुंबई उत्तर, पुणे, लातूर, सोलापुर, कोल्हापुर और रामटेक सीट मिली हैं। एनसीपी (एसपी) बारामती, शिरूर, सतारा, भिवंडी, डिंडोरी, माढा, रावेर, वर्धन, अहमदनगर दक्षिण और बीड सीट पर चुनाव लड़ेगी। राज्य में 19 अप्रैल से 20 मई के बीच पांच चरणों में लोकसभा चुनाव होंगे।

### तमिलनाडु....

उनका कहना है कि तमिलनाडु के छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के अधिकार से वंचित किया गया है। हमारा देश का एकमात्र राज्य है जिसने नवोदय विद्यालय के कामकाज की अनुमति नहीं दी है, एक ऐसी शिक्षा प्रणाली जो समाज के सभी वर्गों के लिए गुणवत्तापूर्ण सार्वजनिक स्कूल शिक्षा मुफ्त बनाती। यदि वे तमिलनाडु में ऐसे स्कूल नहीं चाहते हैं, तो उन्हें राज्य को तीन हिस्सों में बांट देना चाहिए, ताकि दक्षिणी तमिलनाडु में नवोदय विद्यालय एक वास्तविकता बन सके। डॉ. जॉनसन ने राज्य में सरकारी और निजी प्रबंधन द्वारा शिक्षा संस्थानों में खराब गुणवत्ता वाली शिक्षा पर निराशा जताई है। अर्जुन संपत ने उत्तराखंड, छत्तीसगढ़ और झारखंड जैसे राज्यों के अनुभवों को बताया जो उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और बिहार जैसे बड़े राज्यों से अलग होकर बने थे। अर्जुन ने कहा, इन तीनों राज्यों ने प्रशासन में आसानी के कारण कम समय में बड़ी प्रगति की है। केंद्र को संविधान (अनुच्छेद 2, 3 और 4) द्वारा संसद में उपयुक्त कानून द्वारा मौजूदा राज्यों को छोटे राज्यों या केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित करने का अधिकार है। केरल के पूर्व पुलिस महानिदेशक डॉ. जैकब थॉमस के अनुसार, इस तरह के कदम का कोई भी विरोध नहीं कर सकता।

### राजीव चंद्रशेखर....

वर्ष 23 के लिए, उन्होंने 17.5 लाख रुपये और 5.50 लाख रुपये की आय घोषित की। चन्द्रशेखर ने 28 करोड़ रुपये की कुल संपत्ति की भी घोषणा की; इनमें नकदी, बैंक जमा, गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों और सहकारी समितियों में हिस्सेदारी, साथ ही निवेश बांड, डिबेंचर, शेयर, कंपनियों/म्यूचुअल फंड में इकाइयां और अन्य वित्तीय उपकरण शामिल हैं। उनकी चल संपत्ति में एक विंटेज मोटरसाइकिल – 1942 रेड इंडियन स्काउट – और अन्य वस्तुएं शामिल थीं, जिनकी अनुमानित कीमत 3.25 करोड़ रुपये थी। उनकी एकमात्र घोषित अचल संपत्ति कर्नाटक के बेंगलुरु में गैर-कृषि भूमि का एक भूखंड था, जिसकी अनुमानित कीमत 14.4 करोड़ रुपये थी। विपक्ष ने यह भी आरोप लगाया था कि केंद्रीय मंत्री ने बेंगलुरु में संपत्ति सहित अन्य स्वामित्व वाली अचल संपत्ति का खुलासा नहीं किया। सुरजेवाला के मामले में चुनाव आयोग ने कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे से भी अपने नेताओं द्वारा सार्वजनिक चर्चा के दौरान महिलाओं के सम्मान और प्रतिष्ठा को बनाए रखने पर अपनी सलाह का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए उठाए गए कदमों पर प्रतिक्रिया मांगी है। दोनों को अपना-अपना जवाब चुनाव आयोग को सौंपने को कहा गया है। सुरजेवाला को जहां 11 अप्रैल शाम तक जवाब देने को कहा गया है, वहीं खड़गे को अगली शाम तक का समय दिया गया है। सुरजेवाला ने कहा है कि बिना तारीख वाला वीडियो संपादित और विकृत किया गया था और उनका इरादा कभी भी भाजपा सांसद का अपमान या चोट पहुंचाने का नहीं था।

### अमेरिका...

वाले ने फिरौती न देने पर अरफात की किडनी बेचने की भी धमकी दी थी। सलीम ने हैदराबाद में पीटीआई-भाषा से कहा था मुझे एक अज्ञात नंबर से फोन आया और फोन करने वाले ने मुझसे कहा कि मेरे बेटे का अपहरण कर लिया गया है और उसने धनराशि की मांग की। फोन करने वाले ने यह नहीं बताया कि उसे पैसे किस तरीके से दिए जाने हैं। उसने सिर्फ राशि का भुगतान करने को कहा। जब मैंने फोन करने वाले से कहा कि वह मेरे बेटे से बात कराए तो उसने ऐसा करने से इनकार कर दिया। ओहायो में पिछले हफ्ते एक भारतीय छात्र उमा सत्य साई गड्डे की मौत हो गई थी और पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।

### केजरीवाल...

कहा, इस अदालत को लगता है कि राजनीतिक विचारों और समीकरणों को अदालत के समक्ष नहीं लाया जा सकता क्योंकि वे कानूनी कार्यवाही के लिए प्रासंगिक नहीं हैं। मौजूदा मामले में, यह स्पष्ट करना महत्वपूर्ण है कि इस अदालत के समक्ष आया मामला केंद्र और याचिकाकर्ता केजरीवाल के बीच टकराव का मामला नहीं है। इसके बजाय यह केजरीवाल और प्रवर्तन निदेशालय के बीच का मामला है। अदालत ने कहा कि आप के राष्ट्रीय संयोजक के खिलाफ सरकारी गवाहों के बयानों पर मुकदमे के दौरान फैसला किया जाएगा क्योंकि वह इस स्तर पर लघु सुनवाई नहीं कर सकती। इसने कहा कि केजरीवाल मुकदमे के चरण में सरकारी गवाहों से जिरह करने के लिए स्वतंत्र होंगे। यह मामला 2021-22 के लिए दिल्ली सरकार की आबकारी नीति तैयार करने और क्रियान्वित करने में कथित भ्रष्टाचार तथा धनशोधन से संबंधित है। संबंधित नीति को बाद में रद्द कर दिया गया था। धन शोधन रोधी एजेंसी की दंडात्मक कार्रवाई से सुरक्षा देने से उच्च न्यायालय के इनकार के कुछ ही घंटे बाद ईडी ने केजरीवाल को 21 मार्च को गिरफ्तार कर लिया था। ईडी हिरासत की अवधि समाप्त होने पर निचली अदालत में पेश किए जाने के बाद उन्हें एक अप्रैल को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था। आप के राष्ट्रीय संयोजक ने उच्च न्यायालय के समक्ष अपनी गिरफ्तारी के 'समय' पर सवाल उठाया और कहा कि यह लोकतंत्र, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव और समान अवसर सहित संविधान की बुनियादी संरचना के विपरीत है। ईडी ने याचिका का विरोध किया और दलील दी कि केजरीवाल आगामी चुनाव के आधार पर गिरफ्तारी से 'छूट' का दावा नहीं कर सकते क्योंकि कानून उन पर और 'आम आदमी' पर समान रूप से लागू होता है।

### देश की....

बढ़ावा देने के साथ कलाकारों को सांस्कृतिक रूप से महत्वपूर्ण संदर्भ में अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए एक मंच भी प्रदान करता है। उन्होंने कहा, संगीत, नृत्य और उत्सवों के माध्यम से, ये पहल न केवल मंदिर परंपराओं को पुनर्जीवित करती है बल्कि राष्ट्र की सांस्कृतिक विविधता और आध्यात्मिक विरासत के लिए गहरी सराहना को भी बढ़ावा देती है। यह नवरात्रि की स्थायी विरासत और समकालीन समय में इसकी प्रासंगिकता की याद दिलाता है। प्रदर्शन कला की राष्ट्रीय अकादमी और भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय की एक स्वायत्त संस्था, संगीत नाटक अकादमी, संगीत, नृत्य, नाटक, लोक और जनजातीय कला रूप और देश के अन्य संबद्ध कला रूपों के रूप में व्यक्त देश के प्रदर्शन कला रूपों के संरक्षण, अनुसंधान, प्रचार और कायाकल्प की दिशा में काम कर रही है।

## छत्तीसगढ़ में बस के खदान में गिरने से 11 की मौत, 20 घायल

**भाषा।** दुर्ग

**छत्तीसगढ़** के दुर्ग जिले में मंगलवार को एक बस के खदान में गिरने से 11 लोगों की मौत हो गई है और 20 अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि कुम्हारी थाना क्षेत्र के अंतर्गत खपरी गांव के करीब मुरम (लाल मिट्टी) की एक खदान में बस के गिरने से वाहन में सवार 11 लोगों की मौत हो गई है और 20 अन्य लोग घायल हो गए। उन्होंने बताया कि कुम्हारी क्षेत्र में स्थित केडिया डिस्टिलरीज की बस कर्मचारियों को लेकर निकली थी और बस में लगभग 30 कर्मचारी सवार थे। अधिकारियों ने बताया कि घटना मंगलवार रात साढ़े आठ बजे उस समय हुई, जब बस खपरी गांव के करीब पहुंची और अनियंत्रित होकर 40 फुट गहरे मुरम खदान में गिर गई। पुलिस के मुताबिक, घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस दल को घटनास्थल के लिए रवाना किया गया।

# विपक्षी गठबंधन के नेता देश का विकास रोकने के लिए मुझे गाली और धमकी दे रहे हैं : मोदी

**भाषा।** भोपाल

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी** ने मंगलवार को विपक्षी इंडी गठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि इसके घटक दल भ्रष्टाचारियों को बचाने के लिए काम कर रहे हैं और देश के विकास को रोकने के लिए उन्हें गालियां और धमकियां दे रहे हैं। मध्यप्रदेश के बालाघाट जिले में एक रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव एक नए भारत के निर्माण का मिशन है। उन्होंने सत्तारूढ़ एनडीए के तीसरे कार्यकाल में बड़े और ऐतिहासिक निर्णय लेने के लिए लोगों का आशीर्वाद मांगा। उन्होंने कहा कि उन्हें सुनने के लिए उमड़ी भीड़ से पता चलता है कि चार जून को चुनाव परिणाम क्या होंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि विपक्षी



गठबंधन इंडिया के नेता देश का विकास रोकने के लिए उन्हें गालियां और धमकियां दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि विपक्षी दल उन्हें बचाने का काम कर रहे हैं जो भ्रष्टाचार में लिप्त हैं।उन्होंने कहा, जब मोदी देश की सुरक्षा की गारंटी देता है तो वे मुझे गाली देते हैं, जब मोदी अनुच्छेद 370 (जो जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देता था) को हटाने की गारंटी पूरा करता है, तो वे पाकिस्तान की भाषा में बोलना शुरू कर देते हैं। उन्होंने कहा, हमें विकास के रॉकेट को बहुत ऊपर ले जाना है। प्रधानमंत्री ने कहा कि वह भगवान महाकाल के भक्त हैं और किसी से नहीं डरते। उन्होंने कहा, मोदी या तो भगवान महाकाल के सामने झुकता है या जनता जर्नादन के सामने। मैंने महाकाल के लिए, देश सेवा के लिए गालियां खाना और अपमान को बर्दाश्त करना सीखा है और मैंने देशविरोधी ताकतों को अंजाम तक पहुंचाना भी सीखा है। मोदी इनकी गीदड़ भभकियों से डरने वाला नहीं है।

## प्रधानमंत्री ने चेन्नई में रोड शो किया

**चेन्नई।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तमिलनाडु में 19 अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले मंगलवार को चेन्नई के टी. नगर इलाके में एक रोड शो किया। इस दौरान भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के. अन्नामलाई और दक्षिण चेन्नई, मध्य चेन्नई और उत्तरी चेन्नई के भाजपा उम्मीदवार भी प्रधानमंत्री के साथ रहे। भाजपा ने तमिलिसाई सौंदरराजन को दक्षिण चेन्नई से, जबकि विनोज पी. सेल्वम और आर.सी. पॉल कनगराज को क्रमशः मध्य चेन्नई और उत्तरी चेन्नई से मैदान में उतारा है। एक सजी हुई कार के ऊपर खड़े होकर प्रधानमंत्री ने सड़क के दोनों ओर कतार में खड़े अपने समर्थकों का हाथ हिलाकर अभिवादन किया। प्रधानमंत्री मोदी ने रोड शो के दौरान भाजपा का चुनाव चिह्न कमल का छोटा सा कटआउट हाथ में लिया हुआ था। उत्साही समर्थकों ने मोदी पर फूलों की वर्षा की और लोगों ने उनके स्वागत में नारे लगाए। यहां पनागल पार्क से तेनाम्पेट तक दो किलोमीटर का रोड शो लगभग 45 मिनट तक चला और इस दौरान प्रधानमंत्री मुस्कुराते हुए लोगों की ओर हाथ हिलाते दिखाई दिए।

# अगर इनेलो प्रमुख ओपी चौटाला पहल करें तो पार्टी में शामिल हो सकता हूं : अजय चौटाला

**भाषा।** चंडीगढ़

**जननायक जनता पार्टी** (जजपा) प्रमुख अजय चौटाला ने कहा है कि अगर इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) प्रमुख ओ.पी. चौटाला पहल करते हैं तो वह पार्टी में फिर से शामिल हो सकते हैं। हालांकि, इनेलो के वरिष्ठ नेता अभय चौटाला ने इस पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि गद्दारों के लिए पार्टी में कोई जगह नहीं है। सोमवार को चरखी दादरी में पत्रकारों के एक सवाल का जवाब देते हुए कि क्या जजपा और इनेलो एक बार फिर एक मंच पर आ सकते हैं, अजय चौटाला ने कहा, यह (इनेलो प्रमुख) चौटाला साहब पर निर्भर करता है। यह पहल करना बड़ों का काम है। हरियाणा के पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के पिता अजय चौटाला ने कहा, इस संबंध में कई लोग प्रयास कर रहे हैं लेकिन



पहल चौटाला साहब को करनी होगी। अजय ने अपने पिता और हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री ओ.पी. चौटाला की किसी भी संभावित पहल से जुड़े एक सवाल का जवाब देते हुए कहा, अगर वह हमें बुलाएंगे तो हम कल चले जाएंगे। चौटाला परिवार में झगड़े के चलते इनेलो में विभाजन के बाद दिसंबर 2018 में अजय चौटाला और दुष्यंत चौटाला ने जजपा का गठन किया था। 2019 के विधानसभा चुनाव में भाजपा के बहुमत के आंकड़े से दूर रहने के बाद जजपा ने भाजपा को समर्थन दिया। भाजपा-जजपा गठबंधन पिछले महीने खत्म हो गया था। मंगलवार को इनेलो के वरिष्ठ नेता अभय चौटाला ने अजय चौटाला पर निशाना साधते हुए जजपा संस्थापकों को गद्दार बताया। अभय चौटाला ने एक वीडियो संदेश में कहा, पहले उन्हें ए बताना चाहिए कि उन्होंने पार्टी क्यों छोड़ी, निहित स्वार्थ क्या था। जब उन्होंने पार्टी छोड़ी थी तब इनेलो ने बसपा के साथ गठबंधन किया था और ऐसी स्थिति थी कि (2019 के विधानसभा चुनाव में) इनेलो सत्ता में आ जाती। उन्होंने अनुशासनहीनता क्यों की? उन्होंने कहा, उन्हें (अजय) ए सारी बातें स्पष्ट करनी चाहिए कि उन्होंने पार्टी क्यों छोड़ी। जजपा की हरियाणा इकाई के प्रमुख निशान सिंह और कुछ अन्य नेताओं के इस्तीफे का जिक्र करते हुए अभय चौटाला ने कहा, अब, वह (अजय चौटाला) ए बातें कह रहे हैं क्योंकि उनकी पार्टी खत्म हो गई है।

## चंद्रयान-4 मिशन विकास की प्रक्रिया में है : सोमनाथ

**लुधियाना।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के प्रमुख एस सोमनाथ ने मंगलवार को कहा कि चंद्रयान-4 मिशन विकास की प्रक्रिया मे है। उन्होने कहा कि अंतरिक्ष अनुसंधान एक निरंतर प्रक्रिया है और देश तेजी से प्रगति करने की राह पर है। सोमनाथ ने यहां सतपाल मित्तल स्कूल के कार्यक्रम में शरीक होने के बाद संवाददाताओं से यह कहा। डॉ. सोमनाथ ने कहा कि इसरो अपने चंद्र मिशन के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2040 के दशक की शुरूआत में चंद्रमा की सतह पर मानव को उतारने के लिए देश का लक्ष्य निर्धारित किया है। पिछले साल अगस्त मे, भारत का चंद्र मिशन चंद्रयान-3 चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतरा था।

## लोगों की जरूरतो पर ध्यान देगा पैनासोनिक

**बेंगलुरू।** प्रमुख डाइवर्सीफाइड टेक्नोलॉजी कंपनी पैनासोनिक लाइफ सॉल्यूशंस इंडिया (पीएलएसआईएनडी) ने उत्तर प्रदेश के बाजार में 2024 के लिए अपने नए एयर कंडीशनर्स की श्रृंखला को लॉन्च करने की घोषणा की। कंपनी ने 60 मॉडल्स में 1.0, 1.5 और 2.0 टन के एयरकंडीशनर्स पेश किए हैं। एयर कंडीशनर्स की यह नई रेंज सभी प्रमुख रिटेल आउटलेट्स, ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स और पैनासोनिक ब्रांड स्टोर पर उपलब्ध है। अभिषेक वर्मा, पीएमआईएन, पीएलएसआईएनडी, में एयर कंडीशनर्स ग्रुप के बिजनेस हेड ने कहा, हाल ही में उत्तर प्रदेश के उपभोक्ताओं के बीच कराई गई हमारी स्टडी में हमें एयरकंडीशनर के प्रयोग संबंधी लोगों की तरह-तरह की प्रमुख चिंताओं का पता चला है। स्टडी के अनुसार उपभोक्ताओं की मुख्य परेशानी रात में बार-बार एसी के तापमान को एडजस्ट करने, कूलिंग परफॉर्मेंस, आउटडोर यूनिट में जंग लगने और रखरखाव एवं सर्विसिंग की जरूरत से जुड़ी है।

## केबीसी करेगा विस्तार

**नई दिल्ली।** केबीसी ग्लोबल लिमिटेड (जिसे पहले कार्डा कंस्ट्रक्शन लिमिटेड के नाम से जाना जाता था), निर्माण और रियल एस्टेट विकास क्षेत्र में एक प्रमुख कंपनी ने घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों बाजारों में विस्तार के लिए अपनी रणनीतिक योजनाओं की घोषणा की है।2007 में स्थापित, कंपनी ने रियल एस्टेट उद्योग में महत्वपूर्ण प्रगति की है, जो नासिक, भारत में आवासीय परियोजनाओं के विकास और बिक्री में विशेषज्ञता रखती है। कंपनी मुख्य रूप से दो खंडों में, आवासीय और वाणिज्यिक परियोजनाओं का निर्माण और विकास और संविदात्मक परियोजनाएं काम करती है। कंपनी की उल्लेखनीय परियोजनाओं में हरि गोकुलधाम, हरि नक्षत्र-द्वितीय ईस्टेक्स्ट टाउनशिप, हरि संस्कृति द्वितीय, हरि सिद्धि और हरि समर्थ आदि शामिल हैं। केबीसी ग्लोबल लिमिटेड के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक, श्री नरेश कार्डा ने कहा, हम घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय दोनों बाजारों में आने वाले अवसरों को लेकर उत्साहित हैं।

## नेशनल पेट डे के पर अपने पालतू पशु को दें प्यार

**बेंगलुरु।** नेशनल पेट डे पावर्ड बाय पेडिग्री और ड्रूल्स 11 अप्रैल को आयोजित किया जाएगा। इस खास दिन को मनाने के लिए, अमेजन.इन ने पालतू पशुओं के मालिकों और शौकीनों के लिए एक पर्फेक्ट शॉपिंग गाइड तैयार की है। यह शॉपिंग गाइड आपके पालतू पशुओं के लिए खासतौर पर तैयार की गई है। यह गाइड आपको अपने प्यारे साथी के साथ पूरी धूमधाम से जश्न मनाने और उन्हें खुश करने के लिए डिज़ाइन की गई है। इसकी मदद से आप यह तय कर सकेंगे कि आपके हरदिल अजीज को बेस्ट से कम कुछ न मिले। नेशनल पेट डे के मौके पर सभी पालतू पशुओं को खाने में ऐसे प्रीमियम फूड मिलने चाहिए जो उनका दिल खुश कर दे, ऐसे खिलौने मिलें जो उन्हें भरपूर मजा दें, रोजमर्रा की जरूरत की ऐसी चीजें मिलें जो उन्हें भरपूर आराम दें, या फिए ऐसे विटामिन मिलें जो उन्हें सेहतमंद और फुर्तीला रखें।

## पाकिस्तान ने बैसाखी के मौके पर सिख श्रद्धालुओं के लिए 2,843 वीजा जारी किए

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान उच्चायोग ने मंगलवार को बताया कि उसने बैसाखी के मौके पर भारत के सिख श्रद्धालुओं के लिए 2,843 वीजा जारी किए हैं ताकि बैसाखी के उत्सव में उनकी भागीदारी को सुविधाजनक बनाया जा सके। द्विपक्षीय प्रोटोकॉल के प्रावधान के तहत हर वर्ष भारत से सिख और हिंदू तीर्थयात्री धार्मिक स्थलों की यात्रा पर पाकिस्तान जाते हैं। वहीं पाकिस्तानी तीर्थयात्री भी इस प्रोटोकॉल के तहत हर वर्ष भारत आते हैं। उच्चायोग ने बताया, नई दिल्ली में स्थित पाकिस्तान उच्चायोग ने बैसाखी के अवसर पर 13 से 22 अप्रैल तक पाकिस्तान में आयोजित होने वाले वार्षिक उत्सव में भाग लेने के लिए भारत के सिख तीर्थयात्रियों के लिए 2,843 वीजा जारी किए हैं। एक बयान के मुताबिक, तीर्थयात्री अन्य धार्मिक स्थलों के साथ-साथ गुरुद्वारा पंजा साहिब, गुरुद्वारा ननकाना साहिब और गुरुद्वारा करतारपुर साहिब की भी यात्रा कर सकेंगे।

# असम में बहुविवाह, बाल विवाह चुनावी मुद्दे नहीं : हिमंत

भाषा। तिताबोर (असम)

**असम के मुख्यमंत्री** हिमंत विश्व शर्मा ने कहा है कि मियां समुदाय में बहुविवाह, बाल विवाह और समुदाय से संबंधित अन्य विषय लोकसभा चुनाव में कोई मुद्दा नहीं हैं और वह इन समस्याओं को इसलिए उठा रहे हैं क्योंकि वह अल्पसंख्यकों के वोट नहीं, बल्कि सामाजिक बदलाव चाहते हैं।शर्मा ने जोरहाट के तिताबोर में पीटीआई-भाषा से साक्षात्कार के दौरान दावा किया कि असम में जिन 14 लोकसभा सीट पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) चुनाव लड़ रहा है, उनमें से तीन पर प्रतिस्पर्धा होगी जबकि राज्य की शेष 11 सीट पर भाजपा बड़े अंतर से जीत हासिल करेगी।उनसे पूछा गया कि मियां समुदाय के वोट की भाजपा को जरूरत नहीं होने के अपने पहले के रुख पर क्या उन्होंने फिर से गौर किया? इस पर शर्मा ने कहा, मैं हमेशा



कहता हूं कि वोट पाना एक अलग बात है। हम अल्पसंख्यक समुदाय के लिए वास्तविक विकास देखना चाहते हैं। अब, चाहे वे मुझे वोट दें या मैं उनसे वोट मांगूं - यह कोई मायने नहीं रखता। मियां मूल रूप से असम में बांग्ला भाषी मुसलमानों के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला, कथित तौर पर एक अपमानजनक शब्द है लेकिन हाल के वर्षों में, समुदाय के कार्यकर्ताओं ने प्रतिरोध स्वरूप इस शब्द को अपनाना शुरू कर दिया है। शर्मा ने कहा, मुख्य बात यह है कि समुदाय को समृद्ध होना चाहिए। यदि इस समुदाय में बहुविवाह प्रचलित है, तो वे कैसे समृद्ध होंगे? यदि बाल विवाह जारी रहेगा, तो वे कैसे समृद्ध होंगे? उन्होंने कहा कि इसी तरह, अगर लड़कियों को शिक्षा नहीं दी जाती है या संपत्ति के समान अधिकार नहीं दिए जाते हैं, तो मियां समुदाय समाज के अन्य वर्गों की तरह प्रगति नहीं कर पाएगा। शर्मा ने कहा, मदरसा शिक्षा बंद करें, छात्रों को सामान्य शिक्षा दिलाएं, बहुविवाह समाप्त करें, बाल विवाह रोकें, लड़कियों या महिलाओं को संपत्ति का समान अधिकार दें। मुख्यमंत्री ने कहा, मैं असम के अल्पसंख्यक क्षेत्रों में जा रहा हूं और मत पर चर्चा नहीं कर रहा, लेकिन मैं इन मुद्दों पर बात कर रहा हूं। आप मुझे इस चुनाव में विभिन्न अल्पसंख्यक क्षेत्रों का दौरा करते हुए देखेंगे और मैं केवल इन मुद्दों के बारे में बात करूंगा। यह पूछे जाने पर कि क्या बहुविवाह या बाल विवाह जैसे विषय चुनावी मुद्दे हैं, उन्होंने ना में जवाब दिया। उन्होंने कहा, ए मेरे लिए चुनावी मुद्दे नहीं हैं। ए ऐसे मुद्दे हैं जिनके माध्यम से हम असम में सामाजिक परिवर्तन ला सकते हैं। चुनाव तो चुनाव है, लेकिन मेरा लक्ष्य चुनाव से बड़ा है इसलिए मैं इन लक्ष्यों को हासिल करने के लिए चुनावी राजनीति का उपयोग कर रहा हूं। शर्मा ने पिछले साल अक्टूबर में कहा था कि भाजपा को अगले 10 साल तक चार क्षेत्रों के मियां लोगों के मतों की आवश्यकता नहीं होगी, जब तक कि वे बाल विवाह जैसी पुरानी प्रथाओं को छोड़कर खुद में सुधार नहीं कर लेते।

# भाजपा उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ रहे मेरे बेटे को जीतना नहीं चाहिए : एंटनी

**भाषा।** तिरुवनंतपुरम-पत्तनमथिट्टा

**कांग्रेस के वरिष्ठ** नेता एवं पूर्व रक्षा मंत्री ए के एंटनी ने मंगलवार को कहा कि केरल की पत्तनमथिट्टा लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ रहा उनका बेटा अनिल के. एंटनी चुनाव में जीतना नहीं चाहिए। एंटनी ने लंबे समय बाद अपनी चुप्पी तोड़ते हुए कहा कि उनके बेटे की पार्टी को हारना चाहिए और दक्षिण केरल निर्वाचन क्षेत्र में उसके प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस उम्मीदवार एंटो एंटनी को जबर्दस्त तरीके से जीतना चाहिए। एंटनी ने बेटे की



राजनीति के बारे में बार-बार पूछे गए सवालों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, कांग्रेस मेरा धर्म है। केरल के पूर्व मुख्यमंत्री ए के एंटनी (83) ने कहा कि उन्होंने मीडिया को संबोधित करने के लिए अपने स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों को दरकिनार कर दिया क्योंकि उन्हें लगा कि उन्हें बाहर आकर अपना रुख स्पष्ट करना चाहिए क्योंकि यह चुनाव भारत के विचार और उसके संविधान की रक्षा के लिए है। एंटनी ने कहा, ''यह करो या मरो की लड़ाई है। उन्होंने कहा कि वह स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के चलते कांग्रेस पार्टी के लिए प्रचार के वास्ते तिरुवनंतपुरम के बाहर नहीं जा पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भले ही वह पत्तनमथिट्टा में प्रचार के लिए नहीं जाएं, फिर भी एंटो एंटनी जीतेंगे। एंटनी ने कहा, मेरे लिए, परिवार और राजनीति अलग-अलग हैं। यह रुख नया नहीं है, मैंने केएसयू में अपने दिनों से ही इसे बरकरार रखा है'' केरल छात्र संघ (केएसयू) केरल में कांग्रेस का छात्र संगठन है।

## गोवा में काजू बागान में विस्फोट के बाद व्यवसाई गिरफ्तार

**भाषा।** पणजी

**उत्तरी गोवा जिले** के एक गांव में एक स्थानीय व्यवसाई के काजू बागान में हुए भीषण विस्फोट के बाद उसे मंगलवार को सुबह गिरफ्तार कर लिया गया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि सोमवार शाम अंसोलेम गांव में हुई घटना के बाद पूरे इलाके को सील कर दिया गया। उन्होंने बताया कि विस्फोटक विशेषज्ञों के साथ एक फोरेंसिक टीम मंगलवार को सुबह घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक जांच के अनुसार, अंसोलेम गांव में निजी काजू बागान के एक गोदाम में रखी जिलेटिन की छड़ में सोमवार रात करीब आठ बजे विस्फोट हो गया। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ लेकिन विस्फोट के कारण बागान के आसपास के कई मकानों में दरारें आ गईं और जहां विस्फोटक रखा गया था, वह ढांचा ढह गया। उन्होंने बताया कि विस्फोट की आवाज करीब चार किलोमीटर दूर स्थित वालपोई शहर तक भी सुनी गई।

## पुणे विवि के एक छात्र की लव-जिहाद के आरोप में पिटाई, पुलिस ने शुरू की जांच

**भषा।** पुणे

**महाराष्ट्र** के पुणे जिले में स्थित एक विश्वविद्यालय के 19 वर्षीय मुस्लिम छात्र पर लव-जिहाद में शामिल होने का आरोप लगाते हुए पांच अज्ञात व्यक्तियों ने उसकी कथित तौर पर पिटाई कर दी। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। चतुश्रृंगी पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना रविवार को दोपहर में हुई थी। उस दौरान राज्य सरकार द्वारा संचालित सावित्रीबाई फुले पुणे विश्वविद्यालय के परिसर में वह छात्र दो छात्राओं के साथ जा रहा था। उन्होंने कहा कि पुलिस ने अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और आरोपियों की पहचान करने के प्रयास किए जा रहे हैं। विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने कहा कि उन्होंने घटना की जांच के लिए एक समिति का गठन किया है। लव जिहाद दक्षिणपंथी कार्यकर्ताओं और संगठनों द्वारा इस्तेमाल किया जाने वाला शब्द है, जिसमें मुस्लिम पुरुषों द्वारा हिंदू महिलाओं से शादी कर उन्हें इस्लाम धर्म में परिवर्तित करने की साजिश रचने का आरोप लगाया जाता है। अधिकारी ने कहा कि यह छात्र अपनी दो महिला मित्रों के साथ खाना खाने के बाद वापस लौट रहा था।

# ईडी ने द्रमुक के पूर्व पदाधिकारी जाफर सादिक एवं अन्य लोगों के कई परिसर पर की छापेमारी

**भाषा।** चेन्नई

**प्रवर्तन निदेशालय** (ईडी) ने द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के पूर्व पदाधिकारी जाफर सादिक और अन्य के खिलाफ मादक पदार्थों की तस्करी से जुड़े धनशोधन मामले की जांच के तहत तमिलनाडु के कई शहरों में मंगलवार को छापेमारी की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि निदेशालय के अधिकारी केंद्रीय अर्धसैनिक बलों की मदद से धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के



प्रावधानों के तहत राज्य की राजधानी चेन्नई, मदुरै और तिरुचिरापल्ली में 25 परिसर की तलाशी ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि तलाशी के दौरान कुछ दस्तावेज और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त किए गए हैं। यह कार्वाई धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत दर्ज मामले में की जा रही है। सादिक, फिल्म निर्देशक अमीर और कुछ अन्य लोगों के परिसर पर छापेमारी की जा रही है। सादिक तमिल फिल्मों के निर्माता भी हैं। स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) ने अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ तस्करी गिरोह की जांच के सिलसिले में सादिक को पिछले महीने गिरफ्तार किया था। उन्हें 3,500 किलोग्राम स्यूडोएफेड्राइन की तस्करी में संलिप्तता के आरोप में गिरफ्तार किया गया था जिसका बाजार मूल्य दो हजार करोड़ रुपए से अधिक है।

# पम्बन ब्रिज : समुद्र पर बन रहे भारत के पहले वर्टिकल लिफ्ट ब्रिज के सामने घुमाव चुनौती

**भाषा।** नई दिल्ली

**देश की मुख्य** भूमि को रामेश्वरम द्वीप से जोड़ने के लिए बन रहे भारत के पहले वर्टिकल लिफ्ट ब्रिज के लिए घुमाव अतिरिक्त चुनौती पेश कर रहा है। इस पुल को बनाने के लिए रेलवे के समक्ष पहले ही तकनीकी और अशांत समुद्र की चुनौती थी। रेल विकास निगम लिमिटेड (आरवीएनएल) इस 2.08 किलोमीटर लंबे पुल का निर्माण कर रहा है। उसे पुल के उठाने योग्य हिस्से को ऊपर ले जाने वाले लिफ्ट स्पैन को



रामेश्वर तट से 450 मीटर दूर समुद्र तक पहुंचाने में बड़ी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है जो 72.5 मीटर लंबा, 16 मीटर चौड़ा और 550 टन वजनी है। आरवीएनएल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, हमने 10 मार्च को इस लिफ्ट स्पैन को आगे बढ़ाना शुरू किया और आज तक, हम 550 टन के लिफ्ट स्पैन को पुल के केंद्र की ओर 80 मीटर आगे बढ़ा चुके हैं। सबसे बड़ी चुनौती पुल का 2.65 डिग्री घुमाव है। अगर यह सीधा होता तो हम इसे तेजी से निश्चित स्थान पर पहुंचा पाते। विभिन्न बदलाव के कारण घुमावदार आकृति को समाहित करना आवश्यक था। अधिकारी ने बताया कि लिफ्ट स्पैन को उसके अंतिम बिंदु तक ले जाने का काम मई के अंत तक पूरा हो जाएगा और इसे अभी भी 370 मीटर आगे पहुंचाया जाना है। एक बार जब हम घुमावदार हिस्से को पार कर लेंगे तो हम और तेजी से काम कर सकेंगे। हमने इसे समुद्र में ले जाते समय बहुत सावधानी बरती है क्योंकि इसके आकार और वजन के मद्देनजर प्रत्एक चरण में बहुत सटीक

## लव यू शंकर से बढ़ेगी धार्मिक आस्था

**मुंबई।** एनिमेशन और वास्तविक किरदारों के अद्भुत संगम से बनी अनोखी फ़िल्म लव यू शंकरका बहुप्रतीक्षित ट्रेलर आज सोशल मीडिया पर रिलीज़ कर दिया गया। जिसे लोगों का काफ़ी अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। पौराणिकता और आधुनिकता के मेल से बनी लव यू शंकर धार्मिक आस्था, आपसी दोस्ती और रोमांच से भरपूर ऐसी मनोरंजक और जादुई कहानी को पेश करती है जिसे देखकर दर्शक पूरी तरह से मुग्ध हो जाएंगे। लव यू शंकरकी कहानी का ताना-बाना बनारस जैसे पवित्र व आध्यात्मिक शहर के रूप में मान्यता रखने वाले बनारस की पृष्ठभूमि में बुना गया है।

## क्विक न्यूज

### असम में एक लाख विद्यार्थियों ने अभिभावकों को वोट देने की अपील करते हुए भेजे पोस्टकार्ड

**गुवाहाटी।** असम के कामरूप जिले के एक लाख विद्यार्थियों ने मंगलवार को अपने माता-पिता को पोस्टकार्ड लिखकर आगामी लोकसभा चुनाव में अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने का आग्रह किया। कामरूप जिले मे चुनाव के मद्देनजर मां-देउतालोई वोटदानोर अहबान (माता-पिता से मतदान करने की अपील) नाम का एक अभियान चलाया गया है, जिसका लक्ष्य 100 प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करना है।कामरूप जिले मे सात मई को तीसरे चरण के अंतर्गत मतदान होना है।कामरूप जिला आयुक्त कीर्ति जल्ल ने कहा, हमे उम्मीद है कि बच्चो की सीधे अपने माता-पिता से अपील एक भावनात्मक प्रभाव उत्पन्न करेगी क्योकि यह वयस्कों को भावी पीढ़ी के प्रति जवाबदेह बनाता है। जिले के 526 शैक्षणिक संस्थानों के आठवी से 12 कक्षा तक के एक लाख विद्यार्थियो ने व्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं चुनावी भागीदारी (स्वीप) पहल के हिस्से के रूप मे पोस्टकार्ड लिखकर अपने माता-पिता से उनके बेहतर भविष्य, लोकतंत्र के सहभागी बनने और भारत के विकास के लिए चुनाव के दिन मतदान करने का आग्रह किया।पोस्टकार्ड डाक विभाग के सहयोग से पोस्ट किए जाएंगे ताकि वे 15 दिन के भीतर अभिभावकों तक पहुंच जाएं।विद्यार्थियों को पत्र प्राप्त होने पर अपने माता-पिता और पोस्टकार्ड के साथ सेल्फी अपलोड करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। जल्ली ने कहा कि कंप्यूटर और फोन की सबसे अधिक आदी पीढ़ी के लिए पत्र लिखने के मूल्य को विकसित करने के लिए लेखन अभ्यास बहुत ही जरूरी है।

### हौसले और जज्बे से भविष्य संवार रहीं हैं गांव की महिलाएं

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के दूरदराज गांवों से आने वाली निशा दहिया और स्वाति पटेल ने तमाम कठिनाइयों पर जीत हासिल करते हुए अमेजन इंडिया में नौकरी हासिल कर एक नया बेंचमार्क स्थापित किया है। यह अदाणी स्किल डेवलपमेंट सेंटर (एएसडीसी) द्वारा शुरू किए गए कौशल विकास पहल के कारण संभव हो पाया है। कटनी जिले के बैसवाही गांव की रहने वाली निशा ने इंटरमीडिएट तक की पढ़ाई की लेकिन घर की आर्थिक स्थिति ठीक ना होने के कारण आगे पढ़ाई ना कर सकीं। जून 2023 में उन्हें पता चला कि कैमोर में एएसडीसी द्वारा स्किल ट्रेनिंग कोर्स करवाए जा रहे हैं। निशा ने इस कोर्स में दाखिला ले लिया और सितंबर 2023 में कोर्स पूरा करने के बाद उन्हें अमेज़न इंडिया में वेयरहाउस एग्जीक्यूटिव की नौकरी मिल गई। अब वह हर महीने 18,000 रुपये कमाती हैं। घर का खर्च चलाने के अलावा निशा मानसून से पहले अपने घर की मरम्मत करवाना चाहती हैं। 22 साल की निशा दहिया हौंसले की जीती जागती मिसाल हैं। निशा की तरह, अमेज़न इंडिया में स्वाती पटेल ने भी नौकरी हासिल कर बुलंदी की नई दास्तान लिखी है। स्वाती भी मध्य प्रदेश के कटनी की रहने वाली हैं। खुद को सशक्त बनाने के लिए उन्होंने भी कैमोर में सक्षम सेंटर में वेयरहाउस पैकर का कोर्स किया और फिर उन्हें अमेज़न इंडिया में नौकरी मिल गई, जहां उनकी शुरुआती सैलरी करीब 13 हजार 500 रुपये है। उनकी बहन प्रियंका एक ब्यूटी थेरेपिस्ट के रूप में काम करती हैं और अपना पार्लर चलाती हैं। स्वाती की तरह, प्रियंका ने भी कैमोर स्थित सक्षम सेंटर से ब्यूटीशियन का कोर्स पूरा किया। स्वाति कहती हैं, मैं और मेरी बहन अदाणी फाउंडेशन की आभारी हैं, जिन्होंने हमें आर्थिक रूप से सुरक्षित और आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रशिक्षित किया।अदाणी फाउंडेशन के कार्यकारी निदेशक वसंत ग?वी ने कहा, कौशल विकास में निवेश करके, भारत अपने युवा कार्यबल, खासकर महिलाओं की क्षमता का उपयोग कर सकता है, रोजगार के अवसर पैदा कर सकता है और इनोवेशन व आर्थिक विकास को गति दे सकता है।

### संदेशखालि के पुलिस शिविर पर बदमाशों के हमले में कांस्टेबल गंभीर रूप से घायल

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखालि इलाके मे मंगलवार तड़के एक पुलिस शिविर पर अज्ञात बदमाशों द्वारा हमला किए जाने से एक कांस्टेबल गंभीर रूप से घायल हो गया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।अधिकारी ने बताया कि घायल पुलिस कांस्टेबल की पहचान संदीप साहा के रूप मे हुई है, जिसका शहर के एक अस्पताल मे इलाज किया जा रहा है और उसकी हालत बहुत गंभीर है।पुलिस अधिकारी ने पीटीआई-भाषा को बताया, साहा के सिर में गंभीर चोटे है और उसकी हालत इस समय बहुत गंभीर है। उन्होने कहा कि इलाके मे तृणमूल कांग्रेस के नेता के रूप मे जाने जा रहे तीन व्यक्तियो को सितालिया पुलिस शिविर मे साहा पर हमले मे कथित संलिप्तता के लिए गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि पुलिस ने इस संबंध मे स्वतः संज्ञान लेते हुए एक मामला दर्ज किया है।अधिकारी ने कहा कि शिविर मे मौजूद दो अन्य पुलिसकर्मियो को भी पीटा गया लेकिन उनकी चोटें गंभीर नही थी। उन्होने कहा कि शुरुआती जांच से पता चला है कि साहा का कुछ हफ्ते पहले इन तीनो के साथ झगड़ा हुआ था।अधिकारी ने कहा, यह हमले का कारण हो सकता है। हम गिरफ्तार तीनो से बात कर रहे है। शिविर मे दो अन्य पुलिसकर्मी भी ड्यूटी पर थे। हम उनसे भी बात कर रहे है।पश्चिम बंगाल मे राशन वितरण घोटाले के सिलसिले मे तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के निलंबित नेता शाहजहां शेख के आवास पर छापेमारी करने गए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियो के एक दल पर ग्रामीणो द्वारा हमला किए जाने के बाद से संदेशखालि सुर्खियो मे है।हाल ही मे तृणमूल कांग्रेस के स्थानीय नेताओ पर उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखालि मे महिलाओ का यौन उत्पीड़ करने और जमीन हड़पने के आरोप लगाए गए थे।

### टाटा समूह बढ़ाएगा जागरूकता

**मुंबई।** साधारण बीमा (जेनरलइंश्योरेंस) क्षेत्रकीप्रमुखकंपनियों में से एक, टाटा एआईजी जेनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, दुकान मालिकों में जागरूकता बढ़ाने के लिए आगे आई है, और कंपनी ने उनसे अप्रत्याशित घटना की स्थिति में महत्वपूर्ण सुरक्षा उपाय के रूप में दुकान बीमा (जिसे खुदरा बीमा के रूप में भी जाना जाता है) को प्राथमिकता देने का आग्रह किया है। विशेष रूप से आग, चोरी आदि जैसी दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं के मद्देनजरदुकान बीमा के महत्वपररोशनी डालते हुएकंपनी इस बात पर विचार कर रही है कि वह व्यवसायों की सुरक्षा में भागीदार कैसेबन सकती है। टाटा एआईजी की दुकान बीमा पॉलिसी किराने की दुकानों से लेकर इलेक्ट्रॉनिक दुकानों तक सभी आकार के व्यवसायों के लिए व्यापक सुरक्षा प्रदान करती है। आग और अन्य खतरों से मूलभूत सुरक्षा के अलावा, यह वैकल्पिक ऐड-ऑन कवर के माध्यम से विशिष्ट?रूरतोंकेअनुरूप सुरक्षा भी प्रदान करती है। । टाटाएआईजी जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के कार्यकारी उपाध्यक्ष और प्रमुख-एसएमई प्रणय शाह ने दुकान बीमा के बारे में कहा, हर साल दुकानदारों को आग तथा बाढ़ से लेकर चोरी और विभिन्न किस्म की दुर्घटनाओं तक कई तरह के जोखिमों का सामना करना पड़ता है।

### सीएए का इस्तेमाल क्या अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों के खिलाफ कार्वाई में हो सकता है: अदालत ने केंद्र से पूछा

**रांची।** झारखंड उच्च न्यायालय ने मंगलवार को केंद्र से यह बताने को कहा कि क्या राज्य के संथाल परगना क्षेत्र में रहने वाले बांग्लादेश के अवैध प्रवासियों के खिलाफ संशोधित नागरिकता अधिनियम (सीएए) के तहत कार्वाई की जा सकती है। अदालत का यह निर्देश तब आया जब वह एक जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही थी जिसमें अवैध रूप से राज्य में प्रवेश करने वाले बांग्लादेशियों के खिलाफ सीएए के तहत कार्वाई करने के लिए केंद्र सरकार को निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। सीएए को हाल ही में पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से 31 दिसंबर 2014 से पहले भारत आए गैर-मुस्लिम प्रवासियो को नागरिकता देने के लिए लागू किया गया था। न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद और न्यायमूर्ति अरुण कुमार राय की खंडपीठ डेनियल दानिश द्वारा दायर जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही थी ।

# इजराइल-हमास संघर्ष के कारण पैदा हुआ मानवीय संकट अमानवीय है: भारत

**भाषा।** संयुक्त राष्ट्र

**भारत ने** रमजान के महीने में गाजा में युद्धविराम की मांग करने वाले संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव को सकारात्मक कदम बताया और कहा कि इजराइल-हमास संघर्ष से पैदा हुआ मानवीय संकट बिल्कुल अस्वीकार्य है।

संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थाई प्रतिनिधि राजदूत रुचिरा कंबोज ने सोमवार को यहां संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक में कहा, हम गाजा में जारी संघर्ष से बेहद चिंतित हैं। मानवीय संकट गहरा गया है और क्षेत्र एवं उसके बाहर अस्थिरता बढ़ रही है।

उन्होंने कहा कि भारत संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद द्वारा 25 मार्च को एक प्रस्ताव पारित किए जाने को सकारात्मक कदम के रूप में देखता है।

कंबोज ने कहा कि इजराइल और हमास के बीच जारी संघर्ष के कारण बड़ी संख्या में नागरिक, विशेषकर महिलाएं और बच्चे मारे गए हैं। उन्होंने कहा, इस संघर्ष के कारण पैदा हुआ मानवीय संकट बिल्कुल भी स्वीकार्य नहीं है।

कंबोज ने कहा कि भारत संघर्ष में आम नागरिकों की मौत की कड़ी निंदा करता है और किसी भी संघर्ष की स्थिति में यह अनिवार्य है कि आम नागरिकों की मौत की घटनाएं नहीं हों।

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने रमजान के दौरान गाजा में तत्काल संघर्षविराम के प्रस्ताव को पिछले महीने पारित किया था। इजराइल और हमास के बीच संघर्ष के लगभग पांच महीने से अधिक बीतने के बाद यह प्रस्ताव पारित किया गया।

पंद्रह राष्ट्रों वाली सुरक्षा परिषद ने 10 गैर-स्थाई निर्वाचित सदस्यों द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव को अपनाया। प्रस्ताव के पक्ष में 14 देशों ने मतदान किया, जबकि अमेरिका मतदान में शामिल नहीं हुआ।

हालांकि, इससे कुछ दिन पहले ही 22 मार्च को रूस और चीन ने गाजा में तत्काल युद्धविराम संबंधी एक अमेरिकी प्रस्ताव पर वीटो का इस्तेमाल किया था।

इस प्रस्ताव के तहत गाजा में नागरिकों की सुरक्षा और भुखमरी का सामना कर रहे 20 लाख से अधिक फलस्तीनी लोगों को मानवीय सहायता पहुंचाने के लिए गाजा में इजराइल-हमास युद्ध को तत्काल रोके जाने का आह्वान किया गया था।

कंबोज ने रेखांकित किया कि संघर्ष को लेकर भारत के रुख को देश के नेतृत्व ने कई अवसरों पर स्पष्ट रूप से व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि आतंकवादी हमलों या बंधक बनाए जाने को किसी भी तरह उचित नहीं ठहराया जा सकता। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि पिछले साल सात अक्टूबर को इजराइल पर हुए आतंकवादी हमले चौंकाने वाले थे और हमारी स्पष्ट निंदा के पात्र थे।

कंबोज ने कहा, भारत का आतंकवाद के सभी स्वरूपों के खिलाफ लंबे समय से स्पष्ट रवैया रहा है और इस रुख में कोई बदलाव नहीं हुआ है। हम सभी बंधकों की तत्काल और बिना शर्त रिहाई की मांग करते हैं।

कंबोज ने क्षेत्र में शांति स्थापित करने की दिशा में काम करने में संयुक्त राष्ट्र और अंतरराष्ट्रीय समुदाय के प्रयासों का स्वागत किया और कहा कि भारत ने फलस्तीन के लोगों को मानवीय सहायता प्रदान की है और वह ऐसा करना जारी रखेगा।

# जलवायु लक्ष्यों को बाध्यकारी बनाने पर यूरोपीय अदालत का मिला जुला फैसला

**एपी।** स्ट्रासबर्ग (फ्रांस)

यूरोप की शीर्ष मानवाधिकार अदालत ने मंगलवार को दिए एक फैसले में कहा कि उसके सदस्य देशों का दायित्व है कि वे अपने नागरिकों को जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों से बचाएं। अदालत ने यह व्यवस्था सीनियर वुमेन फॉर क्लाइमेट प्रोटेक्शन की दो हजार स्विस महिला सदस्यों की याचिका पर दी।

हालांकि, अदालत ने छह पुर्तगाली युवाओं और फ्रांस के एक महापौर की दो अन्य याचिकाएं खारिज कर दी जिसमें सदस्य देशों को ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करने के अंतरराष्ट्रीय वादे को बाध्यकारी बनाने का अनुरोध किया गया था।

तीनों याचिकाओं में पक्ष रख रहे वकीलों को उम्मीद थी कि स्ट्रासबर्ग की अदालत व्यवस्था देगी कि पेरिस जलवायु समझौते के लक्ष्यों के अनुरूप, ग्लोबल वार्मिंग को पूर्व-औद्योगिक स्तरों से 1.5 डिग्री सेल्सियस (2.7 डिग्री फ़ारेनहाइट) तक सुनिश्चित करना राष्ट्रीय सरकारों का कानूनी कर्तव्य है। लेकिन यूरोपीय मानवाधिकार न्यायालय अध्यक्ष, न्यायाधीश सियोफ्रा ओलेरी ने मिला-जुला फैसला दिया।

पुर्तगाली वादियों में से एक सोफिया ओलिवेरा (19) ने कहा, मुझे वास्तव में उम्मीद थी कि हम सभी देशों के खिलाफ जीतेंगे, इसलिए जाहिर तौर पर मैं निराश हूं कि ऐसा नहीं हुआ।

उन्होंने कहा, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि स्विस महिलाओं के मामले में अदालत ने कहा है कि मानवाधिकारों की रक्षा के लिए सरकारों को अपने उत्सर्जन में और अधिक कटौती करनी चाहिए। तो, उनकी जीत हमारी भी जीत है, और सभी की जीत है।

मानवाधिकारों से संबंधित मौलिक संधि के संदर्भ में, अदालत ने पाया कि संधि की आठवीं अनुसूची में व्यक्तियों को देश की सरकार से उनके जीवन, स्वास्थ्य, कल्याण और जीवन की गुणवत्ता पर जलवायु परिवर्तन के गंभीर प्रतिकूल प्रभाव से सुरक्षा देने की मांग करने का अधिकार है।

यूरोपीय मानवाधिकार न्यायालय के फैसले यूरोपीय परिषद के सभी 46 सदस्य देशों के लिए कानूनी रूप से बाध्यकारी नहीं हैं, लेकिन वे एक कानूनी मिसाल कायम करते हैं जिसके आधार पर भविष्य के मुकदमों का फैसला किया जा सकता है।

यूरोपीय संघ का वर्तमान में 2050 तक जलवायु-तटस्थ (एक ऐसी अर्थव्यवस्था जिसमें शुद्ध-शून्य ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन हो) होने का लक्ष्य है। संघ के कई सदस्यों ने कहा है कि 2030 के लक्ष्य को पूरा करना आर्थिक रूप से संभव नहीं होगा। यूरोपीय संघ में स्विट्जरलैंड शामिल नहीं है।

जलवायु समूहों को भरोसा था कि 17 न्यायाधीश उनके पक्ष में फैसला सुनाएंगे, लेकिन मिश्रित निर्णय नीदरलैंड की शीर्ष अदालत द्वारा पहले दिए गए फैसले को कमजोर कर सकता है। नीदरलैंड के उच्चतम न्यायालय ने 2019 में सरकार को 1990 के मानक स्तर से 2020 के अंत तक उत्सर्जन में कम से कम 25 प्रतिशत कटौती करने का आदेश दिया था।

# बलूचिस्तान में हुए दो बम विस्फोट, तीन लोगों की मौत, 20 घायल

**भाषा।** कराची

**पाकिस्तान के** अशांत क्षेत्र बलूचिस्तान प्रांत में दो अलग-अलग बम विस्फोट हुए, जिसमें एक पुलिसकर्मी सहित तीन लोगों की मृत्यु हो गई तथा 20 अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पहली घटना के दौरान, सोमवार को प्रांत के क्वेटा जिले के कुचलक इलाके में एक मस्जिद में विस्फोट हुआ, जिसमें एक पुलिसकर्मी की मौत हो गई और 15 अन्य लोग घायल हो गए।

एक पुलिस अधिकारी ने बताया, जब मस्जिद में विस्फोट हुआ, उस समय लोग मग़रिब की नमाज पढ़ रहे थे। दूसरी घटना के दौरान, बलूचिस्तान के खुजदार शहर में उमर फारूक चौक के पास एक बाजार में सोमवार को हुए बम विस्फोट में दो लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि यह विस्फोट उस समय हुआ जब बाजार में ईद की खरीददारी करने के लिए महिलाओं और बच्चों की भीड़ थी।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, इस विस्फोट में दो लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। उन्होंने कहा कि सूचना मिलते ही पुलिस और अन्य कानून प्रवर्तन बल घटनास्थल पर पहुंचे। घायल व्यक्तियों और शवों को खुजदार टीचिंग अस्पताल ले जाया गया।

बम निरोधक दस्ते के अधिकारी दोनों स्थानों की जांच कर रहे हैं। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि उमर फारूक चौक और मस्जिद के पास खड़ी की गई मोटरबाइक में इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) लगाए गए थे।

अधिकारी ने कहा, ऐसा लगता है कि मोटरबाइक में लगाए गए आईईडी को रिमोट के जरिए नियंत्रित किया गया था।

बलूचिस्तान में हुए इस हमले की अब तक किसी भी प्रतिबंधित संगठन ने जिम्मेदारी नहीं ली है, लेकिन इस साल हाल के हफ्तों में प्रतिबंधित संगठनों और आतंकवादियों द्वारा प्रांत में कई आतंकी हमले किए गए हैं, जिसमें सुरक्षाबलों और प्रतिष्ठानों को भी निशाना बनाया गया है।

प्रतिबंधित बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी ने पिछले दिनों बलूचिस्तान के माच, ग्वादर बंदरगाह और तुरबत में एक नौसैनिक अड्डे पर तीन बड़े आतंकी हमले करने का दावा किया था। इस हमले में सुरक्षाबलों ने लगभग 17 आतंकवादियों को मार गिराया था।

## कराची का प्रशासन सेना को सौंपने की मांग

**भाषा।** कराची

**पाकिस्तान के** वित्तीय केंद्र कराची की सड़कों पर बढ़ते अपराध को देखते हुए सिंध प्रांत के विपक्ष ने शहर का प्रशासन सेना के हाथों में देने की मांग की है ताकि देश के सबसे बड़े शहर में जुर्म पर नकेल कसी जा सके।

विपक्षी मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट-पाकिस्तान (एमक्यूएम-पी) के नेताओं ने प्रांत में पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) की सरकार पर हमला करते हुए कहा कि कराची के निवासियों को आंतरिक सिंध के अपराधियों और डकैतों के रहम-ओ-करम पर छोड़ दिया गया है।

एमक्यूएम-पी के संयोजक मुस्तफा कमाल ने सोमवार को एक प्रेस वार्ता के दौरान कहा, मैं कराची को तीन महीने के लिए पाकिस्तानी फौज को सौंपने का आह्वान करता हूं ताकि अराजकता और सड़कों पर होने वाले जुर्म पर काबू पाया जा सके।

कराची पुलिस के आधिकारिक आंकड़े से पता चलता है कि इस साल अबतक शहर की सड़कों पर 16,000 से अधिक अपराधों को अंजाम दिया जा चुका है। अपराधियों द्वारा लूट का विरोध करने पर व्यक्ति की हत्या करने के मामले बढ़ रहे हैं जो सबसे ज्यादा चिंता की बात है।

मार्च में ऐसे अपराधियों ने 16 लोगों की हत्या कर दी थी जबकि इस साल 50 से ज्यादा लोगों का कत्ल किया जा चुका है।

सिंध उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश अकील अहमद अब्बासी ने शनिवार को कानून प्रवर्तन एजेंसियों को कराची में सड़कों पर होने वाले अपराध पर अंकुश लगाने और प्रांत के अन्य हिस्सों में सुरक्षा में सुधार करने के लिए अपराधियों, उनके आकाओं और मददगारों पर कार्वाई शुरू करने का आदेश दिया।

# बाइडन से मिलेंगे जापान के प्रधानमंत्री किशिदा, चीन सहित विभिन्न मुद्दों पर होगी चर्चा

**एपी।** वाशिंगटन



जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने अपनी बहु प्रतीक्षित अमेरिका यात्रा मंगलवार को शुरू की। माना जा रहा है कि किशिदा की यात्रा के दौरान प्रशांत महासागर क्षेत्र में चीन की बढ़ती आक्रामकता से जुड़ी साझा चिंता और जापानी कंपनी द्वारा अमेरिका की एक प्रसिद्ध स्टील कंपनी को खरीदने को लेकर जापान और अमेरिका के बीच सार्वजनिक हुए मतभेद के दुर्लभ मामले पर चर्चा होगी।

किशिदा और उनकी पत्नी बुधवार से शुरू हो रही आधिकारिक यात्रा और औपचारिक राजकीय रात्रिभोज से पहले मंगलवार शाम को व्हाइट हाउस में रुकेंगे क्योंकि राष्ट्रपति जो बाइडन दशकों पुराने सहयोगी का स्वागत करना चाहते हैं जिसे वह अपनी हिंद-प्रशांत नीति की आधारशिला के रूप में देखते हैं। 2021 में पदभार संभालने के बाद से किशिदा बाइडन द्वारा राजकीय रात्रिभोज से सम्मानित किए जाने वाले पांचवें विश्व नेता होंगे।

किशिदा व्हाइट हाउस पहुंचने से पहले मंगलवार को अर्लींगटन नेशनल सिमेट्री और यूएस चेंबर ऑफ कॉमर्स जाएंगे। बाइडन और किशिदा बुधवार को द्विपक्षीय वार्ता करेंगे और संयुक्त संवाददाता सम्मेलन करेंगे। इसके बाद प्रसिद्ध ईस्ट रूम में जापानी नेता को राजकीय रात्रिभोज देंगे।

किशिदा को बृहस्पतिवार को अमेरिकी कांग्रेस की संयुक्त बैठक को संबोधित करने के लिए आमंत्रित किया गया है। वह दूसरे जापानी नेता हैं जिन्हें यह सम्मान मिला है।

उनसे पहले 2015 में जापान के तत्कालीन प्रधानमंत्री शिंजो आबे ने कांग्रेस की संयुक्त बैठक को संबोधित किया था।

निप्पॉन स्टील ने दिसंबर में घोषणा की थी कि उसने अमेरिकी कंपनी यूएस स्टील को 14.1 अरब डॉलर का नकद भुगतान करके खरीदने की योजना बनाई है, जिससे यह चिंता बढ़ गई है कि इस लेनदेन का श्रमिकों, आपूर्ति श्रृंखलाओं और अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिहाज से क्या मायने हो सकते हैं। वाशिंगटन में जापान के राजदूत शिगियो यामादा ने इस पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया कि किशिदा अमेरिकी राष्ट्रपति के साथ चर्चा के दौरान निप्पॉन-यूएस स्टील सौदे से जुड़ा मुद्दा उठाएंगे या नहीं।

# गिलानी सीनेट के सभापति निर्वाचित हुए

**भाषा।** इस्लामाबाद

**पाकिस्तान पीपुल्स** पार्टी (पीपीपी) के वरिष्ठ नेता और पूर्व प्रधानमंत्री यूसुफ रज़ा गिलानी मंगलवार को सीनेट के सभापति और पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज़ (पीएमएल-एन) के सईद-अल खान नासिर उपसभापति निर्वाचित हुए। जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी के सांसदों के विरोध के बीच, इन दोनों पदों पर दोनों नेता निर्विरोध निर्वाचित हुए। इन दोनों पदों पर गिलानी और नासिर के अलावा किसी और ने नामांकन नहीं भरा था। सीनेट के सत्र की शुरुआत पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के सदस्यों के विरोध के बीच हुई। उनकी मांग थी कि खैबर पख्तूनख्वा (केपी) प्रांत में सीनेटर के चुनाव होने तक सत्र को स्थगित किया जाए। केपी में दो अप्रैल को चुनाव होना था लेकिन प्रांतीय विधानसभा के आरक्षित सदस्यों की शपथ को लेकर हुए विवाद की वजह से उसे टाल दिया गया। इस महीने की शुरुआत में इस्लामाबाद, पंजाब और सिंध में सीनेट के चुनाव हुए, लेकिन पीटीआई शासित केपी प्रांत की 11 सीट पर चुनाव नहीं हो सके, क्योंकि प्रांतीय विधानसभा अध्यक्ष बाबर सलीम स्वाति ने आरक्षित सीट पर विपक्षी सदस्यों को शपथ दिलाने से इनकार कर दिया था।

पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) ने इन सीट के आवंटन के लिए पीटीआई और सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल (एसआईसी) की याचिका को खारिज कर दिया था और इन सीट को पीपीपी, पीएमएल-एन और अन्य दलों को आवंटित कर दिया था।

सत्र शुरू होने के बाद 41 नवनिर्वाचित सीनेटर को शपथ दिलाई गई। सीनेट में सदस्यों की कुल संख्या 96 है, लेकिन फिलहाल 85 सीनेटर ही इसके सदस्य हैं क्योंकि केपी से 11 सीनेटर का चुनाव अभी लंबित है।

सभापति और उपसभापति के चुनाव के साथ सत्तारूढ़ गठबंधन ने सत्ता पर अपनी पकड़ और मजबूत कर ली है क्योंकि अब संसद के दोनों सदनों पर उसका नियंत्रण है। सीनेट पाकिस्तान की संसद का उच्च सदन है।

# जेल में इमरान खान की सुरक्षा पर 12 लाख रुपए महीने का खर्च: रिपोर्ट

**भाषा।** इस्लामाबाद

**पाकिस्तान में** रावलपिंडी की अडियाला जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की सुरक्षा पर हर महीने 12 लाख रुपए का खर्च आ रहा है।

जेल अधिकारियों की ओर से लाहौर उच्च न्यायालय में पेश की गई रिपोर्ट के मुताबिक, 71 वर्षीय खान को जेल परिसर के अंदर विशेष सुविधाएं प्रदान की गई हैं जिसमें पांच लाख रुपए की लागत से पृथक सीसीटीवी प्रणाली शामिल है। यह सात हजार कैदियों की निगरानी करने वाली प्रणाली से अलग है।

द एक्सप्रेस ट्रिब्यून की खबर के मुताबिक, खान का खाना सहायक अधीक्षक की निगरानी में एक अलग रसोई में पकाया जाता है और भोजन परोसे जाने से पहले मेडिकल अधिकारी या उपाधीक्षक उसकी जांच करते हैं। पूर्व प्रधानमंत्री के स्वास्थ्य की जांच और इलाज के लिए होली फैमिली हॉस्पिटल के छह से अधिक डॉक्टरों की टीम वहां मौजूद है। इसके अलावा एक विशेषज्ञ दल उनकी नियमित जांच करता है। खान के पास सात विशेष कोठरी में से दो हैं जबकि पांच अन्य कोठरियों को सुरक्षा कारणों से बंद रखा गया है। इन कोठरियों में करीब 35 कैदियों को रखा जाता है।

खान की कोठरी तक पहुंच सीमित है, प्रवेश के लिए अनुमति की जरूरत होती है और उनके वार्ड की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पेशेवर रूप से प्रशिक्षित कर्मियों को नियुक्त किया गया है। खान की सुरक्षा में 15 कर्मी लगे हैं, जिनमें दो सुरक्षा अधिकारी और तीन उनकी निजी सुरक्षा के लिए हैं। इसके अलावा, जेल परिसर में एक निर्दिष्ट क्षेत्र इमरान खान के टहलने के लिए निर्धारित किया गया है, जहां व्यायाम मशीन और अन्य सुविधाएं हैं।

रिपोर्ट में अडियाला जेल की सुरक्षा सुनिश्चित करने में जेल पुलिस, रेंजर्स और जिला पुलिस के सहयोगात्मक प्रयासों के बारे में जानकारी दी गई है।

## हैती पुलिस ने अपहृत मालवाहक जहाज मुक्त कराया

**एपी।** पोर्ट-ऑ-प्रिंस

**हैती की** राष्ट्रीय पुलिस एजेंसी ने कहा है कि उसने चावल से लदा एक अपहृत मालवाहक पोत गिरोहों के साथ पांच घंटे से अधिक समय की मुठभेड़ के बाद मुक्त करा लिया।

अधिकारियों ने एक बयान में कहा कि राजधानी पोर्ट-ऑ-प्रिंस के तट के पास शनिवार को हुई गोलीबारी में दो पुलिस अधिकारी घायल हो गए और गिरोह के कई सदस्य मारे गए।

पुलिस ने रविवार को बयान में कहा था कि दो गिरोहों के सदस्य अपहरण के लिए जिम्मेदार थे, जिनका नाम 5 सेकंड्स और तालिबान गैंग था।

उन्होंने कहा कि बृहस्पतिवार को बंदूकधारियों ने परिवहन जहाज मैगली को उस समय जब्त कर लिया था जब वह वररेक्स बंदरगाह से रवाना हुआ था।

# जर्मनी ने गाजा में नरसंहार के कृत्यों को बढ़ावा देने के आरोपों को किया खारिज

**एपी।** हेग

**जर्मनी ने** संयुक्त राष्ट्र की शीर्ष अदालत में निकारागुआ द्वारा दायर एक मामले में लगाए गए उन आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया, जिनमें कहा गया है कि गाजा पर घातक हमले के लिए इजराइल को हथियार एवं अन्य सहायता मुहैया कर बर्लिन जिनेवा समझौता और अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून के उल्लंघन को बढ़ावा दे रहा है। जर्मनी की कानूनी टीम के सदस्य क्रिस्टियन टैम्स ने अंतरराष्ट्रीय न्यायालय में 16 न्यायाधीशों के पैनल से कहा, निकारागुआ के आरोप बेबुनियाद हैं।

सोमवार को निकारागुआ ने न्यायाधीशों से इजराइल को जर्मन सैन्य सहायता रोकने का आग्रह करते हुए दलील दी थी कि बर्लिन के सहयोग ने गाजा में नरसंहार के कृत्यों और अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून के उल्लंघनों को बढ़ावा दिया।

जर्मन कानूनी टीम की प्रमुख तानिया वोन उसलार-ग्लेसेन ने कहा, निकारागुआ का दावा बेबुनियाद है। वे इजराइल द्वारा किए गए आकलन पर निर्भर हैं, जो इन कार्यवाहियों में पक्षकार नहीं है। सोमवार और मंगलवार को प्राथमिक सुनवाई अस्थाई उपायों के लिए निकारागुआ के अनुरोध पर मुख्य रूप से केंद्रित रही। इन उपायों में, इजराइल को सैन्य या अन्य सहायता रोकने के लिए बर्लिन को अदालती आदेश और गाजा में संयुक्त राष्ट्र की सहायता एजेंसी को वित्तपोषण फिर से शुरू करना शामिल है। टैम्स ने कहा कि जर्मनी ने अक्टूबर से इजराइल को हथियारों की केवल चार खेप निर्यात की हैं जिनमें से तीन परीक्षण एवं अभ्यास उपकरण से संबंधित हैं।

निकारागुआ का मामला गाजा पर इजराइली आक्रमण को रोकने की एक नवीनतम कानूनी कोशिश है। पिछले साल के आखिर में इसी अदालत में, दक्षिण अफ्रीका ने इजराइल पर नरसंहार का आरोप लगाया था।

सोमवार की सुनवाई में, नीदरलैंड में नियुक्त निकारागुआ के राजदूत कार्लोस जोस अरगुएलो गोमेज ने जर्मनी पर नरसंहार रोकने के अपने दायित्वों को पूरा करने या अंतरराष्ट्रीय कानून का पालन सुनिश्चित करने में नाकाम रहने का आरोप लगाया था।

इजराइल ने इस बात से इनकार किया है कि इसके हमले नरसंहार के कृत्य हैं। उसने कहा है कि हमास नीत चरमपंथियों के सात अक्टूबर को दक्षिणी इजराइल में हमला करने के बाद यह आत्मरक्षा में उठाया गया कदम है।

# शब्द याद नहीं आते? कला थेरेपी मानसिक स्वास्थ्य के लिए लाभदायक

**द कन्वरसेशन।** पश्चिमी सिडनी

**उपचार के** उद्देश्यों के लिए कला का उपयोग दुनिया भर में प्रथम राष्ट्र के लोगों की प्रथाओं से हजारों साल पुराना है। कला चिकित्सा शारीरिक स्वास्थ्य और भावनात्मक भलाई में सुधार लाने के लिए रचनात्मक प्रक्रियाओं, मुख्य रूप से दृश्य कला जैसे पेंटिंग, ड्राइंग या मूर्तिकला का उपयोग करती है।

जब लोग शारीरिक या मानसिक अस्वस्थता का सामना करते हैं, तो उनके अनुभवों को शब्दों में व्यक्त करना चुनौतीपूर्ण हो सकता है। कला चिकित्सक एक चिंतनशील कला-निर्माण प्रक्रिया के माध्यम से लोगों को जबरदस्त विचारों, भावनाओं और अनुभवों का पता लगाने और संसाधित करने में सहायता करते हैं। यह कला कक्षाओं से अलग है, जो अक्सर कलाकृति के तकनीकी पहलुओं, या अंतिम उत्पाद के सौंदर्यशास्त्र पर ध्यान केंद्रित करते हैं।

कला चिकित्सा का उपयोग शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य स्थितियों की एक विस्तृत श्रृंखला के उपचार में सहायता के लिए किया जा सकता है। इसे बेहतर आत्म-जागरूकता, सामाजिक संबंध और भावनात्मक विनियमन सहित लाभों से जोड़ा गया है और इसकी मदद से संकट, चिंता और यहां तक कि दर्द के स्तर को भी कम किया गया है।

इस सप्ताह जर्नल ऑफ मेंटल हेल्थ में प्रकाशित एक अध्ययन में, हमने पाया कि कला चिकित्सा अस्पताल-आधारित मानसिक स्वास्थ्य इकाई में बच्चों और किशोरों के लिए सकारात्मक परिणामों से जुड़ी थी।

जबकि टॉक थेरेपी में किसी व्यक्ति की भागीदारी कभी-कभी उनकी बीमारी की प्रकृति से प्रभावित हो सकती है, कला थेरेपी में मौखिक प्रतिबिंब वैकल्पिक है।

जहां संभव हो, एक कलाकृति खत्म करने के बाद, एक व्यक्ति कला चिकित्सक के साथ अपने काम के अर्थ का पता लगा सकता है, अनकही प्रतीकात्मक सामग्री का मौखिक प्रतिबिंब में अनुवाद कर सकता है।

हालाँकि, चिकित्सीय प्रक्रिया में बात करने वाला घटक चूंकि कम केंद्रीय है, कला चिकित्सा उन लोगों के लिए एक सुलभ विकल्प है जो अपने अनुभवों का वर्णन करने के लिए शब्द नहीं ढूंढ पाते हैं।

कला चिकित्सा ने उन लोगों के लिए बेहतर मानसिक स्वास्थ्य परिणामों का समर्थन किया है जिन्होंने आघात का अनुभव किया है, खाने के विकार, सिज़ोफ्रेनिया और मनोभ्रंश से पीड़ित लोगों के साथ-साथ ऑटिज्म से पीड़ित बच्चों के लिए भी। कला चिकित्सा को विभिन्न शारीरिक स्वास्थ्य स्थितियों वाले लोगों के लिए बेहतर परिणामों से भी जोड़ा गया है। इनमें कैंसर से पीड़ित लोगों में चिंता, अवसाद और थकान का निम्न स्तर, हृदय रोग के रोगियों के लिए बढ़ी हुई मनोवैज्ञानिक स्थिरता और मस्तिष्क की पीड़ादाई चोट का अनुभव करने वाले लोगों के बीच बेहतर सामाजिक संबंध शामिल हैं।

आर्ट थेरेपी अस्पताल में मरीजों के मूड और चिंता के स्तर में सुधार और उपशामक देखभाल वाले मरीजों में दर्द, थकान और अवसाद को कम करने से जुड़ी हुई है।

बच्चों और युवाओं सहित मानसिक अस्वस्थता हमारे समाज के लिए एक बड़ी चुनौती है। जबकि अधिकांश देखभाल समुदाय में होती है, युवाओं के एक छोटे से हिस्से को अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अस्पताल में देखभाल की आवश्यकता होती है।

इस माहौल में, ऐसी प्रथाएँ जो ऐसे रोगियों की गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाती हैं, जैसे कि एकांत या शारीरिक संयम, तत्काल शारीरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अंतिम उपाय के रूप में संक्षेप में उपयोग की जा सकती हैं। हालाँकि, ऐ प्रतिबंधात्मक प्रथाएँ रोगियों और स्वास्थ्य पेशेवरों के लिए अभिघातजन्य तनाव जैसे नकारात्मक प्रभावों से जुड़ी हैं। चिंता की बात यह है कि कर्मचारी मरीजों को सुरक्षित रखने के लिए विकल्पों की कमी की बात करते हैं। हालाँकि, प्रतिबंधात्मक प्रथाओं का उन्मूलन ऑस्ट्रेलिया और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं का एक प्रमुख उद्देश्य है। हमारे शोध में ऑस्ट्रेलिया में बच्चों और किशोरों के मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े अस्पताल के वार्ड के छह साल से अधिक के डेटा को देखा गया। हमने यह निर्धारित करने की कोशिश की कि क्या वार्ड में जब कला चिकित्सा की पेशकश की गई थी तो क्या प्रतिबंधात्मक प्रथाओं में कुछ कमी आई थी।

हमने कला चिकित्सा के प्रावधान और इकाई पर एकांतवास की कम आवृत्ति, शारीरिक संयम और शामक दवाओं के इंजेक्शन के बीच एक स्पष्ट संबंध पाया।

हमें इसका सटीक कारण नहीं पता। हालाँकि, कला चिकित्सा ने रोगियों के बीच गंभीर संकट के स्तर को कम कर दिया है, जिससे वे खुद को या दूसरों को नुकसान पहुँचाने का जोखिम कम कर सकते हैं, और इसे रोकने के लिए कर्मचारियों द्वारा प्रतिबंधात्मक प्रथाओं का उपयोग करने की संभावना कम हो सकती है।

जैसा कि कहा गया है, अस्पताल में प्रवेश में बातचीत-आधारित उपचारों और दवाओं सहित कई चिकित्सीय हस्तक्षेप शामिल होते हैं। चिकित्सीय हस्तक्षेप के प्रभाव की पुष्टि के लिए नियंत्रित नैदानिक परीक्षणों की आवश्यकता होती है जहां लोगों का यादृच्छिक रूप से एक या दूसरा उपचार किया जाता है।

यद्यपि हमारा अध्ययन एक अवलोकन संबंधी अध्ययन था, यादृच्छिक नियंत्रित परीक्षण युवा मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं में कला चिकित्सा के लाभों का समर्थन करते हैं। उदाहरण के लिए, 2011 के एक अस्पताल-आधारित अध्ययन में पाया गया कि नियंत्रण के मुकाबले कला और शिल्प से उपचारित समूह के किशोरों में अभिघातज के बाद के तनाव विकार के लक्षण कम थे।

# सनराइजर्स के आगे फीके पड़ गए किंग्स

● हैदराबाद ने पंजाब को 2 रनों से हराया

**मुल्लांपुर।** सनराइजर्स हैदराबाद ने मंगलवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के रोमांचक मैच में पंजाब किंग्स को दो रन से शिकस्त दी। इससे पहले हैदराबाद के युवा नीतिश कुमार रेड्डी की 37 गेंद में संयम से खेली गई 64 रन की अर्धशतकीय पारी की बदौलत मंगलवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में पंजाब किंग्स के खिलाफ नौ विकेट पर 182 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। पंजाब किंग्स के लिए बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 29 रन देकर चार विकेट अपनी झोली में डाले। हर्षल पटेल और सैम करन ने दो दो विकेट झटके जबकि कागिसो रबाडा को एक विकेट मिला। फिर भी सनराइजर्स हैदराबाद की टीम प्रतिस्पर्धी स्कोर बनाने में कामयाब रही। नीतिश ने अपनी पारी के दौरान चार चौके और पांच छक्के जड़े। उनके अलावा अब्दुल समद ने 12 गेंद में 25 रन और ट्रेविस हेड ने 15 गेंद में 21 रन का योगदान दिया। जयदेव उनादकट ने पारी की अंतिम गेंद का सामना करते हुए छक्का जड़ा। मैच की शुरुआत अजीब रही क्योंकि हेड पहली ही गेंद पर आउट हो जाते लेकिन रबाडा सुनिश्चित नहीं थे कि गेंद उनके बल्ले से लगी थी या नहीं। विकेटकीपर जितेश शर्मा ने हालांकि रिव्यू के लिए कहा लेकिन रबाडा की वजह से पंजाब किंग्स ने रिव्यू नहीं लिया। हालांकि रिप्ले में साफ दिख रहा था कि गेंद ने बल्ले को छूकर गई थी। हेड ने फिर तीसरे ओवर में रबाडा पर लगातार तीन चौके जड दिए जिससे इस ओवर में 16 रन जुड़े। इस जीवनदान का हेड हालांकि फायदा नहीं उठा सके और अर्शदीप की गेंद पर पंजाब किंग्स के कप्तान शिखर धवन ने पीछे की ओर दौड़ते हुए शानदार कैच लपककर उनकी पारी समाप्त की। पंजाब किंग्स के लिए यह बड़ा विकेट था और दो गेंद बाद ऐडन मार्कराम खाता खोले बिना पवेलियन पहुंच गए जिनका कैच विकेटकीपर ने लपका। अर्शदीप ने इस ओवर में दो विकेट झटक लिए। अभिषेक वर्मा ने सैम करन पर छक्का और चौका लगाया लेकिन वह इंग्लैंड के इस आल राउंडर की अगली गेंद पर एक और बड़ा शॉट लगाने के प्रयास में शशांक सिंह को कैच देकर आउट हो गए जिससे सनराइजर्स हैदराबाद का स्कोर पांचवें ओवर में तीन विकेट पर 39 रन हो गया। पंजाब किंग्स के गेंदबाजों के दबदबे से पावरप्ले में टीम तीन विकेट गंवाकर 40 रन ही बना सकी। इससे सनराइजर्स हैदराबाद ने अपनी योजना में बदलाव करते हुए राहुल त्रिपाठी को इम्पैक्ट खिलाड़ी के तौर पर उतारा जो हेड की जगह आए।



रेड्डी ने खेली 64 रन की पारी

### स्कोरबोर्ड

**सनराइजर्स हैदराबाद** :हेड का धवन बो अर्शदीप सिंह 21,अभिषेक का शशांक सिंह बो करन 16, मार्कराम का जितेश शर्मा बो अर्शदीप सिंह 00, रेड्डी का रबाडा बो अर्शदीप सिंह 64, त्रिपाठी को जितेश शर्मा बो पटेल 11, क्लासेन का करन बो पटेल 06, समद का पटेल बो अर्शदीप सिंह 25, अहमद नाबाद 14,पैट बो रबाडा 03,भुवनेश्वर का बेयरस्टो बो करन 06,उनादकट नाबाद 06,**अतिरिक्त** : 07,**कुल** : 20 ओवर में नौ विकेट पर 182 रन ,**विकेट पतन** :1-27, 2-27, 3-39, 4-64, 5-100,**गेंदबाजी** : रबाडा 4-0-32-1,अर्शदीप 4-0-29-4, करन 4-0-41-2,पटेल 4-0-30-2, बरार 4-0-48-0

# जीटी के लिए यशस्वी का फॉर्म चिंता का सबब

● लेकिन जीत की लय रखने उतरेंगे रॉयल्स



भाषा। जयपुर

**अब तक** अपराजेय राजस्थान रॉयल्स इंडियन प्रीमियर लीग में खराब दौर से जूझ रहे गुजरात टाइटंस के खिलाफ बुधवार को उतरेगी तो यशस्वी जायसवाल पर अच्छी पारी खेलने का दबाव होगा। रॉयल्स की शुरूआत शानदार रही है जिसने चार में से चारों मैच जीते हैं। लेकिन भारतीय टीम के लिए शानदार प्रदर्शन करने वाले जायसवाल चार मैचों में सिर्फ 39 रन ही बना सके हैं। उनके सलामी जोड़ीदार जोस बटलर ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ नाबाद शतक जमाकर फॉर्म में वापसी की है। कप्तान संजू सैमसन ने चार मैचों में 178 रन बनाए हैं जिसमें दो अर्धशतक शामिल हैं। रॉयल्स के लिए इस सत्र की खोज रियान पराग रहे हैं। गुवाहाटी के इस हरफनमौला ने अब तक 185 रन बना लिए हैं जिसमें दो अर्धशतक शामिल हैं। शिमरोन हेटमायर और ध्रुव जुरेल को मध्यक्रम में अच्छी पारियां खेलनी होंगी। राजस्थान के पास ट्रेंट बोल्ट और नांद्रे बर्गर के रूप में उम्दा तेज गेंदबाज हैं जबकि लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल का प्रदर्शन भी अच्छा रहा है। रविचंद्रन अश्विन का खराब फॉर्म हैरानी का सबब है जिन्होंने अभी तक चार मैचों में एक ही विकेट लिया है। दूसरी ओर गुजरात टाइटंस ने अभी तक पांच में से दो मैच जीते और तीन गंवाए हैं। शुभमन गिल की टीम हार की हैट्रिक से बचना चाहेगी लेकिन रॉयल्स के खिलाफ यह आसान नहीं होगा। लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ खराब प्रदर्शन करने वाले बल्लेबाजों को बेहतर खेल दिखाना होगा। गिल ने अभी तक पांच मैचों में 183 रन बनाए हैं। उनके सलामी जोड़ीदार बी साइ सुदर्शन अभी तक अर्धशतक नहीं बना सके हैं। गेंदबाजी में मोहित शर्मा और उमेश यादव ने अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन पंजाब किंग्स के शशांक सिंह और आशुतोष शर्मा जैसे गुमनाम बल्लेबाजों के सामने वे कोई प्रभाव नहीं छोड़ सके।

### अगले मैच से उपलब्ध हो सकता है मिलर: जॉनसन

**जयपुर।** गुजरात टाइटंस के ऑस्ट्रेलिया के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज स्पेंसर जॉनसन ने मंगलवार को कहा कि पिछले दो मैच से बाहर रहने वाले डेविड मिलर राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ टीम के अगले मैच से भी बाहर हो सकते है।टाइटंस की टीम मे फिनिशर की भूमिका निभाने वाले मिलर की गैरमौजूदगी में टीम ने पिछले दोनो मैच गंवाए है। वर्ष 2022 के चैंपियन और पिछले साल के उप विजेता टाइटंस को अपने पिछले दो मैच मे पंजाब किंग्स के खिलाफ तीन विकेट और लखनऊसुपर जाइंट्स के खिलाफ 33 रन से हार का सामना करना पड़ा और टीम को इस दौरान मिलर की आक्रामक बल्लेबाजी की कमी खली।

# टीम कल्चर बनाए रखना चाहता हूं : गायकवाड़

भाषा। चेन्नई

**महेंद्र सिंह धोनी ने** 2022 में ही रूतुराज गायकवाड़ को चेन्नई सुपर किंग्स की कप्तानी के लिए तैयार रहने के लिए कहा था और वह तभी से तैयार है हालांकि दोनों के बीच कप्तानी को लेकर गहरी बातचीत नहीं हुई। कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ सोमवार की रात मिली जीत में गायकवाड़ ने मोर्चे से कप्तानी की थी। उन्हें 22 मार्च को आईपीएल की शुरूआत के एक दिन पहले ही कप्तान बनाया गया। गायकवाड़ ने केकेआर पर सात विकेट से मिली जीत के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, ईमानदारी से कहूं तो इस बारे में गहरी बातचीत नहीं हुई। मैं इत्मीनान से था। सिर्फ एक बार बात हुई। हम अभ्यास कर रहे थे और उन्होंने मेरे पास आकर यह कहा। बाहर सभी को लगता होगा कि मुझे उनके जैसे महान खिलाड़ी की जगह लेना है लेकिन मेरा मानना है कि मेरी अपनी शैली होगी। मैं टीम कल्चर को बनाए रखना चाहता हूं। उन्होंने 2022 में मुझसे कहा था कि शायद अगले साल नहीं लेकिन उसके बाद मुझे कप्तानी करनी होगी तो उसके लिए तैयार रहूं। मैं उसके बाद से हमेशा से तैयार था। मैं पिछले साल भी हर मैच के बाद कोच स्टीफन फ्लेमिंग से कप्तानी के हर पहलू पर बात करता था। यह पूछने पर कि कप्तान के तौर पर वह क्या बदलाव लेकर आए हैं, उन्होंने कहा , मुझे नहीं लगता कि इसकी जरूरत है। मैं सीएसके का कल्चर बनाए रखना चाहता हूं। हमने इसके दम पर ही इतनी सफलता पाई है तो मैं कोई बदलाव नहीं चाहता।



### हम पिच को बेहतर भांप सकते थे : वरूण चक्रवर्ती

**चेन्नई।** कोलकाता नाइट राइडर्स के स्पिनर वरूण चक्रवर्ती ने कहा कि चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ आईपीएल के मैच में पिच को सही ढंग से पढ नही पाने का खामियाजा उनकी टीम को भुगतना पड़ा। पिछले दो मैचों की तुलना में इस मैच की पिच अलग थी। केकेआर नौ विकेट पर 137 रन ही बना सकी जिसे चेन्नई ने 14 गेंद बाकी रहते हासिल कर लिया। चक्रवर्ती ने मैच के बाद कहा , मैने जब विकेट को देखा तो यह सपाट लगा लेकिन यह पूरी तरह से अलग था। हम पिच को बेहतर भांप सकते थे क्योंकि शुरूआत में यह धीमी थी। गेंद से संपर्क करना कठिन था लेकिन मुझे लगा कि 160 का स्कोर ठीक रहता। इसके अलावा ओस भी थी। शिवम दुबे को जो मैने आखिरी ओवर डाला , उससे काफी फर्क पड़ा क्योंकि मै गेंद पर पकड़ नही बना पा रहा था। हमने हर बल्लेबाज के लिए योजना बनाई थी लेकिन अहम बात उन पर अमल करना था। हर टीम में कुछ बल्लेबाजो का दबदबा रहता है जिन पर रोक लगानी होती है।

### जोकोविच ने सबसे उम्रदराज नंबर एक खिलाड़ी का फेडरर का रिकॉर्ड तोड़ा

**लंदन।** नोवाक जोकोविच ने रोजर फेडरर का एक और रिकॉर्ड तोड़ दिया और एटीपी टूर की कम्प्यूटरीकृत रैंकिंग में नंबर एक पर रहने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए। जोकोविच अगले महीने 37 वर्ष के हो जाएंगे। फेडरर जून 2018 में जब आखिरी दिन रैंकिंग में शीर्ष पर थे तब वह जोकोविच से छोटे थे। जोकोविच को शीर्ष पर कुल 420 सप्ताह हो गए जबकि फेडरर 310 सप्ताह तक नंबर एक पर थे। जोकोविच ने पुरुष टेनिस के इतिहास में सर्वाधिक 24 ग्रैंडस्लैम जीते हैं। फेडरर के नाम 20 और रफेल नडाल के नाम 22 खिताब हैं। कोच गोरान इवानीसेविच से अलग होने के बाद जोकोविच पहला टूर्नामेंट 26 मई से फ्रेंच ओपन खेलेंगे।आस्ट्रेलियाई ओपन चैम्पियन यानिक सिनेर सोमवार को जारी रैंकिंग में दूसरे स्थान पर हैं जबकि स्पेन के कार्लोस अल्काराज तीसरे नंबर पर हैं। डब्ल्यूटीए रैंकिंग में इगा स्वियातेक शीर्ष पर, एरिना सबालेंका दूसरे और कोको गॉ तीसरे स्थान पर हैं।

### एफसी गोवा ने जमशेदपुर एफसी को हराया, अंक तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंचा

भाषा। जमशेदपुर

**पहले ही प्लेऑफ में** स्थान पक्का कर चुके एफसी गोवा ने मंगलवार को यहां रोमांचक मुकाबले में जमशेदपुर एफसी को 3-2 से शिकस्त दी और इंडियन सुपर लीग अंक तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गया। एफसी गोवा के 21 मैच में 42 अंक हो गए हैं और उसके मोहन बागान सुपर जायंट्स के बराबर अंक हैं लेकिन उसने कोलकाता की टीम से एक मैच ज्यादा खेला है। एफसी गोवा के लिए बोर्जा हेरेरा ने 90वें मिनट में विजई गोल दागा। उसके लिए अन्य दो गोल नौआ सादौई ने 21वें मिनट में और कार्लोस मार्टिनेज ने 28वें मिनट में किए। जमशेदपुर एफसी के लिए जापानी स्टार रेई टाचिकावा ने 17वें मिनट में गोल कर बढ़त दिलाई। इसके बाद सेमिनलेन डोंगेल ने 73वें मिनट में स्कोर 2-2 से बराबर किया। अब एफसी गोवा का सामना 14 अप्रैल को चेन्नइयिन एफसी से होगा जबकि जमशेदपुर एफसी का यह सत्र का अंतिम मैच था।

### रोनाल्डो पर लग सकता है दो मैच का प्रतिबंध

अबु धाबी। दिग्गज फुटबॉल क्रिस्टियानो रोनाल्डो को सऊदी सुपर कप सेमीफाइनल में अल हिलाल के खिलाफ अपनी टीम अल नासर की 1-2 की हार के दौरान विरोधी खिलाड़ी को कोहनी मारने के लिए सऊदी अरब मे पहली बार लाल कार्ड दिखाया गया और उन पर दो मैच का प्रतिबंध लग सकता है। पांच बार के बेलोन डियोर पुरस्कार विजेता रोनाल्डो दिसंबर 2022 मे अल नासर से जुड़े थे। अल हिलाल के डिफेंडर अली अल बुलाही को कोहनी मारने के लिए उन्हे 86वें मिनट मे लाल कार्ड दिखाकर मुकाबले से बाहर कर दिया गया। ।

### यह निक्हत का समय, लवलीना सक्रिय होने की जरूरतः फर्नांडिज

नई दिल्ली। भारत के पूर्व पुरुष मुक्केबाजी कोच ब्लास इग्लेसियस फर्नांडिज ने पूर्व विश्व चैंपियन निक्हत जरीन (50 किग्रा) को इस साल पेरिस ओलंपिक मे पदक का दावेदार बताया लेकिन उनका मानना है कि तोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा) की संभावना रिंग मे उनकी आक्रामकता के स्तर पर निर्भर करेगी। दो दशक से अधिक समय तक भारतीय पुरुष मुक्केबाजो को कोचिंग देने वाले क्यूबा के 68 वर्षीय फर्नांडिज को भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) ने दो साल के लिए हाई परफोर्मेंस कोच नियुक्त किया है। वह द्रोणाचार्य पुरस्कार हासिल करने वाले पहले और एकमात्र विदेशी कोच है।

### तीन टेस्ट के लिए न्यूजीलैंड का दौरा करेगी इंग्लैंड टीम

**लंदन।** इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने मंगलवार को ऐलान किया कि उनकी टीम 28 नवंबर से तीन टेस्ट के दौरे पर न्यूजीलैंड जाएगी। श्रृंखला का पहला मैच क्राइस्टचर्च में खेला जाएगा जबकि दूसरा मैच छह दिसंबर से वेलिंगटन और तीसरा 14 दिसंबर से हैमिल्टन मे होगा। दोनो टीमो की टेस्ट श्रृंखला मे टक्कर पिछले साल फरवरी मार्च मे हुई थी और दो मैचो की श्रृंखला ड्रॉ रही थी। न्यूजीलैंड ने दूसरा टेस्ट एक रन से और इंग्लैंड ने पहला टेस्ट 267 रन से जीता था। ए तीनो टेस्ट विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप का हिस्सा होगे जिसमे न्यूजीलैंड ने पहले सत्र मे आस्ट्रेलिया को हराया था। भारत इस बार नौ मे से छह टेस्ट जीतकर डब्ल्यूटीसी तालिका मे शीर्ष पर है जबकि आस्ट्रेलिया दूसरे और न्यूजीलैंड तीसरे स्थान पर है।

### शीर्ष रैंकिंग के खिलाड़ी जोकोविच मोंटे कार्लो मास्टर्स के तीसरे दौर में

**मोनाको।** शीर्ष रैंकिंग के सर्बियाई खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने मंगलवार को यहां रोमन सफ्यिूलिन पर 6-1, 6-2 की जीत से मोंटे कार्लो मास्टर्स के तीसरे दौर मे प्रवेश किया। जाकोविच को क्लेकोर्ट पर वापसी के दौरान मैच मे कोई भी ब्रेकप्वाइंट का सामना नही करना पड़ा। पिछले साल फ्रेंच ओपन जीतने के बाद यह सर्बियाई खिलाड़ी का पहला क्ले कोर्ट टूर्नामेंट है। अब जोकोविच का सामना फ्रांस के आर्थर फिल्स और लोरेंजो मुसेट्टी के बीच होने वाले मुकाबले के विजेता से होगा।

### मोंटे कार्लो मास्टर्स में नहीं खेलेंगे अल्कारेज

**मोनाको।** दो बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन कार्लोस अल्कारज दाहिने हाथ की मांसपेशियो मे चोट के कारण मंगलवार को क्ले कोर्ट टेनिस टूर्नामेंट मोंटे कार्लो मास्टर्स से हट गए।विबलडन चैंपियन अल्कारेज अपनी बांह पर पट्टी बांधकर साधारण ट्रेनिंग कर रहे थे और उन्होंने घोषणा की कि वह खेलने मे असमर्थ है।अल्कराज ने एक्स पर लिखा, मै मोंटे कार्लो मे ट्रेनिंग कर रहा था और उबरने की कोशिश कर रहा था।

# कैंडिडेट्स शतरंज : भारतीय अब भी दौड़ में

● नेपोम्नियाश्चि सबसे प्रबल दावेदार

भाषा। टोरंटो

**कैंडिडेट्स** शतरंज टूर्नामेंट में भारत के आर प्रज्ञानानंदा और डी गुकेश ने अभी तक अच्छा प्रदर्शन करके सभी को चौंका दिया है और शुरुआती दौर के कठिन मुकाबलों में अच्छी चुनौती पेश की। टूर्नामेंट में मंगलवार को विश्राम दिवस है। ए तीनों खिताब के दावेदार नहीं थे लेकिन गुकेश और प्रज्ञानानंदा ने शुरुआती कठिन मुकाबलों में अच्छा प्रदर्शन किया है विदित गुजराती के बारे में हालांकि यह बात नहीं कही जा सकती जो एक सप्ताह पहले भारतीयों में सबसे प्रबल दावेदार था। उन्होंने दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी हिकारू नकामूरा को हाल ही में हराया था। टूर्नामेंट के 14 में से चार दौर हो गए हैं और रूस के इयान नेपोम्नियाश्चि चार में से तीन अंक लेकर शीर्ष पर हैं। रूस पर लगे प्रतिबंध के कारण वह फिडे के ध्वज तले खेल रहे हैं। उन्होंने गुजराती और फ्रांसके फिरोजा अलीरजा को हराया। अमेरिका के फेबियानो कारूआना और गुकेश उनसे आधा अंक पीछे हैं। प्रज्ञानानंदा चौथे स्थान पर है जबकि गुजराती, अलीरजा, नकामूरा और अबासोव। . 5 अंक के साथ उनसे पीछे है।



### ग्रैंडमास्टर बरूआ और ठिप्से ने कहा, कैंडिडेट्स शतरंज में भारतीय खिलाड़ियों का प्रदर्शन संतोषजनक

**टोरंटो।** भारतीय ग्रैंडमास्टर दिब्येंदु बरूआ और प्रवीण ठिप्से यहां प्रतिष्ठित कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट मे अब तक आर प्रज्ञानानंदा की अगुआई मे देश के पांच खिलाड़ियो के प्रदर्शन से काफी प्रभावित है।कैंडिडेट्स टूर्नामेंट मे चार दौर के खेल के बाद मंगलवार को आराम का दिन है। चार दौर के बाद पुरुष वर्ग में रूस के इयान नेपोमनियाची शीर्ष पर है। भारत के डी गुकेश संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर है जबकि प्रज्ञानानंदा और विदित गुजराती संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर हैं। टूर्नामेंट मे अब भी 10 दौर का खेल बाकी है। बरूआ का मानना है कि महिला वर्ग मे टूर्नामेंट की सबसे कम रैंकिंग वाली और सबसे युवा खिलाड़ी बुल्गारिया की नुर्गयुल सेलिमोवा के खिलाफ पहली हार के बावजूद कोनेरू हंपी वापसी कर सकती है। विश्वनाथन आनंद के बाद ग्रैंडमास्टर बनने वाले दूसरे भारतीय शतरंज खिलाड़ी और तीन बार के राष्ट्रीय चैंपियन बरूआ ने पीटीआई से कहा, विदित वापसी कर सकता है और गुकेश भी अच्छे अंक जुटा सकता है। मै हंपी को अभी दौड़ से बाहर नही मानूंगा, उसमे क्षमता और जीतने की इच्छा शक्ति है, अगले कुछ दिनो मे हमे इस बारे मे पता चलेगा। महिला वर्ग मे आर वैशाली संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर है जबकि हंपी डेढ़ अंक के साथ संयुक्त रूप से छठे स्थान पर फिसल गई है।ग्रैंडमास्टर ठिप्से ने कहा कि भारतीय खिलाड़ियो के पास अच्छा मौका है।

# दक्षिण क्षेत्र 133 रन पर सिमटा, पूर्वी क्षेत्र के स्टंप तक पांच विकेट पर 108 रन

भाषा। पुणे

**टिटास** साधु और दीप्ति शर्मा के चार चार विकेट की बदौलत पूर्वी क्षेत्र ने मंगलवार को यहां सीनियर महिला अंतर क्षेत्रीय मल्टीडे फाइनल के शुरूआती दिन दक्षिण क्षेत्र को 133 रन पर समेट दिया। हालांकि पूर्वी क्षेत्र की टीम लचर बल्लेबाजी के कारण स्टंप तक पांच विकेट पर 108 रन बनाकर पहली पारी के हिसाब से 25 रन से पिछड़े रही है। बंगाल की 19 साल की साधु ने दक्षिण क्षेत्र की शीर्ष चार बल्लेबाजों को आउट कर 30 रन देकर चार विकेट झटके। दीप्ति ने भी अपनी ऑफ स्पिन का जादू दिखाते हुए 28 रन देकर चार विकेट हासिल किए जिससे दक्षिण क्षेत्र की टीम 54.5 ओवर में 133 रन पर सिमट गई। हालांकि पूर्वी क्षेत्र की टीम इसका फायदा नहीं उठा सकी और आधी टीम के पवेलियन पहुंचने से स्टंप तक उसका स्कोर पांच विकेट पर 108 रन था। मीनू मणि ने 38 रन और सुनंदा एत्रेकर ने 16 रन देकर दो दो विकेट झटके। स्टंप तक झारखंड की बल्लेबाज दुर्गा मुर्मु 22 रन बनाकर खेल रही थी।

### खेल से जुड़े सामानों की यूपी में बढ़ रही मांग

**लखनऊ।** पूरे देश में आईपीएल का बुखार जोरों पर है। यूपी की अपनी टीम एलएसजी की लगातार जीत से यूपी के लोग भी उत्ससहित हैं। प्रदेश में जबसे खेलों को बढ़ावा मिला है खेल से जुड़े सामानों की मांग भी बढ़ रही है। ये मांग ऑनलाइन माध्यम से ज्यदा हो रही है। इसमें फिटनेस के लिए लोगों में क्रेज भी बढ़ा हैं। इसलिए फिटनेस से जुड़े सामानों की मांग खूब हो रही है।

### मालविका, पंडा बहनें बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप के मुख्य ड्रॉ में

**निंगबो ( चीन )।** उभरती हुई भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी मालविका बंसोड़ ने मंगलवार को यहां अपने दोनों मुकाबले जीतकर बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप के महिला एकल के मुख्य ड्रॉ में जगह बनाई। मालविका ने पहले यूएई की नूरानी राजू अजाहरा को 21-18, 21-10 से हराने के बाद उज्बेकिस्तान की सोफिया जाकिरोवा को 21-4, 21-5 से शिकस्त देकर ग्रुप बी क्वालीफाइंग में अपने दोनों मैच जीते। दुनिया की 50वें नंबर की खिलाड़ी 22 वर्षीय मालविका बुधवार को पहले दौर के मुकाबले में दक्षिण कोरिया की सिम यू जिन से भिड़ेंगी। पंडा बहनों रुतपर्णा और श्वेतपर्णा ने भी ग्रुप ए क्वालीफाइंग में अपने दोनों युगल मुकाबले जीतकर मुख्य ड्रॉ में प्रवेश किया जहां उनकी भिड़ंत शू शियान झैंग और यू झेंग की चीन की जोड़ी से होगी।

# चुनौतीपूर्ण होती है चोटें, वापसी कर खुश हूं: मीराबाई

**नई दिल्ली।** ओलंपिक रजत पदक विजेता मीराबाई चानू ने हाल में विश्व कप में सबसे कम वजन उठाया था लेकिन वह अपने प्रदर्शन से खुश हैं क्योंकि चोट से निपटने के बाद महज एक महीने की ट्रेनिंग से वह वापसी करने में सफल रहीं। पेरिस ओलंपिक में अब सिर्फ चार महीने का समय बचा है। चानू ने एशियाई खेलों में चोटिल होने के बाद अपनी पहली प्रतियोगिता में हिस्सा लिया और 184 किग्रा (81 किग्रा , 103 किग्रा) के कुल प्रयास से आईडब्ल्यूएफ विश्व कप में 12वां स्थान हासिल किया। वह चीन की होऊझीर्ड से 33 किग्रा पीछे थीं जो पेरिस में अपना ओलंपिक खिताब बचाने की कोशिश करेंगी। चानू ने पीटीआई से साक्षात्कार में कहा, मैं प्रतिस्पर्धा में वापसी कर काफी खुश थी। अभी तक सब ठीक है, चोट से अच्छी तरह उबर गई हूं। मैं



70 प्रतिशत ट्रेनिंग कर रही हूं। महज एक महीने की ट्रेनिंग के बाद चानू 49 किग्रा वजन वर्ग में बारबेल उठाने में सफल रहीं। उन्होंने कहा, मुझे अच्छा लगा। चोटिल होने के बाद मैंने चार-पांच महीने बाद वजन उठाया था जिससे मेरा आत्मविश्वास बढ़ा है। उन्होंने कहा, भारोत्तोलन अलग है, इसमें हमेशा भय बना रहता है कि अब क्या होगा। मैं आत्मविश्वास से भरी थी क्योंकि मैं चोट से तेजी से उबरने में कामयाब रही। चानू सिर्फ एशियाई खेलों का पदक हासिल नहीं कर पाई हैं। वह ओलंपिक, विश्व चैम्पियनशिप, राष्ट्रमंडल खेल और एशियाई चैम्पियनशिप के पदक अपने नाम चुकी हैं। एशियाई खेलों के 2022 चरण में वह हिप टेंडोनाइटिस (कूल्हे की चोट) लगा बैठी थीं। इसके बाद 29 साल की इस भारोत्तोलक के लिए समय काफी चुनौतीपूर्ण रहा क्योंकि वह सिर्फ अपर बॉडी का व्यायाम ही कर सकती थीं और भावनात्मक समर्थन के लिए अपनी मां पर निर्भर थीं। उन्होंने कहा, जब हम एशियाई खेलों से लौटे तो डॉक्टरों ने कहा कि मुझे आराम की जरूरत है। लेकिन इसके बाद भी यह ठीक नहीं हुई। मुझे बैठने में दर्द होता था। चोट से हमेशा मानसिक परेशानी होती है। आप भविष्य के बारे में सोचते रहते हो। क्या मैं ट्रेनिंग कर पाऊंगी? चानू ने कहा, मेरी मां यहां मेरे साथ रहीं। इससे मुझे बहुत मदद मिली। मैंने अपने दिमाग को शांत किया। उन्होंने कहा, अभी ट्रेनिंग शुरू ही की है। मुश्किल से एक महीना हुआ है। इसे देखते हुए मैंने अच्छा प्रदर्शन किया। लेकिन अब हम जानते हैं कि मुझे क्या काम करना है और क्या करने की जरूरत है। सब कुछ ठीक चल रहा है और अगर चीजें ठीक रहीं तो मैं पेरिस में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करूंगी। पहलवान सुशील कुमार और बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू ही ओलंपिक में भारत के लिए व्यक्तिगत खेलों में लगातार पदक जीत सके हैं। मुख्य कोच विजय शर्मा ने कहा, रोज की ट्रेनिंग से निर्धारित होगा कि पेरिस में प्रदर्शन कैसा रहेगा।

### पेरिस खेलों के लिए आइफिल टॉवर पर दिखेंगी ओलंपिक रिंग

**पेरिस।** पेरिस ओलंपिक के आयोजकों ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि इस महाकुंभ के शुरू होने की 100 दिन की उलटी गिनती के लिए आइफिल टॉवर पर ओलंपिक रिंग प्रदर्शित की जाएंगी। ओलंपिक की 29 मीटर लंबी (95 फुट) और 15 मीटर (49 फुट) ऊंची पांच रिंग पुर्नचक्रित स्टील से बनी होंगी। ए रिंग 135 साल पुरानी ऐतिहासिक आइफिल टॉवर के सीन नदी की ओर दक्षिणी हिस्से मे लगाई जाएंगी। 26 जुलाई को सूर्यास्त के समय उद्घाटन समारोह में करीब 10,500 एथलीट फ्रांस की राजधानी के बीच से सीन नदी में नाव पर बैठकर छह किमी (3.7 मील) की दूरी तय करेंगे। 26 जुलाई से 11 अगस्त तक होने वाले पेरिस ओलंपिक और इसके बाद पैरालंपिक मे आइफिल टॉवर आकर्षण का केंद्र होगी।

### हार की हैट्रिक से बचना चाहेगी भारतीय हॉकी टीम

पर्थ। पिछले दो मैच गंवा चुकी भारतीय पुरूष हॉकी टीम पांच टेस्ट मैचो की श्रृंखला के तीसरे मैच मे बुधवार को जब आस्ट्रेलिया के खिलाफ उतरेगी तो उसका लक्ष्य हार की हैट्रिक से बचने का होगा। पेरिस ओलंपिक की तैयारी के लिए महत्वपूर्ण इस श्रृंखला में भारत को पहले मैच में। -5 और दूसरे मे 2 -4 से पराजय का सामना करना पड़ा। इस दौरे से भारतीय टीम को अपनी ताकत और कमजोरियो का पता चलेगा। पहले दोनो मैच मे आस्ट्रेलिया ने भारत के डिफेंस को दबाव में रखा। कप्तान हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई मे भारतीय डिफेंडरो ने पहले दो मैचो मे कई आसान गोल और पेनल्टी कॉर्नर गंवाए। वही फॉरवर्ड पंक्ति विरोधी खेमे मे हमले नही बोल सकी।

### शंघाइ-सुझोऊमें सत्र की शुरूआत करेंगे श्रीशंकर

**नई दिल्ली।** लंबी कूद के शीर्ष भारतीय खिलाड़ी मुरली श्रीशंकर ओलंपिक वर्ष मे सत्र की शुरूआत शंघाईसुझोऊऔर दोहा मे क्रमशः 27 अप्रैल और 10 मई को लगातार दो डाइमंड लीग मीट मे हिस्सा लेकर करेंगे। पच्चीस वर्षीय श्रीशंकर पिछले साल नौ जून को पेरिस चरण मे तीसरे स्थान के साथ डाइमंड लीग मे शीर्ष तीन मे रहने वाले तीसरे भारतीय बने थे। उनसे पहले ओलंपिक चैंपियन भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा और पूर्व चक्का फेंक खिलाड़ी विकास गौड़ा यह उपलब्धि हासिल कर चुके है। श्रीशंकर ने पिछले साल हांगझोउ एशियाई खेलो मे रजत पदक जीता था लेकिन 2023 बुडापेस्ट विश्व चैंपियनशिप मे क्वालीफाइंग दौर से बाहर हो गए थे। इंस्पायर इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट्स (आईआईएस) ने एक्स पर बताया कि श्रीशंकर 2024 सत्र की शुरूआत शंघाई डाइमंड लीग से करेंगे और फिर कतर मे दोहा डाइमंड लीग मे हिस्सा लेंगे।

### जीन किंग कप में भारत की जीत के साथ शुरूआत

चांगशा (चीन)। रूतुजा भोसले और अंकिता रैना की आसान जीत की बदौलत भारतीय टीम ने मंगलवार को यहां बिली जीन किंग कप (बीजेकेसी) टेनिस टूर्नामेंट के पहले दिन पैसीफिक ओसियाना के खिलाफ 3-0 की आसान जीत दर्ज की।रूतुजा ने बेहद एकतरफा मुकाबले मे बिना एक भी गेम गंवाए फिजी की तरानी केमोई को 6-0 6-0 से हराया।भारत की नंबर एक महिला एकल खिलाड़ी अंकिता ने इसके बाद फिजी की ही साओरसे ब्रीन को 6-1 6-3 से हराकर भारत को विजई बढ़त दिलाई।महज औपचारिकता के युगल मुकाबले मे श्रीवल्ली रश्मिका भामीदिपति और प्रार्थना थोंबारे की भारतीय जोड़ी ने मेहेतिया बूसी और रूबी कोफिन को 6-1 6-1 से हराकर टीम की 3-0 से जीत सुनिश्चित की।

### ऐश्वर्या का एशियाई चैंपियनशिप का कांस्य रजत में बदलेगा

**नई दिल्ली।** शीर्ष भारतीय एथलीट ऐश्वर्या मिश्रा का एशियाई चैंपियनशिप 2023 की 400 मीटर स्पर्धा का कांस्य पदक रजत पदक मे बदलेगा क्योंकि इस स्पर्धा मे शुरूआत मे दूसरे स्थान पर रही उज्बेकिस्तान की फरीदा सोलिएवा डोप परीक्षण मे विफल रही है। पिछले साल बैंकॉक मे एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप के दौरान 13 जुलाई को लिए गए सोलिएवा के मूत्र के नमूने मे प्रतिबंधित पदार्थ मेल्डोनियम पाया गया है और डोपिंग से निपटने के लिए अंतरराष्ट्रीय महासंघ की इकाई एथलेटिक्स इंटीग्रिटी यूनिट (एआईयू) ने उस तरीख से उनके सभी नतीजों को अमान्य कर दिया है। एआईयू ने कहा, एआईयू ने प्रतिबंधित पदार्थ (मेल्डोनियम) की मौजूदगीइस्तेमाल के लिए 13 सितंबर 2023 से फरीदा सोलिएवा को तीन साल के लिए प्रतिबंधित किया है। 13 जुलाई 2023 से उनके सभी नतीजो को अमान्य किया जाता है। सोलिएवा 52.95 सेकेंड के समय के साथ दूसरे स्थान पर रही थी जबकि ऐश्वर्या ने 53.07 सेकेंड के साथ तीसरा स्थान हासिल किया था।

### न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 श्रृंखला के लिए आमिर, इमाद की पाकिस्तान टीम में वापसी

लाहौर। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास का फैसला बदलने वाले तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर और बाएं हाथ के स्पिनर इमाद वसीम की 18 अप्रैल से न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच की श्रृंखला के लिए पाकिस्तान की 17 सदस्ईय टीम मे वापसी हुई है। दस दिन तक चलने वाली इस श्रृंखला के तीन मैच रावलपिंडी जबकि दो मैच लाहौर मे खेले जाएंगे। स्पॉट फिक्सिंग के आरोप मे दोषी पाए जाने के बाद इंग्लैड मे कुछ समय के लिए जेल की सजा भी काटने वाले आमिर ने पिछला अंतरराष्ट्रीय मुकाबला 2020 मे खेला था और फिर दुनिया भर मे टी20 लीग मे खेलने के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया था। उन्होंने तत्कालीन कोच मिसबाह उल हक और वकार यूनिस के साथ मतभेद के कारण यह कदम उठाया था।

### सनराइजर्स से जुड़े विजयकांत व्यासकांत

**नई दिल्ली।** सनराइजर्स हैदराबाद ने मंगलवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मौजूदा सत्र में चोटिल वानिंदु हसरंगा की जगह श्रीलंका के युवा लेग स्पिनर विजयकांत व्यासकांत को टीम में शामिल किया। श्रीलंका के लिए एक टी20 अंतरराष्ट्रीय खेलने वाले 22 वर्षीय विजयकांत लेग स्पिनर हसरंगा के समान विकल्प है। विजयकांत 50 लाख रूपए के आधार मूल्य पर सनराइजर्स से जुड़े है। आईपीएल ने एक बयान मे कहा, सनराइजर्स हैदराबाद ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 के बाकी मुकाबलो के लिए चोटिल वानिंदु हसरंगा के विकल्प के रूप मे विजयकांत व्यासकांत को अनुबंधित किया है। पिछले साल 2016 के चैंपियन सनराइजर्स ने हसरंगा को डेढ़ करोड़ रूपए मे खरीदा था लेकिन बाएं पैर की एड़ी मे दर्द के कारण वह इस साल आईपीएल से बाहर हो गए।

### खेल मंत्रालय के निलंबन के खिलाफ डब्ल्यूएफआई की याचिका पर जवाब देने का निर्देश

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने निलंबन के खिलाफ भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) की याचिका पर जवाब देने का केंद्र सरकार को निर्देश दिया है। जस्टिस सुब्रमण्यम प्रसाद ने केंद्रीय खेल और युवा कार्य मंत्रालय को नोटिस जारी करके चार सप्ताह के भीतर याचिका पर जवाब देने के लिए कहा है। मामले की अगली सुनवाई 28 मई को होनी है। केंद्र ने 24 दिसंबर 2023 को नए पदाधिकारियो के चुनाव के बाद डब्ल्यूएफआई को फैसले लेते समय अपने ही संविधान के प्रावधानो का पालन नही करने की वजह से निलंबित कर दिया था। डब्ल्यूएफआई के लिए सीनियर एडवोकेट डी कृष्णन ने कहा कि महासंघ को अनिश्चित काल के लिए निलंबित करने से पहले कोई कारण बताओ नोटिस जारी नही किया गया था। उन्होंने कहा कि यह डब्ल्यूएफआई के संवैधानिक प्रावधानो और राष्ट्रीय खेल कोड का उल्लंघन करता है जिसमे कहा गया है कि इस तरह की कार्वाई से पहले कारण बताओ नोटिस देना जरूरी है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गाँगुली द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ए, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाषः 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। प्रधान संपादक : शोबोरी गाँगुली, स्थानीय सम्पादकः प्रदीप तिवारी।
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।
मुख्य व्यवसायिक कार्यालय- 201-205 द्वितीय मंज़िल, प्रताप भवन, 5,बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष:011-69342500।